वर्ष 10 अंक 201
पृष्ठ 12
नई दिल्ली, बुधवार
30 अप्रैल 2025
मूल्यः 4 रुपये


# नेशनल एक्सप्रेस

हर खबर समय पर






nationalexpressindia | nationalexpressindia | www.nationalexpress.co.in

DELHIN/ 2015 / 65411
डाक पंजीयन सं. -DL(S)-17/3531/2018-20



03 उपराज्यपाल सक्सेना और मुख्यमंत्री रेखा ने मुनक नहर और हैदरपुर...
06 सुरक्षा और संवेदना के दोराहे पर 'ऑपरेशन कगार'
11 तेंदुलकर सहित क्रिकेट दिग्गजों ने की सूर्यवंशी की सराहना















## प्रधानमंत्री मोदी ने राजनाथ, डोभाल और तीनों सेनाओं के प्रमुखों के साथ बैठक की अध्यक्षता की



**नयी दिल्ली,** (भाषा) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल और तीनों सेनाओं के प्रमुखों सहित शीर्ष रक्षा अधिकारियों के साथ एक बैठक की अध्यक्षता की।

इस बैठक में प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान भी शामिल हुए। यह बैठक पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में भारत द्वारा उठाए जाने वाले संभावित कदमों पर विचार किए जाने के बीच हुई।

पहलगाम के लोकप्रिय पर्यटन स्थल बैसरन में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले में कम से कम 26 लोग मारे गए थे, जिनमें से अधिकतर पर्यटक थे।

प्रधानमंत्री मोदी ने इस हमले में शामिल आतंकवादियों और उनके आकाओं का ''पृथ्वी के अंतिम छोर तक'' पीछा करने और उन्हें ''उनकी कल्पना से परे'' कड़ी से कड़ी सजा देने का आह्वान किया है।

पहलगाम हमला जम्मू-कश्मीर में नागरिकों पर पिछले कई वर्षों में हुआ सबसे घातक हमला है, जिसे लेकर पूरे देश में आक्रोश की लहर है और हमलावरों तथा उनके आकाओं के खिलाफ कठोर जवाबी कार्रवाई की मांग उठ रही है।

प्रधानमंत्री की कठोर टिप्पणियों और राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दों पर उनकी सरकार के कड़े रुख के कारण भारत की ओर से करारी जवाबी कार्रवाई की उम्मीदें बढ़ गई हैं।

मोदी सरकार ने 2016 में उरी में सेना के जवानों पर आतंकवादी हमले के बाद पाकिस्तान के अंदर 'सर्जिकल स्ट्राइक' की थी। उसने पुलवामा में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के काफिले को निशाना बनाए जाने के बाद पाकिस्तान के बालाकोट में आतंकवादी ठिकानों पर हवाई हमला किया था।

पहलगाम हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कई कदम उठाए हैं, जिनमें पड़ोसी देश के साथ सिंधु जल संधि को स्थगित करना भी शामिल है।

सूत्रों ने बताया कि इससे पहले दिन में केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन ने एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें तीनों सेनाओं के प्रमुख और दो अन्य सुरक्षा संगठनों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए थे।

बैठक के एजेंडे पर कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं आई है।

## राहुल का रायबरेली व अमेठी का दो दिवसीय दौरा शुरू वंचितों को सौर ऊर्जा से चलने वाली गाड़ियां सौंपी

**रायबरेली,** (भाषा) कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली और अमेठी लोकसभा क्षेत्र के दो दिवसीय दौरे की शुरुआत की। राहुल ने रायबरेली में वंचितों को सौर ऊर्जा से चलने वाली गाड़ियां वितरित कीं।

राहुल मंगलवार सुबह लखनऊ हवाई अड्डे पर उतरे, जहां कांग्रेस की राज्य इकाई के प्रमुख अजय राय, राष्ट्रीय महासचिव एवं उप्र प्रभारी अविनाश पांडे, विधानसभा में कांग्रेस विधायक दल की नेता आराधना मिश्रा 'मोना' और अमेठी के सांसद केएल शर्मा सहित अन्य पार्टी नेताओं ने उनका स्वागत किया। इसके बाद राहुल सड़क मार्ग से रायबरेली के लिए रवाना हो गए।

राहुल ने रायबरेली पहुंचने पर 'विसाका इंडस्ट्रीज' में दो मेगावाट के सौर छत संयंत्र और 'इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशन' का उद्घाटन किया। उन्होंने इस अवसर पर वंचितों को एक गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) द्वारा दान की गईं सौर ऊर्जा से चलने वाली करीब एक दर्जन गाड़ियां भी सौंपीं।

पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष अजय राय ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''राहुल गांधी का उत्तर प्रदेश, रायबरेली और अमेठी से पुराना रिश्ता है तथा इस क्षेत्र के साथ गांधी परिवार के पारिवारिक संबंध हैं।''



राहुल गांधी ने मंगलवार सुबह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को एक पत्र लिखकर पहलगाम आतंकी हमले पर चर्चा के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाने का अनुरोध किया।

हमले में 26 लोग मारे गए थे, जिनमें से अधिकतर पर्यटक थे। उन्होंने कहा कि पहलगाम त्रासदी ने हर भारतीय को झकझोर दिया है। राहुल ने पत्र में कहा, ''हम अनुरोध करते हैं कि ऐसा विशेष सत्र जल्द से जल्द बुलाया जाए।'' राहुल ने रायबरेली में सिविल लाइंस चौराहे पर सुभाष चंद्र बोस की एक प्रतिमा का उद्घाटन किया और फिर बचत भवन में आयोजित दिशा (जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति) की बैठक में भाग लिया।

उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने दिशा की बैठक में शामिल होने के बाद पत्रकारों से बातचीत में कांग्रेस नेता के इरादों पर आलोचनात्मक टिप्पणी की। सिंह ने राहुल पर केवल मीडिया का ध्यान आकर्षित करने के लिए बैठक में भाग लेने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, 'वह (राहुल गांधी) केवल सुर्खियां बनाने के लिए आते हैं। रास्ते में, वह जलेबी खाने या मोची की दुकान पर बैठने के लिए रुक सकते हैं क्योंकि इससे वह मीडिया की सुर्खियों में आते हैं।' राहुल बुधवार को अमेठी का दौरा करेंगे।

## दिल्ली में स्कूल फीस विनियमित करने के विधेयक को मंजूरी; उल्लंघनकर्ता पर लगेगा भारी जुर्माना

**नयी दिल्ली,** (भाषा) दिल्ली के मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय राजधानी के निजी और सरकारी स्कूलों में फीस को विनियमित करने के प्रावधान वाले एक विधेयक को मंगलवार को मंजूरी दे दी। इस फैसले से हर साल मनमाने ढंग से फीस बढ़ाने का मुद्दा उठाने वाले अभिभावकों को बड़ी राहत मिलेगी।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सरकार के निर्देशों का पालन न करने पर स्कूलों पर एक लाख रुपये से लेकर 10 लाख रुपये तक का कठोर जुर्माना लगाया जाएगा। गुप्ता ने इस कदम को ''साहसिक व ऐतिहासिक'' करार देते हुए कहा कि भाजपा सरकार दिल्ली स्कूल शिक्षा पारदर्शिता निर्धारण एवं शुल्क विनियमन विधेयक, 2025 को पारित करने के लिए तत्काल दिल्ली विधानसभा का सत्र बुलाएगी।

शिक्षा मंत्री आशीष सूद के साथ मौजूद मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले दिनों इस मुद्दे पर व्यापक रूप से चर्चा हुई और कुछ स्कूलों की गतिविधियों व फीस वृद्धि के नाम पर छात्रों के ''उत्पीड़न'' की शिकायतों के कारण अभिभावकों में ''घबराहट'' थी। उन्होंने कहा, ''दिल्ली की पिछली सरकारों ने फीस वृद्धि को रोकने के लिए कोई प्रावधान नहीं किया। निजी स्कूलों द्वारा फीस वृद्धि को रोकने में सरकार की मदद करने के लिए कोई दिशानिर्देश नहीं था।''



सूद ने कहा कि विधेयक में स्कूल, जिला व राज्य स्तर पर तीन स्तरीय समितियों के गठन का प्रस्ताव है। इससे स्कूल फीस निर्धारित करने की प्रक्रिया में बहुत जरूरी पारदर्शिता वसंरचना आएगी और अभिभावकों को अनियमित बढ़ोतरी से बचाया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि पूरी प्रक्रिया समयबद्ध होगी, ताकि अभिभावकों को किसी तरह की परेशानी न हो।

शिक्षा मंत्री के अनुसार, पहले स्तर पर प्रत्येक स्कूल एक स्कूल स्तरीय फीस विनियमन समिति का गठन करेगा। उन्होंने कहा कि इस समिति में स्कूल प्रबंधन के अध्यक्ष, सदस्य सचिव के रूप में प्रिंसिपल, तीन शिक्षक व पांच अभिभावक शामिल होंगे, जिनमें एससी/एसटी समुदाय के सदस्य और कम से कम दो महिलाएं शामिल होंगी जबकि शिक्षा निदेशालय से एक नामित व्यक्ति पर्यवेक्षक के रूप में काम करेगा।

### "भाजपा की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का कड़ा फैसला"

सूद ने कहा कि स्कूल अब मनमाने ढंग से फीस नहीं बढ़ा सकेंगे तथा कोई भी बढ़ोतरी हर तीन साल में एक बार ही की जाएगी और वह भी इस समिति की मंजूरी के बाद। उन्होंने कहा, ''फीस बढ़ाने का फैसला 18 महत्वपूर्ण मापदंडों पर आधारित होगा, जिसमें कक्षाओं व इमारतों की स्थिति, स्कूल के वित्तीय भंडार और विज्ञान प्रयोगशालाओं, पुस्तकालयों व खेल के मैदानों की गुणवत्ता शामिल है।'' शिक्षा मंत्री ने कहा कि इन मानकों का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि अगर फीस बढ़ोतरी को मंजूरी दी जाती है, तो यह वास्तविक बुनियादी ढांचे या सेवा सुधारों के आधार पर उचित हो। सूद ने घोषणा की कि ये स्कूल-स्तरीय समितियां 31 जुलाई तक गठित की जाएंगी और उन्हें 30 दिन में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी।

उन्होंने कहा, ''अगर स्कूल-स्तरीय समिति समय पर अपनी सिफारिश प्रस्तुत करने में विफल रहती है, तो मामला जिला स्तरीय समिति को भेज दिया जाएगा। अगर फिर भी समाधान नहीं होता है, तो सात सदस्यों वाली एक राज्य स्तरीय समिति को अंतिम निर्णय लेने का अधिकार दिया जाएगा।''

## शिक्षा प्रणाली को आधुनिक बनाने की दिशा में काम कर रही सरकार: प्रधानमंत्री मोदी

नयी दिल्ली, (भाषा) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि देश के भविष्य के लिए युवाओं को तैयार करने में शिक्षा प्रणाली एक अहम भूमिका निभाती है और सरकार इसे आधुनिक बनाने की दिशा में काम कर रही है।

प्रधानमंत्री मोदी ने यहां भारत मंडपम में 'युग्म' नवाचार सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि विचार (आइडिया) की 'प्रोटोटाइप' से 'प्रोडक्ट' तक की यात्रा कम से कम समय में पूरी होना जरूरी है।

एआई, क्वांटम कंप्यूटिंग, एडवांस्ड एनालिटिक्स, अंतरिक्ष तकनीक, स्वास्थ्य तकनीक और सिंथेटिक जीव विज्ञान को लगातार बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल देते हुए मोदी ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के विकास और अपनाने में भारत की अग्रणी स्थिति पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, ''किसी भी देश का भविष्य उसकी युवा पीढ़ी पर निर्भर होता है, इसलिए यह जरूरी है कि हम अपने युवाओं के भविष्य के लिए और उन्हें भारत के उज्ज्वल भविष्य के लिए तैयार करें।''

प्रधानमंत्री ने कहा कि इसमें बड़ी भूमिका देश की शिक्षा प्रणाली की भी होती है, इसलिए हम देश की शिक्षा प्रणाली को 21वीं सदी की जरूरतों के मुताबिक आधुनिक बना रहे हैं। उन्होंने कहा, ''हमने विकसित भारत के लक्ष्य के लिए अगले 25 वर्षों की समयसीमा तय की है। हमारे पास समय सीमित है, लक्ष्य बड़े हैं।



इसलिए जरुरी है कि हमारे विचार (आइडिया) की 'प्रोटोटाइप' से 'प्रोडक्ट' तक की यात्रा भी कम से कम समय में पूरी हो।'' मोदी ने कहा कि प्रयोगशाला से बाजार की दूरी कम करके अनुसंधान के परिणाम लोगों तक तेजी से पहुंचते हैं और अनुसंधानकर्ताओं को प्रोत्साहन मिलता है। उन्होंने कहा, ''इससे अनुसंधान, नवाचार और मूल्य संवर्धन के चक्र में तेजी आती है।''

प्रधानमंत्री ने एक मजबूत अनुसंधान तंत्र की जरूरत बताई और शिक्षण संस्थानों, निवेशकों एवं उद्योग से अनुसंधानकर्ताओं का समर्थन करने को कहा। विश्व के सबसे लंबे 'हाइपरलूप' परीक्षण ट्रैक, भारतीय रेलवे के सहयोग से आईआईटी मद्रास में विकसित 422 मीटर लंबे 'हाइपरलूप' के चालू होने जैसे मील के पत्थरों का हवाला देते हुए प्रधानमंत्री ने नैनो-स्केल पर प्रकाश को नियंत्रित करने के लिए आईआईएससी बेंगलोर के वैज्ञानिकों द्वारा विकसित नैनो प्रौद्योगिकी और आणविक फिल्म में 16,000 से अधिक चालन अवस्थाओं में डेटा को संग्रहीत और संसाधित करने में सक्षम 'ब्रेन ऑन ए चिप' प्रौद्योगिकी जैसी अभूतपूर्व उपलब्धियों की सराहना की। उन्होंने कुछ सप्ताह पहले ही भारत की पहली स्वदेश निर्मित एमआरआई मशीन के विकास को रेखांकित किया।

प्रधानमंत्री ने कहा, ''हमारे शास्त्रों में कहा गया है- परं परोपकारार्थं यो जीवति स जीवति अर्थात जो दूसरों की सेवा और परोपकार के लिए जीवन समर्पित करता है, वही वास्तविक जीवन जीता है।'' उन्होंने कहा कि पीएम ई-विद्या और दीक्षा मंचों के तहत 'वन नेशन, वन डिजिटल एजुकेशन इंफ्रास्ट्रक्चर' का निर्माण किया गया है जिसका इस्तेमाल देश की 30 से ज्यादा भाषाओं और 7 विदेशी भाषाओं में पाठ्य पुस्तक तैयार करने के लिए हो रहा है।

मोदी ने कहा कि 'नेशनल क्रेडिट फ्रेमवर्क' के जरिए छात्रों के लिए अलग-अलग विषयों को एक साथ पढ़ना आसान हो गया है, यानी भारत के विद्यार्थियों को अब आधुनिक शिक्षा मिलनी शुरू हुई है, उनके कॅरियर के लिए नए रास्ते बन रहे हैं।




# भविष्य में विधान परिषद व विधान मंडलो मे होने जा रहे आरक्षण के लिए महिलाओं को नेतृत्व करने के लिये तैयार किया जा रहा हैं : सुशीला सराफ

### अग्रवाल वैश्य समाज की महिला अध्यक्षा का सम्मान समारोह आयोजित, 11 मई को प्रदेश स्तरीय बैठक कैथल मे होगी





**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

नारनौल 27 अप्रैल॥ महिलाओं को सामाजिक व राजनीतिक क्षेत्र में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए महिलाओं को घर के चूल्हे-चोके तक सीमित नहीं होना चाहिए ये बात आज ने स्थानीय अग्रवाल सभा मे जिला स्तरीय सम्मान समारोह मे अग्रवाल वैश्य समाज की महिला अध्यक्ष सुशीला सराफ कही। प्रदेश महिला अध्यक्षा सुशीला सर्राफ का फूल माला व पटका पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर सुशीला सर्राफ ने अपने संबोधन में कहा आज महिलाएं हर क्षेत्र में उन्नति कर रही है। पुरानी कुरीतियों का विरोध करते हुए श्रीमती सराफ ने कहॉ कि अग्रवाल वैश्य समाज नारी शक्ति की सामाजिक व राजनीतिक क्षमता को बढ़ाने के लिए प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला के नेतृत्व व मार्गदर्शन में महिला सशक्तिकरण का संकल्प कार्य रूप में परिणित किया जा रहा है। हरियाणा में महिला सशक्तिकरण के लिये कई नवाचार हुए और अनेक शीवीरो व सम्मेलनों के माध्यम से समाज की महिलाओं मे आत्म शक्ति पैदा की जा रही है। महिलाओं सशक्तिकरण के लिए भविष्य में विधान परिषद व विधान मंडलो मे होने जा रहे आरक्षण के लिए महिलाओं को नेतृत्व करने के लिये तैयार किया जा रहा हैं ताकि आरक्षण में वैश्य समाज की महिलाओं को भी लाभ मिल सके। श्रीमती सराफ ने नारी सम्मान पर जोर देते हुए कहा कि जहॉ सम्मान होगा अपराध अपने-आप कम हो जायेंगे और नारी स्वयमेव सुरक्षित हो जाएगी। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष संदीप नूनीवाला ने कहा की सुशीला सर्राफ फतेहाबाद से चलकर नारनौल महिलाओं को उत्साह व जागृति देने के लिए पहुंची है। हमें उनके बताएं मार्ग पर चलना चाहिए। श्रीमती सराफ ने कहा की 11 मई को प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक कैथल मे होगी। नूनीवाला ने कहा कि अग्रवाल वैश्य समाज युवाओं व महिलाओं को राजनीतिक व सामाजिक क्षेत्र में आगे लाने के लिए एक आंदोलन चलाए हुए हैं जिसमें हमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। अग्रवाल वैश्य समाज की जिला महिला अध्यक्ष पूनम गोयल ने भी प्रदेश अध्यक्षा का स्वागत करते हुऐ कहा कि प्रदेश भर महिलाओं को एक सुत्र मे बांधने का प्रयत्न सुशीला सराफ जी कर रही है हम उनके प्रयासों की सराहना करते है और समाज को सशक्त बनाने के लिए उनका पूरा सहयोग करेंगे । इस अवसर पर अग्रवाल वैश्य समाज के प्रदेश युवा महामंत्री रवि गर्ग उर्फ मोनू भाटा,जिला महासचिव जगमोहन गर्ग, जिला उपाध्यक्ष सीताराम सर्राफ,तुलसी गोयल,मोहित जिंदल, राजकुमार चौधरी एडवोकेट, जिला कोषाध्यक्ष संजय गोयल, उमेश मित्तल, पुरानचंद सिंघल,जिला युवा अध्यक्ष चिराग गर्ग, धर्मेंद्र सिंघल, कार्तिक अग्रवाल, निखिल जैन, संजय मित्तल, जिला महिला उपाध्यक्ष मधु गोयल, रचना अग्रवाल, नीता गुप्ता, जिला कोषाध्यक्ष रितु गोयल, सुनीता गोयल, नीरू गर्ग, रेनू गोयल, पूजा जैन, रेखा सिंघल आदि उपस्थित थी।

# रायबरेली सांसद राहुल गांधी की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति (दिशा) की बैठक सम्पन्न

### बैठक में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में घटित दुखद घटना के पीड़ितों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त करने हेतु रखा गया दो मिनट का मौन

**नेशनल एक्सप्रेस**








रायबरेली - सदस्य लोकसभा संसदीय क्षेत्र रायबरेली अध्यक्ष दिशा समिति राहुल गांधी एवं संसद सदस्य लोकसभा संसदीय क्षेत्र अमेठी सह-अध्यक्ष दिशा समिति किशोरी लाल एवं राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने बचत भवन सभागार में जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति दिशा की बैठक की। बैठक में जिले के विकास से जुड़े सभी बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। बैठक में जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति (दिशा) से सम्बन्धित समस्त योजनाओं का बिन्दुवार प्रस्तुतीकरण किया। मा0 अध्यक्ष ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना (मनरेगा), प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम, स्वच्छ भारत मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम, प्रधानमंत्री कृषि सिचाई योजना, मध्यान्ह भोजन योजना, समेकित बाल विकास कार्यक्रम, प्रधानमंत्री उज्वला योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,समग्र शिक्षा अभियान, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, दीनदयाल उपाध्याय-ग्रामीण कौशल योजना, डिजिटल इण्डिया-भू अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम, अवस्थापना सम्बन्धी कार्यक्रम, समन्वित ऊर्जा विकास कार्यक्रम, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, जल प्रबन्धन कार्यक्रम, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओं, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना सहित अन्य योजनाओं पर गम्भीरतापूर्वक चर्चा की गई।

सांसद ने जिलाधिकारी को सड़कों की मरम्मत व निर्माण कार्य से संबंधित जन प्रतिनिधियों द्वारा प्राप्त समस्याओं का प्राथमिकता पर निस्तारण कराने के निर्देश दिए।

बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा जन सुविधाओं से जुड़े अनेक सुझाव और समस्याओं को भी रखा गया, जिनके समाधान के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये गये।

सांसद ने कहा कि जन समस्याओं को गम्भीरता से लेते हुए अधिकारी प्राथमिकता से समयबद्ध उसका समाधान करायें। विकास योजनाओं के सफल क्रियान्वयन हेतु एक ठोस कार्य योजना बनाकर कार्य करें। जनप्रतिनिधि व अधिकारी जनपद के विकास के लिये समन्वय बनाकर टीम भावना से कार्य करें, जिससे जनपद विकास में अग्रणी रहे।

बैठक के अन्त में राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) उ0प्र0 दिनेश प्रताप सिंह द्वारा जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में घटित दुखद घटना के पीड़ितों के प्रति शोक संवेदना व मृतकों के प्रति श्रद्धांजलि व्यक्त करने हेतु दो मिनट का मौन रखने का प्रस्ताव रखा, जिस पर सभी ने सहमति व्यक्त करते हुए दो मिनट का मौन रखा।

बैठक में अध्यक्ष जिला पंचायत रंजना चौधरी, सदस्य विधान परिषद उमेश द्विवेदी, सदस्य विधान परिषद अवनीश कुमार सिंह, विधायक सलोन अशोक कुमार, विधायक सरेनी देवेन्द्र प्रताप सिंह, विधायक बछरावां श्याम सुन्दर भारती, विधायक हरचंदपुर राहुल राजपूत, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद रायबरेली शत्रोहन सोनकर, जिलाधिकारी हर्षिता माथुर, पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, अपर जिलाधिकारी (वि0रा0) अमृता सिंह, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) विशाल यादव, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 नवीन चन्द्रा सहित समिति के अन्य सदस्यगण व सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### पेय जल की उपलब्धता सुनिश्चित करें:डीएम

**नेशनल एक्सप्रेस/मनोज कुमार**

पटना(बिहार) ।जमुई डीएम अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में पीएचईडी के अभियंताओं की बैठक आयोजित की गई ।जिसमें विभागीय कार्यो का विस्तार से अध्ययन किया गया ।डीएम ने विभागीय अभियंताओं और कर्मियों को निर्देश देते हुए कहा कि बढ़ते गर्मी के प्रकोप से बचाव एवं उपाय के मद्देनजर नल जल योजना को सुचारू ढंग से संचालित रखें ।तीन दिन से अधिक नल जल योजना प्रभावित रहने पर संबंधित कनीय अभियंता एवं सहायक अभियंता पर कार्रवाई की जाएगी।

### देश के गांधीवादियों व नेशनल एक्सप्रेस की भावपूर्ण श्रद्धांजलि

**नहीं रहीं गुजरात की डा.उमा दीदी यानी संघमित्रा गाडेकर दीदी!**

आइए जानते हैं उनके बारे में विशिष्ट गांधीवादी और सर्वोदय नेत्री डॉ. संघमित्रा गाडेकर का निधन हो गया है।वह गुजरात के वेडछी स्थित 'सम्पूर्ण क्रांति विद्यालय' की प्रमुख थीं और जयप्रकाश नारायण के



सम्पूर्ण क्रांति आंदोलन की सक्रिय नेत्री थीं।उनका निधन सूरत के एक निजी अस्पताल में ओपन हार्ट सर्जरी के दौरान हृदयाघात के कारण हुआ। डॉ. गाडेकर का जन्म एक प्रतिष्ठित गांधीवादी परिवार में हुआ था।वह महात्मा गांधी के निजी सचिव महादेव देसाई के पुत्र और गांधी कथाकार नारायण देसाई की पुत्री थीं।उनकी माता, उत्तरा देसाई (चौधुरी), एक क्रांतिकारी थीं।डॉ. गाडेकर उड़ीसा के जाने माने क्रांतिकारी स्वतंत्रता सेनानी मालती देवी तथा पूर्व मुख्यमंत्री नवकृष्ण चौधुरी की पोती थीं।पेशे से स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. गाडेकर और उनके पति, परमाणु वैज्ञानिक सुरेन्द्र गाडेकर, भारत में परमाणु बम विरोधी आंदोलन के अग्रणी नेता थे।उन्होंने 'सम्पूर्ण क्रांति विद्यालय' में देश-विदेश के युवाओं को गांधी, विनोबा और जयप्रकाश नारायण के विचारों में प्रशिक्षण दिया।गुजरात दंगों के बाद, उन्होंने अंजार क्षेत्र के मुस्लिम बुनकरों के बीच जैविक रंगों से युक्त खादी उत्पादन को प्रोत्साहित किया।ओडिशा के प्रसिद्ध चौधरी परिवार की भांजी डॉ. गाडेकर को लोग स्नेहपूर्वक 'पुषु दीदी' और 'उमा दीदी' कहकर पुकारते थे।उनके निधन पर विनोबा विचार प्रवाह परिवार की ओर से उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि ।

# राहुल गांधी ने रायबरेली में सोलर रुफ प्लांट का उद्घाटन किया

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

रायबरेली - अपने दौरे में रायबरेली पहुंचे नेता प्रतिपक्ष व रायबरेली सांसद राहुल गांधी ने विशाखा फैक्ट्री में दो मेगावॉट एटम सोलर रूफ प्लांट एवं एटम इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशन का उद्घाटन किया। फैक्ट्री जाते समय राहुल गांधी ने चौराहे पर कार्यकताओं को देखकर अपनी कार अचानक रुकवाकर उनसे मुलाकात भी की।

सांसद राहुल गांधी मंगलवार को दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे। यहां कार्यकताओं ने उनका स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने विशाखा फैक्ट्री में दो मेगावॉट एटम सोलर रूफ प्लांट एवं एटम इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशन का उद्घाटन किया।

फैक्ट्री जाते समय राहुल गांधी ने त्रिफला चौराहे पर कार्यकताओं को देखकर अपनी गाड़ी अचानक रुकवाई और कार्यकताओं से हाथ मिलाए और उनका हालचाल जाना। वहां मौजूद लोगों ने उन्हें बताया कि कुंदनगंज कस्बे में स्थित विशाखा सीमेंट चादर फैक्ट्री का निर्माण 2005 में शुरू होकर 2006 में पूरा हुआ था, जिसका उद्घाटन तत्कालीन सांसद सोनिया गांधी ने किया था। तब से फैक्ट्री लगातार सीमेंट चादरों का उत्पादन कर रही है। जिले में थोक और फुटकर सप्लाई कर रही है। नेता प्रतिपक्ष व रायबरेली सांसद राहुल गांधी ने सिविल लाइंस चौराहा स्थित नेता सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा का अनावरण किया। इसके बाद कलेक्ट्रेट स्थित बचत भवन में दिशा बैठक में करीब 11 बजे पहुंचे।

शाम 5बजे के बाद सांसद राहुल गांधी मुराई बाग डलमऊ पहुंचे।वाहन उन्होंने सरेनी विधानसभा के बूथ अध्यक्षों की बैठक में हिस्सा लिया।

### कांग्रेस के प्रांतीय नेता व नगर पंचायत लालगंज अध्यक्ष प्रतिनिधि दीपेन्द्र गुप्ता की अगवाई में राहुल गांधी का किया स्वागत

आरेडिका का दौरा करके नेता प्रतिपक्ष व रायबरेली सांसद राहुल गांधी लालगंज पहुंचे।जहां कांग्रेस के प्रांतीय नेता व नगर पंचायत लालगंज अध्यक्ष प्रतिनिधि दीपेन्द्र गुप्ता की अगवाई में राहुल गांधी का जोरदार स्वागत किया गया। राहुल गांधी ने स्वागत के दौरान अभिवादन स्वीकार करते हुए लोगों के शिकायत पत्र प्राप्त किए।इस दौरान नगर पंचायत लालगंज के सभासद अतुल शर्मा, राघवेन्द्र सूर्यवंशी, नसीम, विशाल, रमेश गुप्ता एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता महेश शर्मा के साथ कांग्रेस कार्यकताओं समेत दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

# आरेडिका में माननीय नेता प्रतिपक्ष एवं सांसद राहुल गाँधी का दौरा

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**



लालगंज रायबरेलीः नेता प्रतिपक्ष एवं सांसद रायबरेली राहुल गाँधी तथा सांसद अमेठी किशोरी लाल शर्मा ने आज आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली का दौरा किया। श्री गाँधी ने आरेडिका के महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा तथा उच्च अधिकारियों के साथ फैक्ट्री परिसर का दौरा किया।

दौरे के दौरान आरेडिका प्रशासन के द्वारा फैक्ट्री में उत्पादित होने वाले व्हीलों तथा विभिन्न कोचों जैसे स्लीपर, एसी3 इकोनॉमिक, हमसफर, अन्त्योदय, एसी पेन्ट्रीकार, नॉन एसी चेयरकार, तेजस, राजधानी, भारत गौरव, वन्देभारत आदि के निर्माण के बारे में जानकारी प्रदान की गयी।

श्री गांधी ने कारखाने में कोच उत्पादन की प्रक्रिया को देखा एवं कोचों की गुणवत्ता को देख कर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने आमजन के उपयोग में होने वाले सामान्य कोच (दीन दयालु कोच) तथा स्लीपर कोच को देखा और कोच के अंदर आमजन की यात्रा को सुविधाजनक बनाने के लिए किये गये सुधारों जैसे सीट एंड बर्थ, स्लाइडिंग विंडो डोर, मोबाइल चार्जिंग प्वाइंट, कुशन युक्त लगेज रैक जो आवश्यकतानुसार अतिरिक्त सीट के रूप में यात्रा के लिए भी उपयोग हो सके, एफआरपी पैनल, माडयूलर टॉयलेट आदि का देखा। इस अवसर पर आरेडिका के प्रधान मुख्य यांत्रिक इंजीनियर विवेक खरे, प्रधान मुख्य सामग्री प्रबन्धक राजीव खण्डेलवाल, प्रधान मुख्य इंजीनियर सत्य प्रकाश यादव, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी अतुल प्रियदर्शी, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी रूपेश श्रीवास्तव, वरिष्ठ उप महाप्रबंधक एवं मुख्य सर्तकता अधिकारी अकमल वदूद, प्रधान मुख्य चिकित्सा अधिकारी आभा जैन सहित वरिष्ठ अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित रहे।

# आठ सड़कों को क्रॉस करेगी रिंगरोड, बनेंगे ओवरब्रिज

**नेशनल एक्सप्रेस**

रायबरेली। शहर में जाम की समस्या से राहत दिलाने के लिए 1200 करोड़ रुपये से प्रस्तावित रिंग रोड के दूसरे फेज का काम तेजी से चल रहा है। इस दायरे में आने वाली जमीन का अधिग्रहण कर मुआवजा वितरण की प्रक्रिया पूरी हो गई है। यह रिंगरोड आठ सड़कों को क्रॉस करेगी। इन सड़कों पर ओवरब्रिज का निर्माण कराया जाएगा, ताकि लोगों को जाम की समस्या से जूझना न पड़े। ओवरब्रिज बनने से हादसे कम होंगे।

21 गांवों से होकर निकलने वाली इस रिंगरोड के बनने से शहर में जाम की समस्या से राहत मिल जाएगी। इससे लखनऊ से प्रयागराज जाने वाले वाहनों को शहर में प्रवेश नहीं करना पड़ेगा। यह रिंग रोड डिडौली स्थित महिंद्रा एजेंसी के पास रायबरेली-लखनऊ हाईवे से निकल कर सैदनपुर, सुलखियापुर, पासापुर, परिगवां, अलादपुर, कंचौदा नानकारी, चकलोहराहार, डिडौली, लोहरामऊ, सलारपुर, नौबती, दरीबा, रेती खुर्द बुजुर्ग, बिनोहरा, फकरुलहसन खेड़ा, मछेछर, पासापुर, सुल्तानपुर आइमा, बेलाभेला, कुचरिया, सरायदामो गांव होकर रायबरेली-प्रयागराज हाईवे को जोड़ेगी।

### 5100 किसानों को 320 करोड़ मिला मुआवजा

रिंगरोड निर्माण के लिए 5100 किसानों से भूमि का अधिग्रहण किया गया है। इसके लिए किसानों को 320 करोड़ रुपया मुआवजा बांटा जा चुका है। जिले में दूसरे फेज में रिंग रोड के निर्माण का काम तेजी से चल रहा है। रिंगरोड आठ सड़कों को क्रॉस कर रही है। इन सड़कों के ऊपर ओवरब्रिज का निर्माण कराया जाएगा।

**मनीष सिंह चौहान, अधिशासी अभियंता**
**सड़क परिवहन एवं राज्यमार्ग मंत्रालय**

# त्यागमूर्ति राजा महेंद्र प्रताप जी को भारत रत्न से सम्मानित किया जाए

**महोदय / महोदया**

त्यागमूर्ति राजा महेंद्र प्रताप जी की 46 वीं पुण्यतिथि प्रेम महाविद्यालय इंटर कॉलेज वृन्दावन के प्रांगण में आज 29 अप्रैल 2025 को मनाई गई ।

सर्वप्रथम त्यागमूर्ति राजा महेंद्र प्रताप जी की मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया फिर उनकी समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की गई ।

इस अवसर पर प्रेम महाविद्यालय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ देव प्रकाश ने केंद्र सरकार से मांग की कि वह त्यागमूर्ति राजा महेंद्र प्रताप जी को भारत रत्न से सम्मानित करे ।

त्यागमूर्ति राजा महेंद्र प्रताप जी ने मात्र 23 वर्ष की उम्र में श्री यमुना महारानी जी के तट पर केशीघाट स्थित अपने राजमहल में भारत के प्रथम तकनीकी शिक्षण संस्थान प्रेम महाविद्यालय की स्थापना पंडित मदन मोहन मालवीय जी के करकमलों से की थी ।

त्यागमूर्ति राजा महेंद्र प्रताप जी ने सन 1911 में वृन्दावन में गुरुकुल विश्वविद्यालय की स्थापना की थी ।

त्यागमूर्ति राजा महेंद्र प्रताप जी ने 01 दिसंबर 1915 में काबुल में अस्थाई हिंद सरकार की स्थापना की जिसके वे प्रथम राष्ट्रपति थे और श्री बरकतुल्ला खान प्रधानमंत्री थे ।

त्यागमूर्ति राजा महेंद्र प्रताप जी ने प्रेम धर्म और संसार संघ की स्थापना की थी । त्यागमूर्ति राजा महेंद्र प्रताप जी को सन 1932 में शांति के नोबेल पुरस्कार के लिए नामित किया गया था ।

त्यागमूर्ति राजा महेंद्र प्रताप जी ने जापान में आजाद हिंद का गठन किया जिसके बाद में नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी कमांडर बने । त्यागमूर्ति राजा महेंद्र प्रताप जी ने 32 वर्षों तक विदेशों में रहकर भारत की आजादी का बिगुल फूंका था ।

त्यागमूर्ति राजा महेंद्र प्रताप जी सन 1957 में मथुरा से लोकसभा से सांसद



निर्वाचित हुए थे । जिसमें गौरतलब तथ्य यह है कि उनके सामने जनसंघ के प्रत्याशी रहे श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी ने अपने कार्यकताओं को चिट्ठी लिखकर और मथुरा जन सभा कर अपील की थी लोग उनको वोट न करें बल्कि राजा साहब को वोट दें ताकि एक महान देशभक्त संसद में पहुंच सके ।

त्यागमूर्ति राजा महेंद्र प्रताप जी के विरुद्ध कांग्रेस से चुनाव लड़ने वाले चौधरी दिगम्बर सिंह जी को जिनको त्यागमूर्ति राजा साहब ने हराया था , उन चौधरी दिगम्बर सिंह जी ने सन 1975 में त्यागमूर्ति राजा साहब के ऊपर लगभग 800 पेजों का अभिनंदन ग्रंथ प्रकाशित कराया जिसका विमोचन विज्ञान भवन दिल्ली में तत्कालीन गृहमंत्री चौधरी श्री चरण सिंह जी के कर कमलों से कराया था ।

सन 1979 में केंद्र सरकार ने त्यागमूर्ति राजा महेंद्र प्रताप जी के ऊपर डाक टिकट जारी किया था ।

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी एवं माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्य नाथ जी ने त्यागमूर्ति राजा महेंद्र प्रताप जी के नाम से राजा महेंद्र प्रताप सिंह राजकीय विश्वविद्यालय की स्थापना अलीगढ़ में कराई है ।

राष्ट्रीय स्वयं संघ के सह सरकार्यवाह परम श्रद्धेय डॉ कृष्ण गोपाल जी की अहेतुकी कृपा से और प्रधानाचार्य डॉ देव प्रकाश के अथक परिश्रम एवं निवेदन पर वृन्दावन में श्री यमुना महारानी जी के तट पर केशीघाट स्थित त्यागमूर्ति राजा महेंद्र प्रताप जी के राजमहल में संचालित प्रेम महाविद्यालय इंटर कॉलेज के जीर्णोद्धार का कार्य शिक्षा कायाकल्प न्यास के तत्वावधान में रेलीगेयर कंपनी की चेयरपर्सन रही डॉ रश्मि सलूजा जी के नेतृत्व में करोड़ों रुपयों की उरफधनराशि से कराया जा रहा है ।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ देव प्रकाश , उप प्रधानाचार्य श्री शिव अधार सिंह यादव , श्री अजय कुमार मौर्य , डॉ खुशबू भारती ( सभी प्रवक्ता ) , श्री राम प्रसाद , डॉ सोमकान्त त्रिपाठी , श्री पंकज चौधरी , श्रीमती सुमन रानी , श्री प्रदीप कुमार गौतम , श्री सुनील कुमार यादव , श्रीमती आकांक्षा वर्मा , श्रीमती पूनम सिंह , डॉ शिव शंकर गौतम ( समस्त सहायक अध्यापक ) , श्री सुनील कुमार वर्मा ( प्रधान लिपिक ) , श्री सुरेश चंद्र लवानिया ( सहायक लिपिक ) , श्री मुकेश ( सफाई कर्मचारी ) , श्री संजय कुमार , श्री दलवीर सिंह , श्री बोबी कुमार ( आउट सोर्सिंग कर्मचारी ) आदि उपस्थित रहे ।

# उपराज्यपाल सक्सेना और मुख्यमंत्री रेखा ने मुनक नहर और हैदरपुर डब्ल्यूटीपी के कामों का निरीक्षण किया

**नयी दिल्ली,** (भाषा) दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को मुनक नहर में चल रहे सफाई कार्य और ऐतिहासिक शालीमार बाग के जीर्णोद्धार कार्य का निरीक्षण किया।



दिल्ली जल बोर्ड, लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) और दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के अधिकारियों तथा हरियाणा सरकार के संबंधित अधिकारियों के साथ सक्सेना और गुप्ता ने हैदरपुर जलशोधन संयंत्र (डब्ल्यूटीपी) का भी निरीक्षण किया। इस संयंत्र में मुनक नहर से पानी आता है।

गुप्ता ने कहा, ''राष्ट्रीय राजधानी में संपूर्ण जलापूर्ति और उपलब्धता प्रणाली का प्रबंधन करने की आवश्यकता है। हमने मुनक नहर का निरीक्षण किया, जो हरियाणा से शुरू होकर इंद्रलोक मेट्रो स्टेशन के पास समाप्त होती है। जल आपूर्ति संयंत्रों की मरम्मत समेत वर्तमान जलापूर्ति ढांचे में सुधार के लिए समग्र दृष्टिकोण की जरूरत है।''

उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार हरियाणा से मिलने वाले पानी का पूरा उपयोग करने के लिए काम कर रही है ताकि पानी की उपलब्धता से जुड़ी समस्याओं को कम किया जा सके।

सक्सेना ने कहा, ''हमने मुनक नहर का निरीक्षण किया है। हम नहर के समानांतर एक सड़क बनाने की योजना बना रहे हैं क्योंकि शहर में यातायात की समस्या है।''

सक्सेना और गुप्ता शालीमार बाग इलाके में एक उद्यान में भी गए, जहां मुख्यमंत्री ने सौंदर्यीकरण कार्य शुरू करने का निर्देश दिया।

सक्सेना ने कहा, ''हम शालीमार बाग में उसके पुराने गौरव को बहाल करने की कोशिश कर रहे हैं और चल रहे काम अगले एक. दो महीनों में पूरे हो जाएंगे।''

शालीमार बाग में गुप्ता ने नगर निगम के अधिकारियों के साथ पार्क के आसपास प्रकाश व्यवस्था और अतिक्रमण की समस्याओं पर चर्चा की जहां भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण और डीडीए दोनों परियोजना पर काम कर रहे हैं।

## पीएसी ने बैंकिंग क्षेत्र में सुधारों पर किया विचार

नयी दिल्ली, (भाषा) संसद की लोक लेखा समिति (पीएसी) ने मंगलवार को बैंकिंग क्षेत्रों में सुधार को लेकर बैठक की जिसमें विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधियों से सदस्यों ने बैंकिंग प्रणाली की नीतियों में 'खामियों' समेत कई मुद्दों पर सवाल-जवाब किए।

पीएसी की रिपोर्ट संसद के आगामी मानसून सत्र में सदन के पटल पर रखी जा सकती है। बैठक के बाद पीएसी के अध्यक्ष और कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने 'पीटीआई-वीडियो' से कहा, ''यह बैठक बैंकिंग क्षेत्र में सुधारों को लेकर थी। सभी सदस्यों ने भारत के आम लोगों के वास्तविक मुद्दे उठाए। आज हमारी चार घंटे लंबी बैठक हुई और इसमें यह चर्चा भी की गई कि नीतियों में क्या खामियां हैं।'' उन्होंने कहा, ''हम संसद में रिपोर्ट सौंपने जा रहे हैं।'' समिति की बैठक में भारतीय स्टेट बैंक, कैनरा बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, आईडीबीआई बैंक तथा कुछ अन्य बैंकिंग एवं वित्तीय संस्थानों के प्रतिनिधि शामिल हुए।

## 'फेसलेस' आयकर योजना : अदालत ने रिश्वत मामले में अधिकारी व सीए की हिरासत बढ़ाई

नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली की एक अदालत ने मंगलवार को 'फेसलेस' आयकर आकलन योजना से जुड़े रिश्वत मामले में आयकर अधिकारी और सनदी लेखाकार (सीए) की सीबीआई हिरासत दो दिन के लिए बढ़ा दी।

वित्त मंत्रालय ने पारदर्शिता बढ़ाने, मानवीय हस्तक्षेप कम करने और भ्रष्टाचार रोकने के लिए 'फेसलेस' योजना शुरू की थी। इस योजना को 'फेसलेस' इसलिए कहा जाता है क्योंकि करदाता को अपने कर अधिकारी का सामना नहीं करना पड़ता और न ही उसे यह जानने की जरूरत होती है कि कर अधिकारी कौन है।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अंजू बजाज चांदना ने आयकर उपायुक्त विजयेंद्र आर और डी के अग्रवाल को तीन दिन की सीबीआई हिरासत की अवधि समाप्त होने पर अदालत में पेश किए जाने के बाद हिरासत बढ़ा दी। अदालत ने उनकी हिरासत अवधि दो दिन के लिए बढ़ा



दी, हालांकि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने उनकी हिरासत अवधि पांच दिन बढ़ाने की मांग की थी। जांच एजेंसी ने कुछ नए तथ्य मिलने का दावा किया, जिसके लिए इलेक्ट्रॉनिक डेटा की पुष्टि के अलावा आगे जांच की आवश्यकता है।

अदालत ने आदेश दिया, ''मामले के तथ्यों की प्रकृति के मद्देनजर, मामले की प्रभावी जांच के उद्देश्य से आरोपियों दिनेश कुमार अग्रवाल और विजयेंद्र रामचंद्र मूर्ति को दो दिन की अतिरिक्त पुलिस हिरासत में भेजा जाता है।''

अदालत ने उन्हें एक मई को पेश करने का निर्देश दिया। सीबीआई की याचिका में कहा गया है कि प्राथमिकी में अन्य आरोपियों के नाम हैं, जिन्हें गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ के लिए जांच में शामिल होना था।

विजयेंद्र की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता प्रमोद कुमार दुबे ने सीबीआई की याचिका का विरोध किया और पूछा कि जब सभी तथ्य और सामग्री सीबीआई के नियंत्रण में हैं, तो वह बिना किसी औचित्य के अधिक हिरासत की मांग क्यों कर रही है। दिल्ली में विभाग के झंडेवालान कार्यालय में तैनात 2015 बैच के भारतीय राजस्व सेवा अधिकारी विजयेंद्र को राजधानी में गिरफ्तार किया गया, जबकि अग्रवाल को गुजरात के भरूच से गिरफ्तार किया गया।

मामले की सीबीआई जांच में कथित तौर पर पता चला है कि दोनों ने अधिक राशि से जुड़े लंबित आयकर मामलों के कई करदाताओं से संपर्क किया और रिश्वत के बदले उनके मामलों में उनके पक्ष में आदेश देने का वादा किया।

# अदालत ने महिला की हत्या के मामले में पति समेत छह लोगों को दोषी करार दिया

नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली की एक अदालत ने राजधानी के उत्तर-पश्चिमी बवाना इलाके में वर्ष 2018 में एक स्कूल शिक्षिका की हत्या के मामले में उसके पति समेत छह लोगों को दोषी करार दिया है।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश धीरेंद्र राणा ने अपने आदेश में कहा कि अभियोजन पक्ष ने मंजीत सहरावत, एंजल गुप्ता, धर्मेंद्र, दीपक, विशाल उर्फ जॉनी और शहजाद सैफी के खिलाफ मामला संदेह से परे साबित किया है। अदालत ने कहा, '' सभी आरोपियों ने आपराधिक साजिश को अंजाम देने में सक्रिय भूमिका निभाई।''

सुनीता (38) की 29 अक्टूबर 2018 की सुबह करीब आठ बजे घर से निकलते समय हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी।

प्रारंभिक जांच में महिला के पति मंजीत और उसकी प्रेमिका एंजल गुप्ता समेत अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। मंजीत ने अपनी पत्नी द्वारा उसके प्रेम संबंधों का विरोध किए जाने पर उसे रास्ते से हटाने के लिए एंजल के सौतेले पिता राजीव गुप्ता के साथ साजिश रची थी।

अभियोजन पक्ष के अनुसार, राजीव के वाहन चालक दीपक ने अपने मामा धर्मेंद्र की मदद से दो 'शार्पशूटर' विशाल और सैफी को सुपारी दी। इन दोनों ने इलाके की रेकी कर सुनीता को तीन गोलियां मारीं। राजीव गुप्ता के खिलाफ मामले की सुनवाई मार्च में अलग कर दी गई, क्योंकि वह एक समय तक भगौड़ा अपराधी घोषित रहा।

अदालत द्वारा 28 अप्रैल को पारित 129 पृष्ठ के आदेश में न्यायाधीश ने कहा, ''अभियोजन पक्ष ने सभी आरोपी व्यक्तियों के खिलाफ मामला सफलतापूर्वक साबित कर दिया है।''

न्यायाधीश ने अभियोजन पक्ष के दो गवाहों की गवाही और सुनीता की डायरी से प्राप्त साक्ष्य का अवलोकन किया, जिससे पता चला कि मंजीत और एंजेल के बीच ''विवाहेतर संबंध थे'' और वह ''लगातार'' उनके रिश्ते पर आपत्ति जता रही थी।

अदालत के निर्णय में कहा गया, ''मंजीत और सुनीता के बीच तलाक की कोई संभावना नहीं थी। एंजल 27 अक्टूबर 2018 को मंजीत के साथ करवाचौथ मनाना चाहती थी। दोनों ही आरोपियों (एंजल और मंजीत) ने अपने संबंधों को बनाए रखने और इच्छाओं की पूर्ति के लिए हत्या की साजिश रची।'' अदालत में मोबाइल लोकेशन, बैंक ट्रांजेक्शन, सीसीटीवी फुटेज, एफएसएल रिपोर्ट, बरामद हथियार, वाहन और संदिग्ध गतिविधियों के आधार पर आपराधिक साजिश को साबित किया गया। शहजाद सैफी और विशाल के पास से बरामद हथियारों को हत्या में प्रयुक्त बताया गया। सभी आरोपियों को भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या) और 120बी (आपराधिक साजिश) के तहत दोषी ठहराया गया है, जबकि सैफी, विशाल और धर्मेंद्र को अतिरिक्त रूप से शस्त्र अधिनियम के तहत भी दोषी करार दिया गया है।

अदालत ने सजा पर बहस के लिए मामला बुधवार के लिए सूचीबद्ध किया है।

## 'आप' ने दिल्ली नगर निगम में अंकुश नारंग को नेता प्रतिपक्ष नियुक्त किया

नयी दिल्ली, (भाषा) आम आदमी पार्टी (आप) ने रणजीत नगर से पार्षद अंकुश नारंग को दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में विपक्ष का नेता नियुक्त किया है।

मंगलवार को एमसीडी सचिव को लिखे पत्र में 'आप' की दिल्ली इकाई के प्रमुख सौरभ भारद्वाज ने लिखा, ''मुझे आपको यह बताते हुए खुशी हो रही है कि वार्ड नंबर 87 (रणजीत नगर) से पार्षद अंकुश नारंग को दिल्ली नगर निगम में विपक्ष का नेता नियुक्त किया गया है।''

यह घटनाक्रम एमसीडी में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के फिर से सत्ता में आने के कुछ दिनों बाद हुआ है।

महापौर चुनाव के नतीजे 25 अप्रैल को घोषित किये गए थे। राजा इकबाल सिंह महापौर चुने गए। उन्होंने कांग्रेस उम्मीदवार मंदीप सिंह को 125 मतों के अंतर से हराया। 'आप' ने महापौर चुनाव का बहिष्कार किया था।

# न्यायालय ने पूछा, क्या शरजील पर एक ही भाषण के लिए विभिन्न राज्यों में मुकदमा चलाया जा सकता है

नयी दिल्ली, (भाषा) उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को पूछा कि क्या जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के पूर्व छात्र शरजील इमाम पर एक ही भाषण को लेकर राजद्रोह समेत अन्य अपराधों के लिए विभिन्न राज्यों में मुकदमा चलाया जा सकता है।

शीर्ष अदालत इमाम की 2020 की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान दिए गए कथित भड़काऊ भाषण के लिए चार राज्यों, उत्तर प्रदेश, असम, मणिपुर और अरुणाचल प्रदेश में उनके खिलाफ दर्ज कई प्राथमिकियों को एक साथ जोड़ने का अनुरोध किया गया।

प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ से वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ दवे ने आग्रह किया कि एक भाषण के लिए देश भर में कई मुकदमों का सामना नहीं किया जा सकता।

दिल्ली पुलिस की ओर से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू ने दलीलों का विरोध करते हुए कहा, ''उसने बिहार, उत्तर प्रदेश और दिल्ली में भीड़ को उकसाया। अपराध अलग-अलग हैं।'' दिल्ली पुलिस ने भी इमाम के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज किया था।

प्रधान न्यायाधीश ने कहा, ''लेकिन भाषण एक ही है। अगर भाषण यूट्यूब समेत अन्य जगहों पर है,



और इसे पूरे भारत में सुना जा सकता है, तो इसका प्रभाव एक ही होगा।'' प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि मामलों को दिल्ली स्थानांतरित किया जाना चाहिए।

राजू ने कहा कि वह अन्य राज्यों का प्रतिनिधित्व नहीं कर रहे हैं इसलिए, उनके पास मामलों को जोड़ने या स्थानांतरित करने का निर्देश नहीं है। उन्होंने कहा, ''देश के खिलाफ अपराध एक मुद्दा है और समाज के खिलाफ अपराध अलग है।''

प्रधान न्यायाधीश ने कहा, ''अगर अलग-अलग भाषण होते तो आप सही हो सकते थे। यहां, भाषण एक ही है...अगर आप सहमत हैं, तो अन्य राज्यों में मुकदमे पर रोक लगाई जा सकती है।'राजू ने अपना रुख दोहराया, जिसके बाद पीठ ने सुनवाई दो सप्ताह के लिए स्थगित कर दी।

शीर्ष अदालत ने पूर्व में उत्तर प्रदेश, असम, मणिपुर और अरुणाचल प्रदेश से पूछा था कि इमाम के खिलाफ कई प्राथमिकियों में मुकदमे दिल्ली स्थानांतरित किए जाने पर उन्हें कोई आपत्ति है या नहीं।

शीर्ष अदालत ने 26 मई, 2020 को उनसे और दिल्ली सरकार से मामले में जवाब मांगा था।

दिल्ली पुलिस ने इमाम के खिलाफ गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत मामला दर्ज किया था। दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने जामिया मिल्लिया इस्लामिया और अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में कथित रूप से भड़काऊ भाषण देने के आरोप में राजद्रोह के एक मामले में 28 जनवरी, 2020 को इमाम को बिहार के जहानाबाद से गिरफ्तार किया था।

जेएनयू के ऐतिहासिक अध्ययन केंद्र के पूर्व छात्र इमाम पर राजद्रोह और अन्य आरोपों के तहत मामला दर्ज किया गया था। सीएए के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान उनके कथित भड़काऊ भाषणों के वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हुए थे।

दिल्ली पुलिस ने 25 जनवरी, 2020 को इमाम के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 124 ए (राजद्रोह) और 153 ए (धर्म, जाति, जन्म स्थान, निवास, भाषा, जाति या समुदाय या किसी भी अन्य आधार पर वैमनस्य या दुश्मनी की भावना को बढ़ावा देना या बढ़ावा देने का प्रयास करना) सहित अन्य प्रावधानों के तहत प्राथमिकी दर्ज की थी।

## मुख्यमंत्री के रूप में आतंकवाद पर जवाब मांगने वाले मोदी अब चुप हैं: दीपांकर भट्टाचार्य

नयी दिल्ली, (भाषा) भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माले) लिबरेशन के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा है कि गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह से हर आतंकी हमले पर जवाब की मांग करते थे, लेकिन प्रधानमंत्री के रूप में पहलगाम हमले के बाद मोदी की ''चुप्पी'' उनके पिछले रुख का मजाक उड़ाती प्रतीत होती है।

भाकपा (माले) लिबरेशन की साप्ताहिक पत्रिका 'एमएल अपडेट' में प्रकाशित संपादकीय में भट्टाचार्य ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी पहलगाम आतंकी हमले पर 24 अप्रैल को होने वाली सर्वदलीय बैठक में शामिल नहीं हुए, लेकिन उसी दिन बिहार में एक जनसभा को संबोधित किया।

भट्टाचार्य ने कहा, ''जब संप्रग सरकार सत्ता में थी, तो गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी जम्मू-कश्मीर में होने वाले हर आतंकी हमले के लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह से जवाब मांगते थे।'' उन्होंने कहा,



''नरेन्द्र मोदी का एक पुराना वीडियो है जिसमें वह मनमोहन सिंह से यह बताने के लिए कह रहे हैं कि आतंकवादी सीमा पार कैसे कर सकते हैं और जब चाहें लोगों को मार सकते हैं, जबकि दिल्ली में मौजूद शक्तियों का देश की सीमाओं और धन, सूचना और संचार पर पूरा नियंत्रण है।'' भाकपा (माले) के महासचिव ने कहा कि पहलगाम हमला घाटी में इस बड़े पैमाने पर पर्यटकों को निशाना बनाए जाने की पहली घटना है। उन्होंने कहा, ''वही सवाल आज और भी अधिक प्रासंगिक हैं, फिर भी भारत के प्रधानमंत्री के रूप में मोदी की चुप्पी गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में मोदी द्वारा उठाए गए सवालों का मजाक उड़ाती प्रतीत होती है।''

## सही रणनीतियों के बल पर आगे बढ़ेगी भारतीय अर्थव्यवस्था: वित्त मंत्रालय की रिपोर्ट

नयी दिल्ली, (भाषा) वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था सही रणनीतियों, लगातार घरेलू सुधारों और बुनियादी ढांचे के विकास तथा रोजगार सृजन पर पुरजोर ध्यान देकर आगे बढ़ेगी।

वित्त मंत्रालय की एक रिपोर्ट में मंगलवार को यह जानकारी दी गई। आर्थिक मामलों के विभाग की मासिक आर्थिक समीक्षा के मार्च संस्करण में कहा गया कि भारत की दीर्घकालिक वृद्धि वृहद आर्थिक स्थिरता, लचीला बाहरी क्षेत्र, राजकोषीय घाटे पर नियंत्रण, कम होती मुद्रास्फीति, बेहतर रोजगार संभावनाओं और उच्च उपभोग व्यय से प्रेरित है।

इसमें कहा गया कि इस स्थिरता की कुंजी निजी पूंजी निर्माण के पास है और नियामक उपाय निजी क्षेत्र को अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित कर सकते हैं।

भू-राजनीतिक अनिश्चितताएं भारत के लिए चुनौतियां पेश कर रही हैं, लेकिन साथ ही इस वजह से तुलनात्मक बढ़त का लाभ उठाकर अंतरराष्ट्रीय व्यापार और विनिर्माण में अपनी स्थिति को मजबूत करने का मौका भी है।

रिपोर्ट में कहा गया कि भू-राजनीतिक घटनाक्रमों पर लगातार ध्यान केंद्रित करने के साथ, भारत इन जोखिमों को कम कर सकता है। देश रणनीतिक व्यापार वार्ता, घरेलू सुधारों और विनिर्माण निवेशों में उभरते अवसरों का लाभ उठा सकता है।

मंत्रालय की रिपोर्ट के मुताबिक वैश्विक घटनाक्रमों से पैदा हुई अनिश्चितताएं वित्त वर्ष 2025-26 में वृद्धि के लिहाज से एक प्रमुख जोखिम हैं। निजी क्षेत्र और नीति निर्माताओं को इस जोखिम के प्रति सचेत रहना चाहिए और अनिश्चितता को खुद पर हावी होने से रोकने के लिए तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए।

## दिल्ली सरकार ने निर्माण श्रमिकों के बच्चों को वित्तीय सहायता देने के लिए आवेदन आमंत्रित किए

नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली सरकार ने सभी सरकारी स्कूलों को श्रम कल्याण बोर्ड में पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों के लिए कल्याणकारी योजना के तहत वित्तीय सहायता के वास्ते पात्र विद्यार्थियों का विवरण 30 मई तक प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है।

शिक्षा निदेशालय ने 25 अप्रैल को जारी एक परिपत्र में निर्देश दिया है कि इस योजना के लिए प्रति पंजीकृत श्रमिक के अधिकतम दो बच्चों पर विचार किया जा सकता है, तथा उनका डेटा उक्त तिथि तक ऑनलाइन मॉड्यूल में दर्ज किया जाए।

परिपत्र के मुताबिक, शिक्षा निदेशालय ने कहा है कि आवेदन प्रक्रिया के लिए श्रम विभाग द्वारा जारी विशिष्ट पंजीकरण पहचान संख्या की जरूरत है तथा इसके अलावा अभिभावकों या छात्रों से कोई अतिरिक्त दस्तावेज स्वीकार नहीं



किया जाएगा।

इसके अनुसार, वित्तीय सहायता कक्षा के आधार पर प्रति छात्र प्रति वर्ष 6,000 रुपये से लेकर 12,000 रुपये तक होती है।

परिपत्र में कहा गया है कि पहली से 8वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों को 500 रुपये प्रति माह, नौवीं और 10वीं के विद्यार्थियों को 700 रुपये प्रति माह, जबकि 11वीं और 12वीं के कक्षा के विद्यार्थियों छात्रों को 1,000 रुपये प्रति माह मिलेंगे।

इसमें कहा गया है कि योजना के तहत पात्र विद्यार्थियों को शामिल न करने और अपात्र छात्रों को शामिल करने के लिए स्कूल प्रमुख जिम्मेदार होंगे।

दैनिक नेशनल एक्सप्रेस
हर खबर समय पर
43 वर्षों से निष्पक्ष व निर्भीक समाचार पत्र
1981 43 YEARS 2024
आवश्यकता है
नई दिल्ली से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक नेशनल एक्सप्रेस को हिंदी पत्रकारिता में ब्यूरो प्रमुख, अनुभवी पत्रकार / विज्ञापन प्रसार के लिए दिल्ली व उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में आवश्यकता है। जर्नलिज्म में अपना कैरियर बनाने को इच्छुक व्यक्ति संपर्क कर सकते है।
7080333338 011-49066569
news.vpl@gmail.com
VPL MEDIA PRIVATE LIMITED
S-561, Greater Kailash- II, New Delhi-110048
15/240 G Civil Lines Kanpur - 208001
Instagram nationalexpressindia
nationalexpressindia
7080333338
facebook fb/groups/nationalexpressindia

# निठारी हत्याकांड: न्यायालय सुरेंद्र कोली को बरी करने के फैसले के खिलाफ 30 जुलाई को करेगा सुनवाई

नयी दिल्ली, (भाषा) उच्चतम न्यायालय ने 2006 के निठारी हत्याकांड मामले में सुरेंद्र कोली को बरी किए जाने को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के लिए मंगलवार को 30 जुलाई की तारीख तय की।

ये अपीलें न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए आईं ।याचिकाकर्ताओं में से एक की ओर से पेश हुए वकील ने इस मामले को एक जघन्य अपराध बताया, जिसमें कई बच्चों के कंकाल मिले थे।



कोली की ओर से पेश हुए वकील ने कहा कि यह बिना किसी चश्मदीद के परिस्थितिजन्य साक्ष्य का मामला है। मामले में दलीलें पेश करने के लिए समय के बारे में वकीलों से पूछने पर पीठ ने कहा, 'यह (बहस) आज समाप्त होने की संभावना नहीं है।' साथ ही, इसने मामले को 30 जुलाई के लिए निर्धारित कर दिया।

शीर्ष अदालत ने पिछले साल केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दायर याचिकाओं सहित अलग-अलग याचिकाओं की जांच करने पर सहमति व्यक्त की थी। इन याचिकाओं में, 16 अक्टूबर 2023 को कोली को बरी करने के इलाहाबाद उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती दी गई थी। इनमें से एक याचिका एक पीड़ित के पिता ने उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देते हुए दायर की थी।

मोनिंदर सिंह पंढेर और उसके घरेलू सहायक कोली पर उत्तर प्रदेश के निठारी में अपने पड़ोस के लोगों, जिनमें ज्यादातर बच्चे थे, के साथ दुष्कर्म और हत्या का आरोप लगाया गया था।

कोली को 28 सितंबर 2010 को निचली अदालत ने मौत की सजा सुनाई थी।

उच्च न्यायालय ने पंढेर और कोली को मौत की सजा मामले में बरी कर दिया। साथ ही, कहा कि अभियोजन पक्ष उनके अपराध को ''उचित संदेह से परे'' साबित करने में विफल रहा।

कोली को 12 मामलों में और पंढेर को दो मामलों में सुनाई गई मौत की सजा को पलटते हुए उच्च न्यायालय ने कहा कि जांच ''जिम्मेदार एजेंसियों द्वारा जनता के भरोसे को तोड़ने जैसा है।'' उच्च न्यायालय ने कोली और पंढेर द्वारा दायर कई अपीलों को स्वीकार कर लिया, जिन्होंने गाजियाबाद में सीबीआई अदालत द्वारा सुनाई गई मौत की सजा को चुनौती दी थी।

वर्ष 2007 में दोनों के खिलाफ कुल 19 मामले दर्ज किये गए थे और सीबीआई ने सबूतों के अभाव में तीन मामलों में 'क्लोजर रिपोर्ट' (मामला बंद करने का अनुरोध) दाखिल की थी। कोली को शेष 16 मामलों में से तीन में बरी कर दिया गया और एक मामले में उसकी मौत की सजा को आजीवन कारावास में बदल दिया गया।

नोएडा के निठारी में, 29 दिसंबर 2006 को पंढेर के घर के पीछे एक नाले से आठ बच्चों के कंकाल मिलने के बाद यह मामला सामने आया था। उसके घर के आस-पास के इलाके में नालों की खुदाई और तलाशी के बाद और भी कंकाल मिले। इनमें से ज्यादातर अवशेष उन बच्चों और युवतियों के थे जो इलाके से लापता हो गए थे।

सीबीआई ने घटना सामने आने के 10 दिनों के भीतर ही मामले को अपने हाथ में ले लिया और उसकी तलाशी के परिणामस्वरूप और भी मानव अवशेष बरामद हुए थे।



# मढ़ीनाथ पुलिया का जाम क्षेत्र वासियों के लिए बना नासूर

## मढ़ीनाथ के लोगों का आरोप क्षेत्रीय पुलिस की मिली भगत से संकरी सड़क पर लग रही बाजार





नेशनल एक्सप्रेस

### चंद कदम दूर है पुलिस चौकी, फिर भी सब्जी और खाने पीने के ठेले लगाकर सड़क कर दी गई कब्जा, पहले भी हटाया गया था अतिक्रमण कुछ घंटे में फिर कब्जा ग्रस्त

बरेली। मढ़ीनाथ पुलिया के पास पुल की ढाल उतरते ही सब्जी, आइसक्रीम, खाने-पीने व चाय के विक्रेताओं ने सड़क पर कब्जा कर लिया है। इससे स्थानीय लोगों और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विडंबना यह है कि पुलिस चौकी कुछ ही दूरी पर स्थित है, फिर भी अतिक्रमण पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही। पहले भी शिकायतों पर अभियान चला था, लेकिन कुछ समय बाद फिर वही हालात बन गए हैं।

मढ़ीनाथ पुलिया क्षेत्र में सड़क के दोनों ओर सब्जी, आइसक्रीम, फास्ट फूड, और चाय के ठेले व दुकानें जमकर लग रही हैं। ढाल उतरते ही विशेषकर शाम के समय सड़क इतनी संकरी हो जाती है कि दोपहिया वाहन भी मुश्किल से निकल पाते हैं, जबकि यह मार्ग बड़ी आबादी को शहर से जोड़ने वाला मुख्य रास्ता है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि कई बार इस समस्या की शिकायत नगर निगम और पुलिस प्रशासन से की गई, लेकिन तब केवल कुछ दिन के लिए अतिक्रमण हटाया गया था। कुछ दिनों में फिर से वही हालात बन जाते हैं।

स्थिति इतनी गंभीर हो गई है कि स्कूली बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को निकलने में भारी कठिनाई होती है। जाम लगने के राहगीरों को परेशानी के साथ समय गवाना पड़ता है। आश्चर्य की बात यह है कि मढ़ीनाथ पुलिस चौकी महज कुछ मीटर की दूरी पर है, फिर भी अतिक्रमणकारियों पर कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हो रही। इससे सवाल उठने लगे हैं कि क्या यह सब पुलिस और नगर निगम की मिलीभगत से हो रहा है? स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि इस मुख्य मार्ग से स्थायी रूप से अतिक्रमण हटाया जाए और दोषी अधिकारियों पर भी कार्रवाई की जाए, ताकि जनता को राहत मिल सके। वही क्षेत्रीय सभासद चित्रा मिश्रा ने बताया मैंने एसएसपी द्वारा जारी किए गए नम्बर पर भी शिकायत की थी हम यह नहीं कहते की किसी की रोजी रोटी पर कोई फर्क पड़े परन्तु अतिक्रमणकारियों ने तो पूरी मार्किट बना दी है। जबकि इस रास्ते से वार्ड 5,38,25,12 व 13 पाँच वार्ड की जनता जुड़ी हुई है। इसका निस्तारण बहुत जरूरी है।

# समुदाय विशेष : बच्चों के पेरेंट्स कर रहे राष्ट्रगान का विरोध



नेशनल एक्सप्रेस/पवन त्रिपाठी

### राष्ट्रगान गाने से मुस्लिम बच्चों के अभिभावकों को आपत्ति

### राष्ट्रगान के विरोध पर स्कूल संचालक ने पुलिस अधिकारियों से की शिकायत

बरेली मामला किला थाना क्षेत्र क्षेत्र का है जहां स्थित 'लूमिंग हेल्थ स्कूल'के संचालक सोमनाथ ने बताया की उनके स्कूल में रोजाना की तरह सुबह प्रार्थना होती है, जिसमें हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदायों के छोटे-छोटे बच्चे शामिल होते हैं। प्रार्थना के दौरान 'जन गण मन' जैसे राष्ट्रगान का गायन होता है।

स्कूल संचालका के अनुसार, क्षेत्र के कुछ मुस्लिम समुदाय के लोग इस राष्ट्रगान का विरोध करते हैं और स्कूल में आकर आपत्तिजनक व अपशब्द भाषा का प्रयोग करते हैं। स्कूल में छोटे बच्चों और शिक्षकों के सामने इस तरह की दबंगई करते है।

इस विषय में स्कूल संचालिका ने कई बार प्रशासन और संबंधित अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए आज स्कूल संचालिका ने अपने महिला संगठन के साथ मिलकर पुलिस के उच्च अधिकारियों से मिलकर मामले की शिकायत की और आवश्यक सुरक्षा की मांग की। स्कूल प्रबंधन का कहना है कि वे भारत के संविधान और कानून के अनुसार सभी बच्चों को समान शिक्षा और संस्कार देने में विश्वास रखते हैं, और राष्ट्रगान जैसे राष्ट्रीय प्रतीकों के प्रति अपमान सहन नहीं किया जाएगा।

# मंदिर की देखभाल करने वाले ने समुदाय विशेष से किया मंदिर स्थित मकान का सौदा

### प्राचीन शिव मंदिर से जुड़े मकान की फर्जी दस्तावेजों से मुस्लिम संप्रदाय से बिक्री का आरोप, डीएम से की शिकायत

नेशनल एक्सप्रेस



बरेली थाना बारादरी क्षेत्र के कटियाकुईया मोहल्ले में स्थित एक प्राचीन शिव मंदिर से जुड़ा विवाद सामने आया है। मोहल्ले के लोगों ने आरोप लगाया है कि मंदिर की देखरेख करने वाले परिवार ने षड्यंत्रपूर्वक मंदिर से संबंधित मकान को फर्जी दस्तावेज तैयार कराकर मुस्लिम समुदाय के व्यक्ति को बेचने का प्रयास किया है। इस संबंध में स्थानीय निवासियों ने जिलाधिकारी से शिकायत की है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, इस प्राचीन शिव मंदिर की देखभाल के लिए पूर्व में स्वर्गीय होरीलाल गुप्ता को सभी मोहल्लेवासियों और पूर्व मालकिन की सहमति से नियुक्त किया गया था। मंदिर की सेवा और देखभाल हेतु उन्हें मंदिर के ठीक सामने एक मकान प्रदान किया गया था, जिसमें वे अपने परिवार के साथ नियमित रूप से निवास करते रहे। स्वर्गीय होरीलाल गुप्ता के निधन के बाद उनके पुत्र जयदयाल गुप्ता और पोते सोनू गुप्ता उस मकान में रहकर मंदिर की देखरेख का कार्य संभालते रहे, जिस पर मोहल्ले के किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति नहीं थी। यह व्यवस्था पूरी तरह समाज एवं मोहल्ले की सहमति से संचालित होती रही। क्षेत्रवासी महिलाओं का आरोप है हाल ही में यह जानकारी मिली कि जयदयाल गुप्ता और उनके पुत्र सोनू गुप्ता ने षड्यंत्रपूर्वक मकान के फर्जी दस्तावेज तैयार कराए और उसे मुस्लिम समुदाय के व्यक्ति को बेचने का प्रयास किया। इस घटना से मोहल्ले में रोष व्याप्त है। इस मौके पर शिकायत दर्ज कराने पहुंचे प्रमुख लोगों में किरण माया देवी, नीरज, उषा, संतोष, राधा देवी, मीनू गुप्ता, रीता और सरिता आदि शामिल रहे। सभी ने प्रशासन से मांग की कि मंदिर से संबंधित संपत्ति की रक्षा की जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

# ताजुश्शरिया उर्स जारिनों की चाक चौबंद व्यवस्था शांति सौहार्द और भाईचारे का रखें विशेष ध्यान

### डीएम बरेली निर्देश साम्प्रदायिक सौहार्द के साथ शांतिपूर्ण परिवेश में आयोजित हो उर्स, समस्त संबंधित विभाग समय से व्यवस्थाओं को करें पूर्ण

नेशनल एक्सप्रेस





बरेली। जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में आज उर्से ताजुश्शरिया को साम्प्रदायिक सौहार्द के साथ शांतिपूर्ण परिवेश में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से बैठक कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में आयोजकों द्वारा अवगत कराया गया कि 04 व 05 मई को उर्से ताजुश्शरिया आयोजित होगा, जिसमें लगभग 10 से 12 लाख जायरीनों के आने की उम्मीद है।

बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि उर्स की समस्त व्यवस्थाओं और बेहतर आयोजन के लिए पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों की ड्यूटी समय से लगा दी जाए तथा मौके पर जाकर फुल ड्रेस रिहर्सल भी कर ली जाए। समस्त अधिकारी अपने विभाग से सम्बंधित तैयारियां समय से कर लें। उर्स का आयोजन साम्प्रदायिक सौहार्द व सामाजिक समरसता पूर्ण वातावरण में किया जाए।

उन्होंने कहा कि देश-विदेश से आने वाले जायरीन जब बरेली से जाएं तो अच्छी स्मृतियों के साथ जाएं। आयोजकों को निर्देश दिए गए कि वालंटियर की ड्यूटी मय आईडी कार्ड के लगायी जाए। रूट चार्ट तैयार किया जाए साथ ही ले आउट भी सभी सम्बंधित अधिकारियों के पास होना चाहिए कि रेलवे स्टेशन व बस स्टैण्ड से आने वाले जायरिनों को आयोजन स्थल तक जाने का रूट मैप क्या होगा।

बैठक में आयोजकों द्वारा उर्स स्थल को सैनेटाइज कराने, मोबाइल शौचालयों की व्यवस्था, पानी की टोटियां, साफ-सफाई, फांगिग, पानी के टैंक, कूडेद्रान, चूना छिड़काव, हैण्डपम्प, बैरिकेटिंग आदि व्यवस्थाएं कराए जाने हेतु प्रशासन से अनुरोध किया। इसी प्रकार उर्स स्थल पर विद्युत सम्बंधी समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने तथा विद्युत फाल्ट ठीक करने हेतु विद्युत कर्मचारियों की ड्यूटी लगाये जाने हेतु भी अनुरोध किया गया। बैठक में लोक निर्माण विभाग से मथुरापुर से सीबी गंज रोड को ठीक कराने हेतु अपेक्षा की गयी।

बैठक में अग्निशमन की व्यवस्था, पुलिस व्यवस्था, स्वास्थ्य शिविर की व्यवस्था तथा मिनी बाईपास से झुमका तिराहे तक ट्रैफिक/पार्किंग व्यवस्था आदि के सम्बंध में चर्चा की गयी। बैठक में पुलिस अधीक्षक नगर ने आयोजकों से वालंटियर व आयोजकों की सूची तथा आयोजन का लेआउट उपलब्ध कराने हेतु कहा, जिससे तदनुरूप पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगायी जा सके व अन्य व्यवस्थाएं करायी जा सकें। बैठक में पुलिस अधीक्षक नगर मानुष पारीक, नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 विश्राम सिंह, अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे, नगर मजिस्ट्रेट राजीव कुमार शुक्ला, उप जिलाधिकारी सदर सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# बहन के जेवर पर भाई की नीयत फिसली, बहन को लगाया चूना

### बहला-फुसलाकर बहन के जेवर ले गया भाई, वापस मांगने पर पीटा, 4 पर एफआईआर

नेशनल एक्सप्रेस




बरेली। बारादरी इलाके में एक महिला को अपने ही भाई से जेवर मांगना भारी पड़ गया। पांच साल पहले मोहब्बत में निकाह करने वाली महिला जब मायके पहुंची और अपने जेवर मांगे, तो भाई और रिश्तेदारों ने लाठी-डंडों और धारदार हथियार से उस पर हमला कर दिया।

पीड़िता ने बताया कि मारपीट में उसका सिर फट गया और उसका डेढ़ साल का बच्चा भी घायल हो गया। घायल महिला को उसके पति ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। क्या है पूरा मामला आपको बताते चलें पीड़िता बारादरी थाना क्षेत्र की रहने वाली है। उसका कहना है कि उसकी शादी करीब पांच साल पहले मोहम्मद अजहर नाम के युवक से लव मैरिज के तौर पर हुई थी। बाद में दोनों परिवारों की रजामंदी से बाकायदा मुस्लिम रीति-रिवाज से निकाह भी हुआ। शादी के बाद वह अपने ससुराल में रहने लगी थी। इसी दौरान उसका भाई खिदमत अकसर मिलने आता रहता था। उसने बहाने से बहन के चांदी और सोने के जेवर, जिनमें सोने की अंगूठी, नथ, माला और सिंगार पट्टी अपने पास रख लिए थे। जब उसने मायके जाकर अपने जेबर वापस मांगे तो विवाद हो गया। आरोप है कि खिदमत, उसका भाई अजमत, मां जैबुन निशा और एक भतीजे ने एक राय होकर उस पर हमला कर दिया। खिदमत ने सिर पर धारदार हथियार से वार कर दिया, जिससे महिला बुरी तरह घायल हो गई। उसके मासूम बेटे को भी गंभीर चोटें आईं। हंगामा सुनकर आसपास के लोग पहुंचे और घायल महिला को नजदीकी डॉक्टर के पास ले गए। घटना की सूचना उसके पति मोहम्मद अजहर को दी गई, जिसने तुरंत 112 नंबर पर कॉल किया। पुलिस मौके पर पहुंची और महिला को पहले थाने फिर जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां वह भर्ती है। पीड़िता ने जान से मारने की धमकी मिलने की बात भी पुलिस को बताई है। उसका कहना है कि अब भी उसे अपने परिवार वालों से जान का खतरा है। बारादरी पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पत्नी से प्रताड़ित हो लगातार युवक कर रहे आत्महत्या

### परिजनों का आरोप पत्नी से विवाद के बाद युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

नेशनल एक्सप्रेस



बरेली। ताजा मामला बारादरी थाना क्षेत्र का है जहां कालीबाड़ी मोहल्ले की सिंघाड़े वाली गली में मंगलवार को एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। 34 वर्षीय युवक रविंद्र पुत्र शांति प्रसाद ने घरेलू विवाद के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही इलाके में हड़कंप मच गया।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस के साथ फील्ड यूनिट ने भी घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य एकत्र किए।

परिजनों के अनुसार रविंद्र का अपनी पत्नी से किसी बात को लेकर तीखा विवाद हुआ था। आवेश में आकर उसने घर के एक कमरे में साड़ी से फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। काफी देर तक बाहर न आने पर परिजनों ने दरवाजा तोड़ा तो वह फंदे से लटका मिला। घटना के बाद परिजनों ने तुरंत पुलिस को सूचित किया।

प्राथमिक जांच में घरेलू विवाद की आशंका जताई जा रही है पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शुरूआती जांच में मामला पारिवारिक विवाद का लग रहा है, लेकिन सभी पहलुओं की निष्पक्ष जांच की जा रही है। परिजनों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं और पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है।रविंद्र की मौत से उसके परिवार में कोहराम मच गया है। माता-पिता व परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मोहल्ले में भी शोक की लहर है।

# वैश्य भामाशाहों पर लगाए गए आरोप निराधार : वैश्य फेडरेशन



नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता

चंदौसी सम्भल। अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन जिला संभल की महत्वपूर्ण बैठक जिला उपाध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू के आवास पर संपन्न हुई। जिसमें वैश्य भामाशाहों पर पिछले कुछ समय से चल रहे प्रकरण के तहत सम्भल वैश्य समाज के पुरोधा अखिल भारतीय वैश्य फेडरेशन के प्रदेश उपाध्यक्ष कपिल सिंघल एवं भाजपा पश्चिम क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल के ऊपर लगाए गए आरोपों को लेकर विचार विमर्श किया और राजनीति के तहत लगाए जा रहे दोषों का खंडन करते हुए शासन-प्रशासन से निष्पक्ष जाँच करने की मांग की।जिलाध्यक्ष प्रभात कृष्णा ने कहा कि हमें योगी सरकार पर भरोसा हैं इस सरकार में किसी भी बेगुनाह पर अनुचित कार्यवाही का होना संभव ही नहीं हैं। हम शासन प्रशासन से मांग करते हैं कि निष्पक्ष जाँच करके ही उचित कार्यवाही अमल में लायी जाए, अनावश्यक किसी भी सामाजिक व्यक्ति को प्रताड़ित न किया जाए।जिला उपाध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू ने माननीय मुख्यमंत्री और भाजपा नेतृत्व से मांग करते हुए कहा कि वह वैश्य समाज के भामाशाहों पर राजनीतिक उद्देश्य से किये जा रहे उत्पीड़न को रोकें। यह सामाजिक तौर पर पूर्णतः अनुचित हैं।जिला महामंत्री शुभम अग्रवाल ने कहा कि वैश्य समाज के पुरोधा एवं भाजपा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष हिंदूवादी नेता राजेश सिंघल को झूठे मुकदमे में फंसाने की निंदा करते हैं। राजेश सिंघल पिछले लगभग 35 वर्षों से समाज की निरंतर सेवा करते आ रहे हैं।

जिला सम्भल में वैश्य समाज का प्रमुख चेहरा है। प्रशासन द्वारा वैश्य भामाशाह पर मुकदमा लगाकर उनका उत्पीड़न करना सरासर गलत है। वैश्य समाज के इस उत्पीड़न से समाज में गलत संदेश जाएगा। इस दौरान मुरादाबाद मण्डल प्रभारी सुमंत गुप्ता, जिलाध्यक्ष प्रभात कृष्णा, अनुज वार्ष्णेय अन्नू, शुभम अग्रवाल, संजीव गुप्ता, देवेन्द्र गुप्ता मोनू, मुदित गर्ग, ऋषभ रस्तोगी, मयंक वार्ष्णेय चिंकल आदि रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की हुई मौत

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता

सम्भल। गुन्नौर नगर के मोहल्ला सराय में संदिग्ध परिस्थितियों में एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंचे महिला के मायके वालों ने हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को मौके पर बुलाया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गुन्नौर के मोहल्ला सराय निवासी नसरीन पत्नी स्वर्गीय शमीम की 12 वर्ष पूर्व शादी हुई थी।5 वर्ष पूर्व उसके पति की दुर्घटना में मौत हो गई।उसके दो बच्चे एक लड़की एक लड़का हैंउस्कीअपने देवर के साथ बैठने की बात चल रही थी लेकिन देवर ने आठ दिन पूर्व अपना निकाह कर लिया।फिर अपनी पत्नी को घर पर लेकर आ गया।मोहल्ले के लोगों को कहना है कि लगता है इसी बात को लेकर महिला ने घर के अंदर ही अपने कमरे में रात्रि में फांसी लगा ली। सुबह घर वालों ने कमरे का दरवाजा खोलकर देखा तो महिला फांसी के फंदे पर लटकी हुई थी।मोहल्ले वालों ने फोन कर मायके पक्ष को सूचना दी मौके पर पहुंचे मायके वालों ने फोन कर पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# श्री वेंकेटेश्वरा विश्वविद्यालय में अम्बेडकर जयन्ती पखवाड़े का समापन

### ■समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पहुंची उत्तर प्रदेश शासन की माध्यमिक शिक्षा मन्त्री श्रीमती गुलाबो देवी ने अम्बेडकर जयन्ती पखवाड़ा में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिता के विजेता छात्र-छात्राओं के साथ-साथ यू.पी. बोर्ड की दसवीं एवं बारहवीं के प्रदेश की टॉप-टेन सूची में स्थान बनाने वाले एवं जिला टापर विद्यार्थियों को सम्मान प्रतिक एवं नकद पुरस्कार देकर किया सम्मानित

### ■अम्बेडकर जी ने गरीबों, शोषितों, वंचितों के उत्थान के लिए संविधान में ऐसा शानदार प्रावधान किया, जिससे आज देश समता पूरक राष्ट्र बनने की ओर तेजी से अग्रसर है :डा. सुधीर गिरि

### ■संविधान की मूल भावना के सम्मान से देश का अखण्ड एवं विकसित राष्ट्र @ 2047 बनना तय: डा. राजीव त्यागी

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो





अमरोहा। श्री वेंकेटेश्वरा विश्वविद्यालय में गत पन्द्रह दिनों से चले आ रहे अम्बेडकर जयन्ती पखवाड़ा का समापन हो गया।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए उत्तर प्रदेश की माध्यमिक शिक्षा मन्त्री ने इस पखवाड़े के विभिन्न प्रतियोगिताओ के विजेताओं के साथ-साथ यू.पी. बोर्ड के दसवीं एवं बारहवीं के प्रदेश की टॉप-टेन सूची एवं जिला टापर विद्यार्थियों को सम्मान प्रतीक एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि माध्यमिक शिक्षा मन्त्री गुलाबो देवी ने कहा कि भारत रत्न बाबा साहेब द्वारा दुनिया के सबसे शक्तिशाली संविधान के निर्माण से गरीब, शोषित, वंचित एवं देश के अन्तिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को भी शिक्षा, स्वास्थ्य, समानता, रोजगार जैसे मौलिक अधिकारों एवं मूलभूत सुविधाओं का बराबर लाभ मिल रहा है। ताकि देश का प्रत्येक व्यक्ति सम्मान के साथ अपना जीवन यापन कर सके।

श्री वेंकेटेश्वरा विश्वविद्यालय के डा. सी.वी. रमन सभागार में पन्द्रह दिवसीय अम्बेडकर जयन्ती पखवाडे.का समापन समारोह का शुभारम्भ मुख्य अतिथि माध्यमिक शिक्षा मन्त्री उत्तर प्रदेश शासन श्रीमती गुलाबो देवी, संस्थापक अध्यक्ष डा. सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डा. राजीव त्यागी, जिलाध्यक्ष श्री उदयगिरि गोस्वामी, कुलपति प्रो.(डा.) कृष्णकान्त दवे, युवा मोर्चा के अध्यक्ष शुभम चौधरी आदि ने सरस्वती माँ की प्रतिमा के सन्मुख दीप प्रज्वलित करके किया।

इस अवसर पर कुलसचिव प्रो.(डा.) पीयूष पांडेय, महाकवियित्री डा. मधु चतुर्वेदी, देश के वरिष्ठ कवि एवं साहित्यकार डा. दिनेश रघुवंशी, मशहूर बालीवूड सिंगर सोनू ठकराल, डी.आई.ओ.एस. विष्णु प्रताप सिंह, हिमांशु त्यागी, डा. राजेश सिंह, डा. टी.पी. सिंह, डा. विश्वनाथ झा, डा. एस.एन. साहू, डा. लक्ष्मण सिंह रावत, डा. योगेश्वर शर्मा, डा. आशुतोष गौतम, डा. एना एरिक ब्राउन, डा. मनीष शर्मा, डा. मंजरी राणा, डा. आशुतोष सिंह, डा. अश्विनी सक्सेना, डा. धीरज दुबे, डा. ओमप्रकाश सिंह, डा. अनिल कुमार जायसवाल, डा. स्नेहलता गोस्वामी, डा. आरती गुप्ता, डा. ज्योति सिंह, डा. शिल्पा रैना, कुमारी स्मिता चंद्रा, डा. विकास पांडे, डा. नीतू पंवार, श्रीमती दीक्षा चौहान, हिमानी गरजोला, कुमारी तनु श्री व्यास, डा. पूर्वा बाला, सुश्री पूजा ठाकुर, कुमारी अंजलि ठाकुर, डा. अमित कुमार , डा.सहर्ष वाल्टर, हिमानी चौहान, अनुषा कर्णवाल, सुमनदीप कौर, पूजा एरी, हरप्रीत कौर, अखिल कुमार एवं मेरठ परिसर से निदेशक डा. प्रताप सिंह एवं मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### गैंगस्टर एक्ट के आरोपी को 02 वर्ष, 02 माह के कठोर कारावास व अर्थदंड से किया दण्डित

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता/सम्भल पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा चलाये जा रहे अभियान ₹ऑपरेशन कनविक्शन₹ के दृष्टिगत सम्भल पुलिस के द्वारा गुणवत्तापूर्ण विवेचना तथा अभियोजन द्वारा अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी पैरवी कराकर सजा दिलाने के क्रम में मंगलवार को मु0अ0सं0 249/2015 धारा 3(1) गैंगस्टर एक्ट थाना सम्भल जनपद सम्भल में पुलिस की प्रभावी पैरवी पर सम्बन्धित अभियुक्त शहनवाज निवासी मौ० तस्तपुर मिंया सराय थाना सम्भल जनपद सम्भल को न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सम्भल, स्थित चन्दौसी द्वारा अभियुक्त शहनवाज उपरोक्त को मुकदमा उपरोक्त में दोष सिद्ध करते हुए 02 वर्ष, 02 माह के कठोर कारावास व 5,000/- रुपए के अर्थदंड से दण्डित किया गया। सजा कराये जाने में धनन्जय पाण्डेय एस.पी.ओ, कोर्ट मोहर्रिर हे0का0 विनोद कुमार राठौर, कोर्ट पैरोकार हे0का0 सत्यपाल सिंह थाना सम्भल का सराहनीय योगदान रहा।

### मुकदमे में एक वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता/सम्भल पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल कृष्ण कुमार के कुशल निर्देशन में जनपद सम्भल में मंगलवार को कानून व्यवस्था, अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाये गये अभियान में 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार थाना रजपुरा दिनांक 27.04.2025 को थाना रजपुरा पर पीड़िता प्रेमवती पत्नी नीरेश निवासी जहानपुर की मढईया थाना रजपुरा जनपद सम्भल की तहरीरी सूचना कि अभियुक्तों द्वारा नल के विवाद को लेकर पीड़िता व पीड़िता के पति के साथ गाली गलौज, मारपीट करना तथा जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध में थाना रजपुरा पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था।मंगलवार को थाना रजपुरा पुलिस टीम द्वारा मु0 बीएनएस में वांछित अभियुक्त हरीश निवासी ग्राम भोजीपुरा पावई थाना जरीफनगर जनपद बदायूं हाल निवासी ग्राम जहानपु की मढईया थाना रजपुरा जनपद सम्भल को सिघौली कल्लू से जहानपुर जाने वाले रास्ते पर से उ0नि0 अमरेन्द्र चौहान थाना रजपुरा जनपद सम्भल,का0 विकाश कुमार,का0 विक्रान्त सिंह। के द्वारा गिरफ्तार कर न्यायलय भेजा गया है।

### मुकदमे मे 06 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता/सम्भल पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल कृष्ण कुमार के कुशल निर्देशन में जनपद सम्भल में मंगलवार को कानून व्यवस्था, अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाये गये अभियान में 06 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार थाना हयातनगर मंगलवार को थाना हयातनगर पुलिस टीम मु0अ0सं0 धारा भादवि में वारण्टी अभियुक्त जीशान,फिरोज निवासीगण ग्राम सिकन्दरपुर थाना हयातनगर जनपद सम्भल तथा मुङ्क परिवाद, धारा भादवि महराब,सरफराज , शादाब निवासीगण ग्राम घुंघावली थाना हयातनगर जनपद सम्भल अभियुक्ता मुकीम पत्नी मेहराब निवासी ग्राम घुघावली थाना हयातनगर जनपद सम्भल को अभियुक्तों के घर से थानाध्यक्ष संजीव कुमार थाना हयातनगर जनपद सम्भल,उ0नि0 जितिन कुमार, 3. 30नि0 मौ० नदीम, 4. म0उ0नि0 रितु गिरि, उ0नि0 महेंद्र कुमार शर्मा, उ0नि0 श्री कृष्ण कुमार,का0 पवन कुमार, का0 मौ0 तहसीम,का0 अक्षय सिवाच,का0 प्रदीप कुमार, हो०गा0 धर्मेन्द्र कुमार थाना हयात नगर जनपद सम्भल के द्वारा गिरफ्तार कर न्यायलय भेजा गया है।

### आम जनमानस व चालकों को यातायात नियमो की दी जानकारी

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता/सम्भल पुलिस अधीक्षक संभल कृष्ण कुमार व अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन व पुलिस क्षेत्राधिकारी यातायात के नेतृत्व में चलाए जा रहे यातायात जागरूकता एवं डिजिटल रोड सेफ्टी अभियान परवाह (उंशी) के अंतर्गत मुख्य आरक्षी सोनू अहलावत के द्वारा कस्बा संभल में यातायात नियमों संबंधी जागरूकता कार्यक्रम किया गया। जिसमे वाहन चालकों को यातायात नियमों के महत्व का बोध कराया। सड़क चिन्हों एवं यातायात नियमों को विस्तार से समझाया गया। जिसमें हेलमेट लगाकर वाहन चलाएं।शराब पीकर वाहन न चलाएं। चार पहिया वाहन चलाते समय हमेशा सीट बेल्ट धारण करें।वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग ना करे। आप अपने परिवार के लिए बहुत अनमोल है सुरक्षित यात्रा करें। राहगीरों को यातायात नियमों के बारे में समझाया।

# बाबा साहब की निकली शोभायात्रा



नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता

सम्भल गुन्नौर में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के जन्मोत्सव को धूमधाम से मनाया गया। उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया।मंगलवार को नगर गुन्नौर में विभिन्न प्रकार की झांकियां को शामिल किया गया।झांकियां सदर बाजार,मोहल्ला सराय,मोहल्ला टँकी आदि से गुजरीं।बाबा साहब की शोभायात्रा में सपा नेता अमित यादव नें भी माल्यार्पण कर उन्हें याद किया।

इस मौके पर चेयरमैन पति धर्मेन्द्र प्रजापति,डॉ मुकेश चंद्र,अनेक पाल, बबलू, रवि कुमार,शरद यादव,विकास कुमार,अवधेश,अख्तर अली शमीम अहमद राजपाल सिंह सुनील कुमार सिंह जय सिंह आदि लोग शोभायात्रा में मौजूद रहे।

## शोभा यात्रा में चली बेल्टे पुलिस ने किया मामले को शांत

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता

गुन्नौर में बाबा सहाब अंबेडकर की शोभायात्रा मे शामिल युवक आपस में भिड़ गए देखते ही देखते मारपीट इतना बढ़ गई की दोनों ओर से बेल्ट निकल आई और एक दूसरे पर बेल्ट मारना शुरू कर दिया यह नजारा देख वहां मौजूद लोगों ने शोर शराबा मचाया तो झांकी के साथ में चल रही पुलिस ने एकदम पहुंचकर युवकों को पकड़ा और मामले को



शांत कराया फिर उसके बाद शोभा यात्रा को आगे बढ़ाया गया।

## जिला जज ने आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर दिए दिशा निर्देश



नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता

चंदौसी सम्भल। मंगलवार को नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत/अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश, संभल स्थित चंदौसी अवधेश कुमार सिंह द्वारा दी गई।उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी दिशा-निदेर्शों के अनुपालन में प्रस्तावित आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांकित 10.05.2025 के सफलता पूर्वक आयोजन एवं व्यापक प्रचार-प्रसार के संबंध में जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेशानुसार मंगलवार को समय 4.30 बजे जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कमलेश कच्छल के विश्राम कक्ष में नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत/ अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश संभल स्थित चंदौसी एवं शासन के अन्य अधिकारीगण के साथ एक बैठक आयोजित की गयी। उक्त बैठक में अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, संभल स्थित चंदौसी द्वारा आगामी लोक अदालत में विवादों को जल्दी, किफायती और सौहार्दपूर्ण तरीके से हल करने तथा अधिक से अधिक वादों के निस्तारण के संबंध में दिशा-निर्देश दिए गए। उपरोक्त बैठक के अवसर पर नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत / अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश संभल स्थित चंदौसी अवधेश कुमार सिंह, एस.डी.एम., संभल रमेश बाबू, एस.आई. मॉनिटरिंग सेल राजाराम, एस.एच.ओ. चंदौसी मोहित कुमार, इंस्पेक्टर सम्मन सेल नरेशपाल सिंह आदि उपस्थित रहें।

## सुलह- समझौते द्वारा अधिक से अधिक वादों का करे निस्तारण : प्रभारी सचिव



नेशनल एक्सप्रेस मनीष शर्मा, अंशुल सिंह

चंदौसी सम्भल। मंगलवार को प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अर्चना सिंह-प्रथम द्वारा बताया गया कि उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी दिशा-निदेर्शों के अनुपालन में प्रस्तावित आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांकित 10.05.2025 के सफलता पूर्वक आयोजन एवं व्यापक प्रचार-प्रसार के संबंध में जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेशानुसार दिनांक- 29.04.2025 को प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, संभल स्थित चंदौसी के विश्राम कक्ष में एक बैठक समस्त बैंक शाखा प्रबंधकगण जनपद संभल के साथ आयोजित की गयी। उक्त बैठक में प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, संभल स्थित चंदौसी द्वारा आगामी लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं राष्ट्रीय लोक अदालत द्वारा लोन से जुड़े मामलो को सुलझाने, तथा सुलह- समझौते द्वारा अधिक से अधिक वादों के निस्तारण के संबंध में दिशा-निर्देश दिये गये। इस संबंध में वाद कारियों, बैंक अधिकारियों एवं अन्य अधिकारियों की मीटिंग समय-समय पर आयोजित की जायेंगी ताकि राष्ट्रीय लोक अदालत का प्रचार-प्रसार व्यापक स्तर पर किया जा सके एवं दिनांक 10.05.2025 को प्रस्तावित राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक-से-अधिक वादों का निस्तारण कर उसे सफल बनाया जा सके। इस दौरान बैठक मे बैंक ऑफ बड़ौदा से पंकज कुमार सिंह, जिला सहकारी बैंक लि. चंदौसी से पंकज कुमार शाही, एल.डी.एम. ऑफिस से कुलदीप सागर, पंजाब नेशनल बैंक चंदौसी से सूरज रावत, इंडियन बैंक से देववृत, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया से पवन कुमार सिंह, केनरा बैंक चंदौसी से रोहित कुमार सिंह एवं यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के बैंक मैनेजर आदि उपस्थित रहे।

## शशि मदन पब्लिक स्कूल के छात्रों ने स्केटिंग प्रतियोगिता में लहराया परचम

नेशनल एक्सप्रेस मनीष शर्मा



चंदौसी : शशि मदन पब्लिक स्कूल, चंदौसी के छात्रों ने ₹ फर्स्ट इंटर स्कूल ओपन रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप 2025-26₹ में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय और चंदौसी का नाम रोशन किया। यह प्रतियोगिता 27 अप्रैल को ओजोन स्केटिंग रिंक, महुआ खेड़ा, अलीगढ़ (उ.प्र.) में आयोजित हुई थी।प्रतियोगिता में आरव फारोलया व अहान रस्तोगी ने अंडर-6 वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल जीते। अंडर-10 वर्ग में अधर्व यादव ने गोल्ड मेडल तथा रश्मित कुमार ने सिल्वर मेडल पर कब्जा जमाया। अंडर-12 वर्ग में राज गोस्वामी ने सिल्वर मेडल तथा लौकिक, ऋतिक और अंनत ने ब्रॉन्ज मेडल जीतकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया।विद्यालय के कोच जितेंद्र कुमार को ₹बेस्ट स्केटर कोच₹ घोषित किया गया।विद्यालय के प्रबंध तंत्र ने विजेताओं को बधाई देते हुए उनके परिश्रम और समर्पण की सराहना की। उन्होंने भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए छात्रों को प्रेरित किया और कोच एवं अभिभावकों के सहयोग का आभार व्यक्त किया।

## एएमयू के अहमदी स्कूल में डेंटल हेल्थ कैंप का आयोजन



नेशनल एक्सप्रेस

अलीगढ़। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के डॉ0 जेड0ए0 डेंटल कॉलेज के पीरियोडोंशिया और कम्युनिटी डेंटिस्ट्री विभाग द्वारा ह्यवर्ल्ड डे फॉर सेफ्टी एंड हेल्थ एट वर्कह्न के अवसर पर अहमदी स्कूल फॉर द विजुअली चौलेंज्ड में एक डेंटल हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप का उद्देश्य मुख स्वास्थ्य के महत्व के बारे में जानकारी प्रदान करना था। डेंटल कालिज के डॉ0 प्रमोद कुमार यादव और डॉ. सैयद अमान अली की निगरानी में जूनियर रेजिडेंट्स और इंटर्न्स की टीम ने 70 छात्रों की मुख जांच की और उन्हें टूथपेस्ट वितरित किया। जिन छात्रों में दंत संबंधी समस्याएं पाई गईं, उन्हें इलाज के लिए डॉ. जेड.ए. डेंटल कॉलेज रेफर किया गया। विभागाध्यक्ष डॉ0 नेहा अग्रवाल ने कहा किदृष्टिबाधित बच्चों को उपचार देना हमारी पहली प्राथमिकता है। कार्यक्रम अहमदी स्कूल की प्राचार्या डॉ0 नायला राशिद और डॉ0 जेड.ए. डेंटल कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर आर.के. तिवारी के सहयोग से आयोजित किया गया।

## ई-रिक्शा चालकों व मालिकों के साथ गोष्ठी का आयोजन



नेशनल एक्सप्रेस

अलीगढ़। जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार जनपद अलीगढ़ में ई-रिक्शों का संचालन सुव्यवस्थित किये किये जाने हेतु ई-रिक्शा जोनल प्रणाली लागू किये जाने क्रम में सुझाव प्राप्त करने हेतु यातायात लाइन्स में पुलिस अधीक्षक यातायात मुकेश चन्द उत्तम के पर्यवेक्षण में ई-रिक्शा एशोसिएशन के पदाधिकारीगण शोएब शेरवानी, अध्यक्ष ई-रिक्शा चालक कल्याण संघ, शाकिर अली, सचिव अध्यक्ष ई-रिक्शा चालक कल्याण संघ, राकेश कुमार, सदस्य ई-रिक्शा चालक कल्याण संघ के साथ-साथ लगभग 150 ई-रिक्शा चालकों व मालिकों के साथ गोष्ठी आयोजित की गयी। जिसमें अनुराग वर्मा निरीक्षक आर0टी0ओ0, कमलेश कुमार निरीक्षक यातायात, विनय सागर शुक्ल निरीक्षक यातायात, नेपाल सिंह प्रभारी ई-चालान उपस्थित रहे। इस दौरान उपस्थित ई-रिक्शा एसोशिएशन के पदाधिकारीगण एवं ई-रिक्शा चालकों व मालिकों को ई-रिक्शा जोन प्राणाली लागू किये जाने की योजना के सम्बन्ध में अवगत कराया गया। जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में ई-रिक्शा जोन प्रणाली लागू किये जाने हेतु सॉफ्टवेयर तैयार किया गया है। जिसके सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी देते हुये उपस्थित ई-रिक्शा पदाधिकारीगण एवं ई-रिक्शा चालकों व मालिकों द्वारा जोन प्रणाली लागू किये जाने हेतु इच्छा जाहिर की गयी है। इस योजना का सभी दौरान समर्थन किया गया तथा अपना सुझाव एवं फीडबैक दिया। इस प्रकार अन्य समस्त तकनीकी कार्यवाही पूर्ण करने उपरान्त शीघ्र ई-रिक्शा जोन प्रणाली को लागू किया जायेगा।

## ऑपरेशन जागृति अभियान के अंतर्गत महिलाओं व बालिकाओं को किया गया जागरूक

नेशनल एक्सप्रेस




अलीगढ़। मंगलवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन में ऑपरेशन जागृति अभियान के क्रम में थाना प्रभारियों, महिला पुलिसकार्मिकों द्वारा महिला एवं बालिकाओं को ऑपरेशन जागृति-4 के उद्देश्यों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्रदान की जा रही है और अभियान का जन-जन तक प्रचार प्रसार करने की अपील की गई। श्रीमती अनुपम कुलश्रेष्ठ अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन आगरा द्वारा जोन स्तर पर महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा, सशक्तिकरण, संवाद व परामर्श एवं विभिन्न प्रकार के अपराधों के बारे में जागरूकता पैदा करने हेतु जोन स्तर पर ऑपरेशन जागृति अभियान की शुरूआत की गयी थी। ऑपरेशन जागृति-4 के मुख्य उद्देश्य महिलाओं के प्रति होने वाले अपराध की रोकथाम, उनकी सुरक्षा, समानता व अधिकार पर चर्चा, महिलाओं को मोहरा बनाकर झूठे केस दायर करना, किशोरावस्था में प्रेम प्रसंगों के कारण घर से पलायन, साइबर हिंसा व सुरक्षा, नशे के दुष्परिणामों से बचाव व पारिवारिक विघटन के मामलों पर चर्चा शामिल है।

प्रशिक्षित बीट पुलिस अधिकारी, थाना प्रभारी व बीट इंचार्ज द्वारा अपने अपने क्षेत्रों के ग्राम पंचायत स्तर पर गाँवों मौहल्ले में महिलाओं एवं किशोरियों के साथ समन्वय करते हुए विभिन्न कार्यक्रम, नुक्कड़ सभा आयोजित कर जागृति के उद्देश्यों के प्रति जागरुक किया जा रहा है ।बीट पुलिस अधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत व विद्यालयों में भ्रमण कर छात्राओं को जागरुक किया जा रहा है। ऑपरेशन जागृति अभियान की सहायता से महिलाओं व बालिकाओं के प्रति अपराधों में कमी आयेगी, गलत सूचनाएं दर्ज करने मे भी कमी आयेगी, कांउसलिंग और रिपोर्टिंग सिस्टम मजबूत होगा, पलायन सम्बन्धी मामलों में भी कमी आयेगी। इन सभी परिस्थितियों में सामाजिक जागरूकता, संवाद शिक्षा और परामर्श की बेहद आवश्यकता है ताकि महिलायें एवं बालिकायें इस प्रकार के षडयंत्रों का शिकार न बने, भावनाओं में बहकर अपना जीवन बर्वाद न करें और उन्हें मोहरा न बनाया जाए, यदि वास्तव में उनके साथ किसी प्रकार का अपराध घटित होता है तो वह सच बोलने की हिम्मत रख पाये।

## वेश प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने की उत्साहपूर्वक सहभागिता

नेशनल एक्सप्रेस



अलीगढ़। सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल, खैर मार्ग में आज वेश प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें विद्यार्थियों का वेश की पूर्णतः एवं स्वच्छता के आधार पर चयन किया गया। नर्सरी में आर्यन चौधरी, एल के जी में हरशिव जोशी, यू के जी में यशिका, प्रथम में माधव जोशी, द्वितीय में माधव सारस्वत, तृतीय में अयांश शर्मा, चतुर्थ में कृष्णकांत, पंचम में चंद्रकांत, षष्ठम में मनु ठाकुर, सप्तम में आराध्या भारद्वाज, अष्टम में गुरविंदर सिंह, नवम में देवांशी चौधरी, दशम में भूमिका शर्मा, द्वादश में वंशिका जायसवाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक डॉ. राजीव अग्रवाल ने सभी विद्यार्थियों से कहा कि स्वच्छता जीवन का महत्वपूर्ण पहलू है। हमारा वेश स्वच्छ होगा तो मन स्वच्छ होगा। व्यवस्थित वेश हमारे दैनिक जीवन का अंग होना चाहिए। विद्यालय के प्रधानाचार्य यशवीर सिंह ने कहा कि विद्या भारती द्वारा विद्यार्थियों में अपने वेश को महत्व देने के लिए प्रतियोगिता आयोजित की जाती है। इससे विद्यार्थी अपने वेश के प्रति सजग रहते हैं। वेश प्रतियोगिता में शिक्षक अतुल कुमार शर्मा, जितेंद्र सैनी, राजकुमार जी एवं नीलम भारद्वाज ने निरीक्षक की भूमिका निभाई। विद्यालय के उप प्रधानाचार्य अशोक कुमार, प्रतियोगिता प्रमुख दिनेश पाल सिंह एवं पंकज कुमार का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

# प्रदेशीय विद्युत व्यवस्था संबंधी जांच समिति द्वारा जिलों की विद्युत व्यवस्था की समीक्षा बैठक संपन्न

नेशनल एक्सप्रेस




अलीगढ़। उत्तर प्रदेश की विधान परिषद की प्रदेशीय विद्युत व्यवस्था संबंधी जांच समिति की बैठक कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष सदस्य विधान परिषद दिनेश कुमार गोयल द्वारा की गई। इस अवसर पर विधान परिषद सदस्य विजय बहादुर पाठक, जितेंद्र सिंह सेंगर, डॉ0 मानवेन्द्र प्रताप सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती विजय सिंह, महानगर अध्यक्ष ई0 राजीव शर्मा की भी सहभागिता रही। समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी संजीव रंजन, सीडीओ प्रखर कुमार सिंह, सीडीओ हाथरस सुरेश केसरवानी, सीडीओ एटा नागेंद्र नारायण मिश्रा, मुख्य अभियंता (विद्युत) पंकज अग्रवाल, मुख्य अभियंता एटा व हाथरस संदीप पांडेय, अधीक्षण अभियंता पी ए मोगा, अंशुमान यादव, मनीष गुप्ता, ए0के0 वर्मा, दीपांशु सहाय, एस ई ट्रांसमिशन रामबरन, अधिशासी अभियंता एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

सभापति दिनेश कुमार गोयल ने बताया कि समिति का उद्देश्य विद्युत व्यवस्था में सुधार लाना है। उपभोक्ता को किसी किस्म की दिक्कत या परेशानी नही होनी चाहिए। वह हमारे भगवान की तरह है। लोड बढ़ाए जाने के सबंध में दी गई सुविधाओं एवं 1912 का भी व्यापक प्रचार किया जाए। प्रत्येक विद्युत उपकेन्द्र पर रजिस्टर रखा जाए ताकि मैनुअल आने वाली शिकायतों का पंजीकरण कर समस्याओं का समाधान सुनिश्चित हो। उपकेंद्र पर अधिकारियों एवं गैंग के सदस्यों के नाम लिखे जाएं। जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाई जा रही समस्याओं शिकायतों का सम्मानजनक तरीके से प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। समिति द्वारा 21 बिंदुओं पर जिलेवार समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान विशेष रूप से विद्युत आपूर्ति की स्थिति और उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराने की व्यवस्थाएँ, ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में बिजली कटौती की स्थिति एवं उसके समाधान के लिए किए जा रहे प्रयास, उपभोक्ताओं द्वारा विद्युत बिलों के भुगतान की स्थिति एवं बकाया वसूली, ट्रांसफार्मरों की उपलब्धता एवं क्षतिग्रस्त ट्रांसफार्मरों के त्वरित प्रतिस्थापन की व्यवस्था, विद्युत चोरी रोकने के लिए उठाए गए कदम एवं इसके विरुद्ध की गई कार्रवाई, बिजली लाइनें एवं खम्भों की मरम्मत व रखरखाव की वर्तमान स्थिति, ग्रीष्मकालीन मौसम को देखते हुए विद्युत मांग प्रबंधन की तैयारियों पर चर्चा एवं समीक्षा की गई। समिति के अध्यक्ष दिनेश कुमार गोयल ने विद्युत अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने और सुव्यवस्थित बनाने के लिए वह समुचित कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं की शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण प्राथमिकता पर किया जाए और विद्युत चोरी रोकने के लिए अभियान चलाए जाएं। बैठक में उपस्थित विद्युत अधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति की वर्तमान स्थिति, समस्याओं एवं किए जा रहे सुधारात्मक प्रयासों की जानकारी प्रस्तुत की।

समिति सदस्य विजय बहादुर पाठक ने कहा कि विकास योजनाओं में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की भागीदारी एवं सहभागिता सुनिश्चित की जाए। जनप्रतिनिधियों को विश्वास में लेते हुए विकास सबंधी प्रस्ताव तैयार किए जाएं। उन्होंने अधिकारियों से स्पष्ट कहा कि उपभोक्ताओं को निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति देना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि विद्युत शिकायत निवारण की व्यवस्था को और प्रभावी बनाया जाए और उपभोक्ताओं का हर स्तर पर संतोषजनक समाधान सुनिश्चित किया जाए। विद्युत अधिकारियों ने बैठक में बताया कि विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं, जिनमें लाइन लॉस कम करना, ट्रांसफार्मर स्टॉक बढ़ाना और हेल्पलाइन सेवाओं को मजबूत करना शामिल है। समिति ने तीनों जिलों की विद्युत व्यवस्था पर संतोष व्यक्त करते हुए कुछ बिंदुओं पर शीघ्र आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। समिति ने सुझाव दिए कि प्रत्येक तीन माह पर मीटर रीडर के एरिया में परिवर्तन किया जाए, इससे शिकायतों में कमी आएगी। विद्युत अधिकारियों एवं कर्मचारियों के मोबाइल उठने चाहिए, यदि वह कहीं व्यस्त हैं तो कॉल बैक करें। सभी अधिकारी फील्ड विजिट करते हुए निरीक्षण रिपोर्ट अवश्य तैयार करें, अनुपालन भी सुनिश्चित कराएं। विद्युत खम्भों पर तारों का मकड़जाल नहीं होना चाहिए, इसको कम करने के लिए सबंधित से संवाद कर समन्वय स्थापित कर लक्ष्य प्राप्त करें। विभागीय अधिकारी लाइन लॉस को शून्य करने की दिशा में कार्य करते हुए एनालिसिस करें कि विद्युत ट्रांसफार्मर अधिक न जलें। संविदा श्रमिकों का भुगतान समय पर किए जाने के साथ ही सामूहिक बीमा की धनराशि की अवश्य कटौती की जाए, ताकि किसी भी अप्रिय घटना-दुर्घटना के उपरांत परिवार को अभिलंब आर्थिक सहायता प्राप्त कराई जा सके। बैठक में उप सचिव संजय अग्रहरि, समीक्षा अधिकारी पुनीत दुबे, अपर निजी सचिव अजय कुमार, वृत्त लिपिक अजय प्रजापति, एसपी क्राइम ममता कुरील, डीडीओ आलोक आर्य, पीडी डीआरडीए भाल चन्द त्रिपाठी, सीएमओ डॉ0 नीरज त्यागी एवं सभी अधिशासी अभियंता एवं अन्य अधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## संपादकीय

# यह सवालों का समय नहीं

**सबसे** महत्वपूर्ण और प्रथम राष्ट्र है। प्रधानमंत्री, नेता प्रतिपक्ष, सांसद, राजनीतिक दल और देश के औसत नागरिक उसके हिस्से हैं। राष्ट्र का अस्तित्व है, तो सभी का अस्तित्व है। पहलगाम नरसंहार हमारे भारत की आत्मा, अस्तित्व और संप्रभुता पर हमला था। उसे तनिक भी भुलाया नहीं जा सकता। भारत को हिंदू और मुसलमान में विभाजित कर आघात नहीं किया जा सकता। हम ऐसा आघात बर्दाश्त नहीं करेंगे, क्योंकि राष्ट्र के सवाल पर सभी समुदाय एकजुट हैं। नरसंहार के बाद सर्वदलीय बैठक बुलाई गई थी। उसमें सवाल जरूर उठे होंगे, लिहाजा मोदी सरकार ने खुफिया-सुरक्षा चूक को भी स्वीकार किया। जो नेता कट्टरपंथी किस्म के दिखाई देते हैं, आज वे भी सरकार के साथ हैं और प्रधानमंत्री मोदी के किसी भी फैसले का समर्थन कर रहे हैं। वक्फ जैसा संवेदनशील मुद्दा नेपथ्य में डाल दिया गया है। फिलहाल आतंकवाद पर आंख गड़ी है और उसे सबक सिखाना है। प्रधानमंत्री ने 'मन की बात' के जरिए नरसंहार के पीड़ित परिवारों के साथ अपनी व्यथा और अपना गुस्सा साझा किए हैं। एक बार फिर उन परिवारों को आश्वस्त किया गया है कि न्याय जरूर मिलेगा। हमले के दोषियों और साजिश रचने वालों को कठोरतम जवाब जरूर दिया जाएगा। प्रधानमंत्री को एहसास है कि हर भारतीय का खून, आतंकी हमले की तस्वीरों को देखकर, खौल रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के इस आश्वासन पर भरोसा करना चाहिए। हमले के तुरंत बाद आतंकियों और उनके आकाओं पर पलटवार के तौर पर हमला नहीं किया जा सकता। यह भी कूटनीतिक और सामरिक रणनीति का हिस्सा है। दिल्ली से कश्मीर तक बैठकों और गहन जांच के दौर जारी हैं। जांच में इसरो को भी शामिल किया गया है। 10 आतंकियों के घर जमींदोज कर दिए गए हैं। कुछ घरों में विस्फोटक भी दिखे हैं। करीब 2000 संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ जारी है। तीनों सेनाओं के प्रमुख और चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात कर चुके हैं। प्रधानमंत्री मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के बीच 40 मिनट की मुलाकात हुई।

जाहिर है कि पाकिस्तान पर हमले के प्रारूपों पर विमर्श हुआ होगा! दुनिया के 40-45 देशों के राष्ट्राध्यक्षों, राष्ट्रपतियों, प्रधानमंत्रियों आदि ने प्रधानमंत्री मोदी से फोन पर बातचीत की है और आतंकवाद के खिलाफ भारत को भरपूर समर्थन दिया है। प्रमुख मुस्लिम देश भी भारत के साथ खड़े हैं। चीन, तुर्किये सरीखे देशों ने भी पाकिस्तान को सार्वजनिक समर्थन नहीं दिया है। वे पाकिस्तान की फितरत और हकीकत जानते हैं। क्या कुछ विपक्षी दलों को ये गतिविधियां दिखाई नहीं देती हैं? यह सवालों का नहीं, राष्ट्र के तौर पर एकजुट दिखने का समय है। प्रधानमंत्री का सर्वदलीय बैठक में न आ पाना कोई बुनियादी सवाल नहीं है। बैठक में रक्षा मंत्री और गृह मंत्री थे, जो सुरक्षा और खुफिया संबंधी सवालों के प्रति पूरी तरह जवाबदेह होते हैं। क्या उनकी मौजूदगी महत्वपूर्ण नहीं थी? यह फरवरी, 2019 के पुलवामा आतंकी हमले में इस्तेमाल किए गए कथित 300 किग्रा आरडीएक्स विस्फोटक पर बार-बार सवाल करने का समय नहीं है। यह किसी कथित आतंकी को भाजपा का टिकट देने पर सवाल करने का भी समय नहीं है। यह आतंकी हमले गिनवाने का भी समय नहीं है। घटना 1984 की है, लिहाजा तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की उनके आधिकारिक आवास में हत्या को सबसे अहम सुरक्षा चूक करार देना आज न तो प्रासंगिक है और न ही उचित समय है। यह युद्ध की संभावनाओं पर सोचने और रणनीति तैयार करने का समय है। एक अंतरराष्ट्रीय शोध रपट के मुताबिक, यदि भारत-पाक में पूर्ण युद्ध छिड़ा, तो भारत का नुकसान 0.65 फीसदी और पाकिस्तान का 0.95 फीसदी होगा। युद्ध की कीमत और प्रभाव की भरपाई में भारत को 7.5 साल और पाकिस्तान को करीब 10 साल लग सकते हैं। इसमें परमाणु युद्ध के नुकसान और असर शामिल नहीं हैं। बेशक पाकिस्तान पर फिलहाल 13085 करोड़ डॉलर का कर्ज है। पाकिस्तान की जीडीपी का 65.7 फीसदी कर्ज है। कल्पना कीजिए कि युद्ध के फलितार्थ क्या हो सकते हैं? कांग्रेस आश्वस्त रहे कि जो भी निर्णय लिया जाएगा, वह व्यापक और निर्णायक होगा।

---

**अक्षय तृतीया 30 अप्रैल पर विशेष**

# भौतिकता एवं आध्यात्मिकता की अक्षय मुस्कान का पर्व



ललित गर्ग

विभिन्न सांस्कृतिक एवं मांगलिक ढांचों में ढले अक्षय तृतीया पर्व में हिन्दू-जैन धर्म, संस्कृति एवं परम्पराओं का अनूठा संगम है। इस प्रकार अक्षय तृतीया पर किए गए कार्यों जैसे जप-तप, यज्ञ, पितृ-तर्पण, दान-पुण्य आदि का साधक को अक्षय फल प्राप्त होता है। भगवान आदिनाथ ने ही सबसे पहले समाज में दान का महत्व समझाया था, इसलिए इस दिन पर जैन धर्म के लोग आहार दान, ज्ञान दान, औषधि दान करते हैं। रास्ते चाहे कितने ही भिन्न हों पर इस पर्व त्यौहार के प्रति सभी जाति, वर्ग, वर्ण, सम्प्रदाय और धर्मों का आदर-भाव अभिन्नता में एकता का प्रिय संदेश दे रहा है।

अक्षय तृतीया महापर्व का न केवल सनातन परम्परा में बल्कि जैन परम्परा में विशेष महत्व है। इसका लौकिक और लोकोत्तर-दोनों ही दृष्टियों में महत्व है। अक्षय शब्द का अर्थ है कभी न खत्म होने वाला। संस्कृत में, अक्षय शब्द का अर्थ है 'समृद्धि, आशा, खुशी, सफलता', जबकि तृतीया का अर्थ है 'चंद्रमा का तीसरा चरण'। इस त्यौहार के साथ-साथ एक अबूझा मांगलिक एवं शुभ दिन भी है, जब बिना किसी मुहूर्त के विवाह एवं मांगलिक कार्य किये जा सकते हैं। विभिन्न सांस्कृतिक एवं मांगलिक ढांचों में ढले अक्षय तृतीया पर्व में हिन्दू-जैन धर्म, संस्कृति एवं परम्पराओं का अनूठा संगम है। इस प्रकार अक्षय तृतीया पर किए गए कार्यों जैसे जप-तप, यज्ञ, पितृ-तर्पण, दान-पुण्य आदि का साधक को अक्षय फल प्राप्त होता है। भगवान आदिनाथ ने ही सबसे पहले समाज में दान का महत्व समझाया था, इसलिए इस दिन पर जैन धर्म के लोग आहार दान, ज्ञान दान, औषधि दान करते हैं। रास्ते चाहे कितने ही भिन्न हों पर इस पर्व त्यौहार के प्रति सभी जाति, वर्ग, वर्ण, सम्प्रदाय और धर्मों का आदर-भाव अभिन्नता में एकता का प्रिय संदेश दे रहा है। आज के युद्ध, आतंक, आर्थिक प्रतिस्पर्धा एवं अशांति के समय में संयम एवं तप की अक्षय परम्परा को जन-जन की जीवनशैली बनाने की जरूरत है।

अक्षय तृतीया इस वर्ष 30 अप्रैल, 2025 को है। भगवान परशुराम का जन्म अक्षय तृतीया के दिन हुआ था, इसलिये भगवान विष्णु के छठे अवतार परशुराम का जन्मदिन मानते हैं। वैष्णव मंदिरों में उनकी पूजा की जाती है। महर्षि वेदव्यास ने इसी दिन से महाभारत लिखना शुरू किया था। अक्षय तृतीया के दिन महाभारत के युधिष्ठिर को अक्षय पात्र मिला था। इसकी विशेषता थी कि इसमें भोजन कभी समाप्त नहीं होता था। इसी पात्र से वह अपने राज्य के गरीब व निर्धन को भोजन देकर उनकी सहायता करते थे। इसी आधार पर मान्यता है कि इस दिन किए जाने वाला दान-पुण्य का भी कभी क्षय नहीं होता है। इस दिन साधु-संतों के साथ ब्राह्मणों-गरीबों को भोजन कराकर व वस्त्र दान करने के साथ गायों को हरा चारा खिलाने का विशेष महत्व है। वहीं पक्षियों को परिंडे लगाकर दाने-पानी की व्यवस्था करने से विशेष लाभ मिलता है और भगवान श्री विष्णु की कृपा अपने भक्तों पर हमेशा बनी रहती है।



अक्षय तृतीया विवाहित या अविवाहित महिलाओं के लिए क्षेत्रीय रूप से महत्वपूर्ण है, जो अपने जीवन में पुरुषों की भलाई के लिए या भविष्य में उनकी सगाई होने वाले पुरुष के लिए प्रार्थना करती हैं। प्रार्थना के बाद, वे अंकुरित चने (अंकुरित), ताजे फल और भारतीय मिठाइयां वितरित करते हैं। यह दिन किसानों, कुंभकारों एवं शिल्पकारों के लिए भी यह बहुत महत्व का दिन है। बैलों के लिए भी बड़े महत्व का दिन है। प्राचीन समय से यह परम्परा रही है कि आज के दिन राजा अपने देश के विशिष्ट किसानों को राज दरबार में आमंत्रित करता था और उन्हें अगले वर्ष बुवाई के लिए विशेष प्रकार के बीज उपहार में देता था। लोगों में यह धारणा प्रचलित थी कि उन बीजों की बुवाई करने वाले किसान के धान्य-कोष्ठक कभी खाली नहीं रहते। यह इसका लौकिक दृष्टिकोण है। अक्षय तृतीया पर महाराष्ट्र के लोग नया व्यवसाय शुरू करते हैं, घर खरीदते हैं और महिलाएं सोना खरीदती हैं। लोग इस त्यौहार को परिवार के साथ मनाते हैं और महाराष्ट्रीयन पूरन पोली (गुड़ और दाल के मिश्रण से भरी चपाती) और आमरस (आम की एक मोटी प्यूरी) से बने नैवेद्य जैसे भोजन का भोग लगाकर देवी-देवताओं की पूजा करते हैं।

ओडिशा में, अक्षय तृतीया आगामी खरीफ सीजन के लिए चावल की बुवाई के शुभारंभ के दौरान मनाई जाती है। यह दिन अच्छी फसल के आशीर्वाद के लिए किसानों द्वारा धरती माता, बैलों और अन्य पारंपरिक कृषि उपकरणों और बीजों की पूजा के साथ शुरू होता है। जगन्नाथ मंदिर के रथ यात्रा उत्सव के लिए रथों का निर्माण भी इसी दिन पुरी में शुरू होता है। तेलुगू भाषी तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में यह त्यौहार समृद्धि और दान से जुड़ा है। सिंहचलम मंदिर में इस दिन विशेष उत्सव अनुष्ठान किए जाते हैं। मंदिर के मुख्य देवता को साल के बाकी दिनों में चंदन के लेप से ढका जाता है और केवल इसी दिन देवता पर लगे चंदन की परतें हटाई जाती हैं ताकि अंतर्निहित मूर्ति दिखाई दे। इस दिन वास्तविक रूप या निज रूप दर्शनम का प्रदर्शन होता है।

लोकोत्तर दृष्टि से अक्षय तृतीया पर्व का संबंध जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभ के साथ जुड़ा हुआ है। तपस्या हमारी संस्कृति का मूल तत्व है, आधार तत्व है। कहा जाता है कि संसार की जितनी समस्याएं हैं तपस्या से उनका समाधान संभव है। संभवतः इसीलिए लोग विशेष प्रकार की तपस्याएं करते हैं और तपस्या के द्वारा संसार की आध्यात्मिक एवं भौतिक दोनों संपदाओं को हासिल करने का प्रयास करते हैं। जैन धर्म में वर्षीतप यानी एक वर्ष तक तपस्या करने वाले साधक इसदिन से तपस्या प्रारंभ करके इसी दिन सम्पन्न करते हैं। यह संसार से मोक्ष की मुस्कान, शरीर को तपाने और आत्मस्थ करने का अवसर है। अक्षय तृतीया तप, त्याग और संयम का प्रतीक पर्व है। इसका सम्बन्ध भगवान ऋषभदेव के युग और उनके कठोर तप से जुड़ा होने से वर्षीतप की परम्परा चली। यह ऋषभ की दीर्घ तपस्या के समापन का दिन है। अपने आदिदेव की स्मृति में जैन धर्म के विभिन्न सम्प्रदायों में असंख्य श्रावक-श्राविकाएं वर्षीतप करते हैं। इस दिन देशभर में आचार्यों और मुनियों के सान्निध्य में अनेक आयोजन होते हैं। इसका मुख्य आयोजन हस्तिनापुर (जिला मेरठ- उत्तर प्रदेश) में श्री शांतिनाथ जैन मन्दिर में एवं प्राचीन नसियांजी, जो भगवान ऋषभ के पारणे का मूल स्थल पर आयोजित होता है, वहां पर देशभर से हजारों तपस्वी एकत्र होते हैं और अपनी तपस्या का पारणा करते हैं। तपस्या को जैन धर्म साधना में अत्यन्त महत्पूर्ण स्थान दिया जाता है। मोक्ष के चार मार्गों में तपस्या का स्थान कम महत्वपूर्ण नहीं है। तपस्या आत्मशोधन की महान प्रक्रिया है और इससे जन्म जन्मांतरों के कर्म आवरण समाप्त हो जाते हैं। जरूरत इस बात की है कि इसकी साधना से जीवन विकास की सीख हमारे चरित्र की साख बने। हममें अहं नहीं, निर्दोष शिशुभाव जागे। यह आत्मा के अभ्युदय की प्रेरणा बने।

अक्षय तृतीया का पावन पवित्र त्यौहार निश्चित रूप से धर्माराधना, त्याग, तपस्या आदि से पोषित ऐसे अक्षय बीजों को बोने का दिन है जिनसे समयान्तर पर प्राप्त होने वाली फसल न सिर्फ पारिवारिक, सामाजिक एवं राष्ट्रीय उत्साह को शतगुणित करने वाली होगी वरन अध्यात्म की ऐसी अविरल धारा को गतिमान करने वाली भी होगी जिससे सम्पूर्ण मानवता सिर्फ कुछ वर्षों तक नहीं पीढ़ियों तक स्नात होती रहेगी। अक्षय तृतीया के पवित्र दिन पर हम सब संकल्पित बनें कि जो कुछ प्राप्त है उसे अक्षुण्ण रखते हुए इस अक्षय भंडार को शतगुणित करते रहें। यह त्यौहार हमारे लिए एक सीख बने, प्रेरणा बने और हम अपने आपको सर्वोतमुखी समृद्धि की दिशा में निरंतर गतिमान कर सकें। अच्छे संस्कारों का ग्रहण और गहरापन हमारे संस्कृति बने। तभी अक्षय तृतीया पर्व की सार्थकता होगी। सनातन धर्म में इसी दिन शादियों के भी अबूझ एवं स्वयंसिद्ध मुहूर्त रहता है और थोक में शादियां होती है। अक्षय तृतीया को आखा तीज भी कहा जाता है। अक्षय तृतीय हिन्दु पंचाग अनुसार वैशाख मास में शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को कहते है। माना जाता है कि इस दिन जो भी कार्य किए जाते हैं वे पुरी तरह सफल होते हैं एवं शुभ कार्यों को अक्षय फल मिलता है। साथ ही यह भी मान्यता है कि अक्षय तृतीया के दिन अपने अच्छे आचरण और सद्गुणों से दूसरों का आशीर्वाद लेना अक्षय रहता है। साथ ही अक्षय तृतीया के दिन सोना खरीदना अत्यंत शुभ माना जाता है तथा गृह प्रवेश, पदभार ग्रहण, वाहन खरीदना, भूमि पूजन आदि शुभ कार्य करना अत्यंत लाभदायक एवं फलदायी होते हैं। इतना ही नहीं अक्षय तृतीया के दिन ही वृंदावन के बांके बिहारी के चरण दर्शन एवं प्रमुख तीर्थ बद्रीनाथ के पट (द्वार) भी अक्षय तृतीया को ही खुलते हैं।

---

## 30 अप्रैल : इतिहास की अहम घटनाएं

1956 अमेरिका के पूर्व उप राष्ट्रपति और सीनेटर एल्बेन बार्कली की वर्जीनिया में एक भाषण के दौरान मौत।

1963 ब्रिस्टल में एक बहिष्कार का आयोजन किया गया था ताकि ब्रिस्टल ओम्निबसकम्पेन द्वारा ब्लैक या एशियन बस क्रू को नौकरी देने से इंकार कर दिया जाए, यूनाइटेड किंगडम में नस्लीय भेदभाव के लिए राष्ट्रीयता का चित्रण किया जाए।

1975 अमेरिकी सेनाओं द्वारा अपने हेलीकॉप्टर खाली करने, दक्षिण वियतनाम के नागरिकों और शहर से तीसरे देश के नागरिकों को समाप्त करने के कुछ ही समय बाद उत्तर वियतनाम के सैनिकों ने साइगॉन पर कब्जा कर लिया, दक्षिण वियतनाम के बिना शर्त आत्मसमर्पण के साथ वियतनाम युद्ध को समाप्त कर दिया।

1975 वियतनाम युद्ध का अंत हुआ।

1993 महिला टेनिस खिलाड़ी के रूप में नंबर एक स्थान पर रहीं मोनिका सेलेस को एक मैच के दौरान पीछे खड़े खिलाड़ी स्टीफी ग्राफ ने देख लिया था।

1995 लॉरा डेविस ने एलपीजीए चिक-फिल्म-ए चैरिटी गोल्फ चैंपियनशिप जीती।

1997 लंदन एश्योरेंस, '72 प्रदर्शनों के लिए मानदंड थिएटर न्यूयॉर्क सिटी में खुलता है।

1997 अटलांटा ब्रेव्स ने अप्रैल में रिकॉर्ड 19 गेम जीते।

1997 ताजिक राष्ट्रपति इमोमाली राखोनोव हत्याकांड के प्रयास में घायल हो गए।

2002 पाकिस्तान में राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ़ के अगले 5 वर्षों के कार्यकाल में वृद्धि के लिए जनमत संग्रह सम्पन्न।

2004 द न्यू यॉर्कर पत्रिका ने 10 मई को एक लेख और सहायक पोस्टपेड पोस्ट किया, जिसमें अबू ग़रीब कैदी बग़दाद में कैदियों के अमेरिकी कर्मियों द्वारा यातना और हत्या के विवरणों का विवरण दिया गया था।

2004 फ़ुजुला (ईराक) में हिंसा में 10 अमेरिकी सैनिक मारे गये।

2005 नरेश के असाधारण अधिकार बरकरार रखते हुए नेपाल में इमरजेंसी समाप्त।

2007 नेत्रहीन पायलट माइल्स हिल्टन ने विमान से आधी दुनिया का चक्कर लगाकर रिकार्ड बनाया।

2009 बाकू में एक सार्वजनिक विश्वविद्यालय, अज़रबैजान स्टेट ऑयल एकेडमी में एक बंदूकधारी शूटिंग की होड़ में गया, जिसमें आत्महत्या करने से पहले 12 लोगों की मौत हो गई।

2010 दीपवाटर होराइजन तेल फैल लुइसियाना तट तक पहुँचता है; मौसम की सफाई के प्रयासों को बाधित करने का अनुमान है।

2012 लगभग समाप्त हो चुके वन वर्ल्ड ट्रेड सेंटर ने एम्पायर स्टेट बिल्डिंग को न्यूयॉर्क शहर की सबसे ऊंची इमारत के रूप में पछाड़ दिया।

2012 चेन गुआंगचेंग के घर गिरफ्तारी के बाद, अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा ने नेत्रहीन चीनी असंतुष्ट पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया, जो कथित तौर पर अमेरिकी दूतावास में गए थे।

2013 सबसे बड़े गैर-बैंक बॉन्ड की पेशकश की शुरुआत Apple, Inc. ने $ 17 बिलियन में की है।

2013 एक ट्रेकिआ के बिना जन्मे, एक 2 वर्षीय कोरियाई-कनाडाई बच्चा इतिहास में सबसे कम उम्र का मरीज है, जिसे स्टेम कोशिकाओं से बने बायोइंजिनेरेड अंग प्राप्त करना है; उसे इलिनोइस के चिल्ड्रन हॉस्पिटल में प्रत्यारोपित अंग प्राप्त हुआ।

2013 नीदरलैंड की महारानी बीट्रिक्स ने पद छोड़ा और विलियम अलेक्जेंडर नीदरलैंड के राजा बने।

---

## समसामयिक

# सुरक्षा और संवेदना के दोराहे पर 'ऑपरेशन कगार'



ऋषभदेव शर्मा

**छत्तीसगढ़-तेलंगाना** सीमा पर माओवादियों के खिलाफ सुरक्षा बलों द्वारा चलाया जा रहा ऑपरेशन कगार न केवल एक बड़े नक्सल-विरोधी अभियान के रूप में उभरा है, बल्कि राजनीतिक क्षेत्र में भी तीखी बहस को जन्म दे रहा है। जहाँ एक ओर केंद्र सरकार इसे उग्रवाद के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई के रूप में पेश कर रही है, वहीं दूसरी ओर तेलंगाना में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) और सत्ताधारी कांग्रेस का रुख अलग दिख रहा है। दरअसल, यह अभियान अब सुरक्षा, मानवाधिकार और संघीय सहयोग के सवालों को लेकर बेहद संवेदनशील मुद्दा बन गया है। केंद्र सरकार का रुख स्पष्ट है - माओवादियों के ठिकानों को खत्म करने के लिए यह एक आवश्यक और विलंबित कदम है। वर्षों से मध्य भारत में वामपंथी उग्रवाद से जूझ रही केंद्र सरकार अपनी 'जीरो टॉलरेंस' नीति को और मजबूती देने के मूड में दिख रही है। सरकारी अधिकारियों के अनुसार, सीमा क्षेत्र के जंगल लंबे समय से उग्रवादियों के सुरक्षित आश्रयस्थल बने हुए हैं, जहाँ से वे वसूली, भर्ती और नागरिकों तथा सुरक्षा बलों पर हमले संचालित करते हैं। नई दिल्ली के लिए यह अभियान महज़ राजनीतिक संदेश नहीं, बल्कि ठोस सुरक्षा परिणाम हासिल करने की कोशिश है। उग्रवाद को उसकी जड़ों से उखाड़ फेंकना और उपेक्षित इलाकों में स्थायी शांति लाना!

ग़ौरतलब है कि केंद्र के इस रुख को के. चंद्रशेखर राव और उनकी पार्टी बीआरएस ने चुनौती दी है। उन्होंने इस ऑपरेशन को जल्दबाज़ीपूर्ण और असंवेदनशील बताते हुए इसे तुरंत रोकने की अपील की है। उन्हें आशंका है कि इस तरह की कठोर कार्रवाई स्थानीय आदिवासी आबादी को और अधिक अलग-थलग कर सकती है, जो अक्सर माओवादी और सुरक्षा बलों के बीच पिस जाती है। साथ ही वे इसे सहकारी संघवाद की भावना का उल्लंघन मानते हैं। बीआरएस के नेताओं ने चेतावनी दी है कि यदि जमीनी स्तर पर सूक्ष्म समझ के बिना यह अभियान जारी रहता है तो दीर्घकालीन अविश्वास की स्थिति पैदा हो सकती है। कहना न होगा कि बीआरएस का यह रुख केवल शासन व आदिवासी अधिकारों की चिंता को ही नहीं दर्शाता, बल्कि इसके पीछे एक राजनीतिक पृष्ठभूमि भी नज़र आती है। भावी स्थानीय चुनावों के मद्देनज़र, हाल के राजनीतिक झटकों से उबरने की कोशिश कर रही बीआरएस केंद्र की 'आक्रामक राष्ट्रवाद' की नीति से खुद को अलग दिखाना चाहती है और संवेदना व संवाद की पैरोकार बनकर उभरना चाहती है। वहीं, तेलंगाना में सत्तासीन कांग्रेस ने इस मुद्दे पर सतर्क रुख अपनाया है। वरिष्ठ नेताओं ने 'जल्द' अपना आधिकारिक बयान जारी करने की बात कही है, जोआंतरिक मतभेदों की का सूचक भी हो सकता है। ऐसा लगता है कि कांग्रेस एक संतुलित रास्ता तलाश रही है। एक ओर वह माओवादी हिंसा के उन्मूलन के पक्ष में है, दूसरी ओर कथित 'अति सैन्यीकरण' की आलोचना से भी पीछे नहीं हटना चाहती, खासकर छत्तीसगढ़ में जहाँ वह राजनीतिक वापसी की कोशिश कर रही है। ऐसे में कांग्रेस खुद को एक मध्यम मार्गी आवाज़ के रूप में स्थापित करना चाहती है। सुरक्षा उपायों का समर्थन, लेकिन सामाजिक-आर्थिक प्रयासों के अभाव में कठोरता की आलोचना!

इस बीच, ऐसी भी खबरें हैं कि माओवादियों ने 'शांति वार्ता' के लिए ऑपरेशन कगार को एक महीने तक रोकने का अनुरोध किया है। यह प्रस्ताव वास्तविक है या केवल एक रणनीतिक चाल; इस पर बहस हो सकती है। फिर भी यह सवाल तो उठता ही है कि, जब वार्ता की थोड़ी सी भी संभावना दिखे तो सरकार को टकराव के बजाय क्या संवाद को प्राथमिकता नहीं देनी चाहिए? इस तरह, 'ऑपरेशन कगार' फिलहाल एक अहम दोराहे पर है। जहाँ सुरक्षा और कानून-व्यवस्था से कोई समझौता नहीं हो सकता, वहीं यह भी जरूरी है कि ऐसे अभियान मानवीय, पारदर्शी और राजनीतिक रूप से समावेशी हों। केंद्र के लिए राज्यों - विशेष रूप से तेलंगाना और छत्तीसगढ़ - के साथ सार्थक संवाद स्थापित करना आवश्यक है, क्योंकि वे स्थानीय सामाजिक-सांस्कृतिक परिस्थितियों को बेहतर समझते हैं। स्थानीय विश्वास के बिना कठोर उपायों से अल्पकालिक सफलता तो पाई जा सकती है, लेकिन दीर्घकालिक अस्थिरता का खतरा अपनी जगह कायम रहता है!

---

**परशुराम जयंती पर विशेष**

# त्रेता और द्वापर युग से चिरंजीवी है भगवान परशुराम!



डॉ, श्रीगोपाल नारसन एड.

भगवान विष्णु के अवतार भगवान परशुराम चिरंजीवी हैं। वे भगवान श्रीराम के समय भी थे और भगवान श्रीकृष्ण के समय भी मौजूद रहे, वही आज भी उन्हें साक्षात जीवित देव ही माना जाता है। भगवान परशुराम ने ही श्रीकृष्ण को सुदर्शन चक्र उपलब्ध कराया था। किदवदन्ति है कि महेंद्रगिरि पर्वत भगवान परशुराम की तपस्या स्थली रही है और उसी पर्वत को कल्पांत तक तपस्या के लिए उन्होंने चुना। कहते है, एक बार भगवान गणेश ने परशुराम को शिव दर्शन करने से रोक दिया था, जिससे रुष्ट होकर परशुराम ने उन पर अपने फरसे से प्रहार किया, जिससे उनका एक दांत टूट हो गया और तभी से वे एकदंत हो गए। त्रेतायुग में सीता स्वयंवर में शिव धनुष टूटने पर वे पहले बहुत नाराज हुए और फिर क्रोध शांत होने पर श्रीराम का सम्मान भी किया। द्वापर युग में उन्होंने असत्य वचन के लिए दंड स्वरूप कर्ण को सारी विद्या विस्मृत होने का श्राप दिया था, साथ ही भीष्म, द्रोण व कर्ण को शस्त्र विद्या प्रदान की थी। भगवान परशुराम को

विष्णु का छठा ' अवतार' माना जाता है। जबकि श्रीराम सातवें अवतार थे। भगवान परशुराम का जन्म 5142 वि.पू. वैशाख शुक्ल तृतीया के प्रथम प्रहर में हुआ था। इनका जन्म सतयुग और त्रेता का संधिकाल भी माना जाता है। भगवान परशुराम का जन्म 6 उच्च ग्रहों के योग के समय में हुआ। जन्म तिथि अक्षय तृतीया होने कारण इसी दिन परशुराम जयंती मनाई जाती है। साहित्यकार शिवकुमार सिंह कौशिकेय द्वारा किये गए एक शोध के तहत परशुराम का जन्म वर्तमान बलिया के खैराडीह में बताया गया है। उत्तर प्रदेश के



शासकीय बलिया गजेटियर में परशुराम का चित्र सहित संपूर्ण विवरण उपलब्ध होना बताया गया है।

एक किंवदंती में मध्यप्रदेश के इंदौर के पास स्थित महू से कुछ ही दूरी पर स्थित जानापाव की पहाड़ी पर भगवान परशुराम का जन्म होना बताया गया है। यहां पर परशुराम के पिता ऋषि जमदग्नि का आश्रम है। कहते हैं कि प्रचीन काल में इंदौर के पास ही मुंडी गांव में स्थित रेणुका पर्वत पर माता रेणुका रहती थीं।

एक अन्य मान्यता में छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में घने जंगलों के बीच स्थित कलचा गांव में स्थित एक शतमहला है। जमदग्नि ऋषि की पत्नी रेणुका इसी महल में रहती थीं और भगवान परशुराम को उन्होंने यही जन्म दिया था। शाहजहांपुर के जलालाबाद में जमदग्नि आश्रम से करीब दो किलोमीटर पूर्व दिशा में हजारों साल पुराने मन्दिर के अवशेष मिलते हैं जिसे भगवान परशुराम की जन्मस्थली कहा जाता है। महर्षि ऋचीक ने महर्षि अगत्स्य के अनुरोध पर जमदग्नि को महर्षि अगत्स्य के साथ दक्षिण में कोंकण प्रदेश मे धर्म प्रचार का कार्य करने लगे। कोंकण प्रदेश का राजा जमदग्नि की विद्वता पर इतना मोहित हुआ कि उसने अपनी पुत्री रेणुका का विवाह इनसे कर दिया। इन्ही रेणुका के पांचवें गर्भ से भगवान परशुराम का जन्म हुआ। जमदग्नि ने गृहस्थ जीवन में प्रवेश करने के बाद धर्म प्रचार का कार्य बन्द कर दिया और राजा गाधि की स्वीकृति लेकर इन्होंने अपना जमदग्नि आश्रम स्थापित किया और अपनी पत्नी रेणुका के साथ वहीं रहने लगे। राजा गाधि ने वर्तमान जलालाबाद के निकट की भूमि जमदग्नि के आश्रम के लिए चुनी थी। जमदग्नि ने आश्रम के निकट ही रेणुका के लिए कुटी बनवाई थी आज उस कुटी के स्थान पर एक अति प्राचीन मन्दिर बना हुआ है जो आज 'ढकियाइन देवी' के नाम से सुप्रसिद्ध है। भगवान परशुराम के लिए जहां अपने पिता की आज्ञा सर्वोपरि रही वही वे अपने क्रोध व शिव भक्ति के लिए भी जाने जाते है। कहा जाता है कि एक बार उन्होंने अपने पराक्रम से नदियों तक की दिशा मोड़ दी थी। वास्तव में भगवान परशुराम एक ऐसे देव है जिन्हें चिरंजीवी होने का गौरव प्राप्त है।

खबरें फटाफट

## आतंकवाद के खिलाफ जनता में आक्रोश



कानपुर। ऑल इंडिया फिल्म्स एण्ड फ्रे ट र नि टी एसोसिएशन के द्वारा कश्मीर में आतंकियों के द्वारा शहीद पर्यटकों को श्रद्धांजलि दी गई । राकेश तिवारी पूर्व जिला महामंत्री भाजपा व अयोध्या से आई कवयित्री चंद्र मती ने अपने रचनाओं से श्रद्धांजलि अर्पित किया।

संस्था के अध्यक्ष भानु प्रकाश शुक्ल ने इस कुकृत्य की भर्त्सना की और कहा कि सरकार को इसका मुंह तोड़ जवाब देना चाहिए , मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार मिश्रा व उपाध्यक्ष जितेंद्र कुमार ने कहा कि इस कायराना हरकत से सभी देशवासियों के दिलों में आक्रोश है और पाकिस्तान को सिखाने का जुनून है , इसका मुंहतोड़ जवाब देने की जरूरत है और सरकार के द्वारा पाकिस्तान के निवासियों का वीजा रद्द करके वापस भेजने और पानी रोकने के निर्णय का स्वागत किया गया।

## वक्फ कानून के विरोध में आज रात 15 मिनट ब्लैक आउट करेंगे कानपुर के मुसलमान

कानपुर। आज बुधवार को यहां लाखों की संख्या वाले मुसलमान रात 9:00 बजे से 15 मिनट तक के लिए बिजली बंद रखकर वक्फ कानून के खिलाफ अपना विरोध प्रदर्शन करेंगे। 15 मिनट के लिए विद्युत उपयोग बंद रखने का निर्णय वक्फ कानून के विरोध में ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड, जमीअत उलमा हिंद, जमाअत इस्लामी, जमीअत अहले हदीस के आह्वान पर लिया गया है।

मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की अगुवाई में लिए गए इस निर्णय के मुताबिक आज बुधवार रात 9 बजे से 9.15 बजे तक देशव्यापी बिजली बंद करके ब्लैकआउट रखा जाएगा। मतलब मुस्लिम समुदाय 15 मिनट तक अपने कारखानों, दुकानों, घरों की बिजली बंद रखेंगे। इस संबंध में ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के वरिष्ठ संस्थापक सदस्य प्रोफेसर मोहम्मद सुलेमान का कहना है कि वक्फ कानून के विरोध में बोर्ड ने पहले जो खाका तैयार किया है, उसी पर अमल होगा।

## सम्भागीय परिवहन कर्मचारी संघ का चुनाव सम्पन्न, अम्बरीश राव अध्यक्ष, श्याम करन बने महामंत्री

कानपुर। सम्भागीय परिवहन कर्मचारी संघ , कानपुर नगर का द्विवार्षिक चुनाव मुख्य चुनाव अधिकारी /अध्यक्ष राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की अध्यक्षता में आरटीओ कार्यालय में सम्पन्न हुआ। चुनाव में निर्वाचित अध्यक्ष, महामंत्री, कोषाध्यक्ष व संठन मंत्री का नाम घोषित किया गया। चुनाव में निवाचित पदाधिकारियों में संरक्षक मधूसूदन मिश्रा, अध्यक्ष अम्बरीश राव, वरि. उपाध्यक्ष मो. सरफराज , उपाध्यक्ष बचचू लाल, महामंत्री श्याम करन यादव, संठन मंत्री शिवम सिन्हा, कोषाध्यक्ष मघुर मिश्रा, संप्रेक्षक विपिन कुमार व प्रचार मंत्री दिनेश कुशवाहा रहे। सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को आरटीओ राकेन्द्र कुमार सिंह, एआरटीओ आलोक कुमार सिंह ने बधाई दी।

सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को फूलमाला पहना कर एवं मिष्ठान खिला कर उनका मुंह मीठा कराया गया ।

# पीडब्ल्यूडी में अनुपस्थित मिले 7 कर्मचारी ,डीएम ने जताई नाराजगी ,रोका जाएगा वेतन

नेशनल एक्सप्रेस डी के सिंह



कानपुर । जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह मंगलवार को चुन्नीगंज स्थित पीडब्ल्यूडी ऑफिस पहुंचे। यहां पर उन्होंने हाजिरी रजिस्टर मंगवा कर सभी कर्मचारी के नाम बोल-बोलकर जांचे। इस दौरान सात कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए।,जबकि दो कर्मचारी पिछले दो दिनों से गायब मिले। ऐसे में कर्मचारियों से स्पष्टीकरण मांगा गया है अन्यथा वेतन रोकने की बात कही गयी है।

जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह चुन्नीगंज स्थित लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) पहुंचे। जहां हमेशा की तरह उन्होंने सबसे पहले हाजिरी रजिस्टर चेक किया। इस दौरान अधिशासी अभियंता राकेश यादव उपस्थित पाए गए लेकिन सात कर्मचारी रवि शंकर, ओमेन्द्र सिंह सचान, मो. आरिफ, वरिष्ठ सहायक विजयलक्ष्मी, कनिष्ठ सहायक रंजना देवी, प्रेम चन्द्र शर्मा और संजय, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। साथ ही रवि शंकर, ओमेन्द्र सिंह सचान 28 अप्रैल को भी अनुपस्थित थे। जिसके संबंध में कोई अवकाश प्रार्थना पत्र भी अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध नहीं कराया गया। जिस पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए एक दिन का वेतन रोकने का आदेश देने के साथ-साथ लिखित तौर पर स्पष्टीकरण भी मांगा है।

जिलाधिकारी ने कहा कि कार्यालय में बिना पूर्व अनुमति के कर्मचारियों का अनुपस्थित रहना तथा विगत दिवस में अनुपस्थित कर्मचारियों का उपस्थिति पंजिका में प्रविष्टि न होना यह प्रदर्शित करता है कि अधिशासी अभियंता द्वारा अपने पर्यवेक्षणीय कार्य में सजगता नहीं बरती जा रही है, जो उचित नहीं है। इस संबंध में अधिशासी अभियंता, निर्माण खण्ड(भवन) को निर्देशित किया जाता है कि उपरोक्त के सबंध में अपना स्पष्टीकरण अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

## दि गैंजेस क्लब के कर्मचारी व उनके परिवार जनों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कैंप का किया आयोजन



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

कानपुर। गैंजेस क्लब में स्वास्थ कैंप का आयोजन क्लब के चेयरमैन मलिक विजय कपूर ने किया। इस अवसर पर शुगर के बारे में विस्तार से बताया और कहा की शुगर से डरने की कोई जरूरत नहीं है नियमित व्यायाम व नियमित चेकअप से शुगर से बचा जा सकता है उन्होंने ये भी कहा की जिन लोगो को शुगर है वो लोग भी अपनी लाइफ स्टाइल को चेंज करके शुगर से निजात पा सकते है। समस्त स्टाफ के हृदय शुगर की जांच की गयी। इस अवसर पर मलिक विजय कपूर ने भी लोगो को सलाह दी की नियमित टहलना और नियमित व्यायाम ही शुगर से बचने का तरीका है लोगो को जंक फूड से बचना चाहिए। गैंजस क्लब के चेयरमैन विजय कपूर ने इस अवसर पर क्लब के समस्त स्टाफ और उनके परिवारजनों एवं पत्रकारों का निशुल्कः शुगर की जांच की गयी और उनका मेडिकल चेकअप किया गया। इस अवसर पर क्लब के चेयरमैन विजय कपूर के अतिरिक्त क्लब के सचिव नवीन मल्होत्रा कमेटी सदस्य, सत्यदीप सिंह, अरुण वाधवा, क्लब के जीएम मोहित अवस्थी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# खुद को आंबेडकर के समकक्ष खड़ा करना चाहते हैं अखिलेश : डॉ. लालजी




नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

लखनऊ,। दलित चिंतक एवं विधान परिषद सदस्य डॉ. लालजी प्रसाद निर्मल ने समाजवादी पार्टी के होर्डिंग में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की आधी तस्वीर काटकर उस हिस्से में अखिलेश यादव की तस्वीर लगाए जाने पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने इसे घोर आपत्तिजनक बताते हुए कहा कि यह बाबा बाबा साहब का अपमान है।

डॉ. लालजी प्रसाद निर्मल ने कहा कि हम अंबेडकरवादी लोग बाबा साहब का अपमान किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव का कृत्य खुद दलित विरोधी है। उन्होंने अपने शासनकाल में दलित कार्मिकों के प्रमोशन में आरक्षण पर रोक लगाई जिससे लाखों दलित अधिकारियों और कर्मचारियों को डिमोशन का दंश झेलना पड़ा। दलित समाज अभी तक इसे भूला नहीं है।

उन्होंने कहा कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव दलितों को अपमानित करने का कोई भी मौका नहीं छोड़ते। बाबा साहब की आधी तस्वीर काटकर उसमें अपनी आधी तस्वीर लगाकर वे शायद दलित समाज को यह बताना चाहते हैं कि वे बाबा साहब के बराबर हैं, लेकिन उनके इस कृत्य से दलित समाज न सिर्फ आहत है बल्कि इसे अखिलेश द्वारा जानबूझकर बाबा साहब का अपमान किए जाने का कुत्सित प्रयास मान रहा है।

डॉ. निर्मल ने कहा कि अखिलेश यादव ने अपने मुख्यमंत्रित्व काल में डॉ. भीमराव आंबेडकर के नाम से बने संस्थानों से डॉ. आंबेडकर का नाम हटा दिया था। इतना ही नहीं बाबा सहब की पत्नी रमाबाई आंबेडकर के नाम से बने जिले कानपुर देहात से भी रमाबाई अंबेडकर का नाम हटाया था। डॉ. निर्मल ने कहा अगर अखिलेश यादव के दिल में बाबा साहब के प्रति थोड़ा भी सम्मान है तो उन्हें बाबा साहब की आधी तस्वीर के साथ अपनी जोड़ी गई तस्वीर को तत्काल हटाना चाहिए और इसके लिए दलित समाज से सार्वजनिक तौर पर माफी मांगनी चाहिए।

# थाना मंगलपुर ने मिशन शक्ति विशेष अभियान के पांचवें चरण में व्यापक जन-जागरूकता कार्यक्रम का किया आयोजन

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



कानपुर। कानपुर देहात के थाना मंगलपुर ने मिशन शक्ति विशेष अभियान के पांचवें चरण में व्यापक जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम मंगलपुर कस्बा के ग्राम चीरखारी, पाल नगर, पी.टी.एन स्कूल और जूनियर हाई स्कूल में आयोजित किया गया।

थानाध्यक्ष और पुलिस टीम ने महिलाओं और छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी दी। उन्होंने महिला सुरक्षा से जुड़े विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी साझा की।

इनमें वूमेन पावर लाइन (1090), आपातकालीन पुलिस सेवा (112), महिला हेल्पलाइन (181), चाइल्ड लाइन (1098), एम्बुलेंस सेवा (108), स्वास्थ्य सेवा (102) और फायर बिग्रेड (101) शामिल हैं।

पुलिस टीम ने महिलाओं और बालिकाओं को शोहदों और मनचलों की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए प्रेरित किया।

साइबर अपराध से बचाव के लिए साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 की जानकारी भी दी गई। साथ ही ह्यूमन ट्रैफिकिंग और चाइल्ड एब्यूज के खिलाफ जागरूकता फैलाई गई।

कार्यक्रम में बाल श्रम और बाल विवाह रोकथाम पर भी चर्चा की गई। सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

पुलिस अधिकारियों ने महिलाओं और छात्राओं से निडर होकर अपनी समस्याएं साझा करने की अपील की। उन्हें जरूरत पड़ने पर हेल्पलाइन नंबरों का उपयोग करने को कहा गया।

## मेडिकल कॉलेज छात्र ने संदिग्ध परिस्थितियों में लगाई फांसी, मौत

कानपुर। गणेश शंकर विद्यार्थी मेमोरियल (जीएसवीएम) मेडिकल कॉलेज के छात्र ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस और फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल का जायजा लिया और छात्र के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। बांदा जिले के बंभरौला गांव थाना मरका निवासी मोतीलाल का बेटा अरविंद प्रजापति (19) गणेश शंकर विद्यार्थी मेमोरियल मेडिकल कॉलेज से बीसीजी टेक्नीशियन (टीबी की रोकथाम और नियंत्रण से जुड़ा कोर्स) प्रथम वर्ष का छात्र था। पिता के मुताबिक सोमवार को सुबह से लेकर शाम तक उसे कई बार फोन किया गया लेकिन उसने एक बार भी फोन नहीं उठाया। घबराए पिता हॉस्टल पहुंचे तो उसका कमरा अंदर से बंद था। आवाज देने के बाद भी छात्र ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। फिर इसकी सूचना प्रिंसिपल और पुलिस को दी गई।

## देश का पहला एसआई सपोर्टेड बनी प्राइवेट चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी




नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

प्रयागराज। भारत की नम्बर वन प्राइवेट यूनिवर्सिटी का दर्जा रखने वाली चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी ने लखनऊ में देश के पहले एआई—सपोर्टेड निजी कैम्पस की स्थापना की है। जहां छात्र—छात्राओं को छह मेन स्ट्रीम्स जिनमें इंजीनियरिंग, बिजनेस, हेल्थ और लाइफ साइंसेज समेत कुल 50 फ्यूचर ओरिएंटेड इंडस्ट्री कोलैबोरेट ग्रेजुएट व पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम का लाभ मिलेगा जो सभी एआई सपोर्टेड होंगे। यह जानकारी मंगलवार को सिविल लाइंस स्थित एक होटल में मीडिया से वार्ता करते हुए चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के चांसलर के सलाहकार प्रो. मनोज जोशी ने दी।

उन्होंने बताया कि अब विश्व उच्च शिक्षा में भी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एआई के इंटीग्रेटेड उपयोग की ओर तेजी से बढ़ रहा है। इसी दिशा में एक बड़ी पहल करते हुए चंडीगढ़ युनिवर्सिटी ने भी उत्तर प्रदेश के लखनऊ में 2500 करोड़ रुपये की लागत से देश का पहला एआई—सक्षम कैंपस स्थापित करने की घोषणा की है। जिससे चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी एआई सपोर्टेड कैंपस स्थापित करने वाली भारत की पहली निजी विश्वविद्यालय बन गया है। यह विश्वविद्यालय लखनऊ कानपुर मार्ग पर स्थित उन्नाव के एससीआर क्षेत्र में है। जहां छात्र—छात्राओं को न सिर्फ एआई—सपोर्टेड शिक्षा प्रदान की जाएगी, बल्कि इंडस्ट्री रेडी वर्कफोर्स तैयार होगी। इसे विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से भी मान्यता प्राप्त हो गई है। यह एआई—सक्षम नया कैंपस शैक्षणिक सत्र 2025—26 से शुरू होगा।

## आज का राशिफल

ज्योतिर्विद
डॉ. श्याम सुंदर पाठक 'अनन्त'



Mob:-9760800271

मेष - जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा।

वृष - हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे।

मिथुन - कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है।

कर्क - किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहें। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार मिलेंगे। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा।

सिंह - अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है।

कन्या - संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। सब्र का फल मीठा होता है अतः धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे।

तुला - महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा।

वृश्चिक - स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा।

धनु - पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। खान-पान में सावधानी रखें।

मकर - व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। सच्चाई का सहारा लें कार्यसिद्घि होगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी।

कुम्भ - जो चल रहा हैं उसे सावधानीपूर्वक संभालें। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं।

मीन - मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्वपूर्ण कार्यों को आज ही निपटा लें, उसके बाद समय व्ययकारी सिद्घ होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है।

# एग्रीजंक्शन/वन स्टॉपशॉप की स्थापना कर प्रदेश के कृषि स्नातक हो रहे हैं आत्मनिर्भर

नेशनल एक्सप्रेस डी के सिंह



कानपुर। कानपुर देहात किसानों के हितलाभ के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कृषि में प्रशिक्षित युवाओं की सेवाओं का उपयोग करने हेतु प्रदेश में यू०पी० एग्रीजंक्शन योजना संचालित की जा रही है। इस प्रशिक्षित कृषि उद्यमी स्वालम्बन योजना का उद्देश्य किसानों को उनके फसल उत्पादों के लिए कृषि केन्द्र (एग्रीजंक्शन) के बैनर तले समस्त सुविधायें ष्वन स्टाफ शॉपष के माध्यम से कृषि स्नातकों द्वारा उपलब्ध कराया जाता है। उत्तर प्रदेश कृषि केन्द्र योजना के अन्तर्गत कृषि स्नातक युवको को लाइसेंस निर्गत करते हुए कृषि केन्द्र की स्थापना कराई जा रही है। इन केन्द्रो से एक छत के नीचे किसानों को कई सुविधाये प्रदान की जा रही हैं जिनमें मृदा परीक्षण सुविधा तथा उपयोग हेतु संस्तुतियां उच्च गुणवत्ता के बीज, उर्वरक, जैव उर्वरक, माइक्रोन्यूट्रियन्ट्स, वर्मी कम्पोस्ट तथा जैव कीटनाशको सहित समस्त कृषि निवेशों की आपूर्ति लघु कृषियंत्रों को किराये पर उपलब्ध कराये जाने की व्यवस्था, प्रसार सेवाये तथा प्रक्षेत्र निर्देशन भी किया जाता है।

उक्त के अतिरिक्त कृषि केन्द्रों द्वारा कृषि उपकरणों की मरम्मत तथा अनुरक्षण पशु आहार, कृषि प्रसंस्कृति कृषि उत्पादों का विक्रय, मौसम/विपणन व अन्य सम्बन्धित सूचनाओं के लिए सूचना विज्ञापन का स्थापना कराया गया है।

राज्य सरकार द्वारा कृषि प्रशिक्षित उद्यमियों को कई सुविधायें प्रदान की जाती है। कृषि व्यवसाय गतिविधियों के लिए लाइसेन्स प्राप्त करने में सहायता तथा लाइसेन्स फीस के व्यय की प्रतिपूर्ति भी कराया जाता है। इस उदेश्य के लिए बैंकों से ऋण प्राप्त करने में सहायता तथा 04 प्रतिशत की दर से व्याज अनुदान की व्यवस्था भी की जाती है। यह अनुदान बैंक की बैंक इन्डेड सब्सिडी के रूप में रखा जाता है तथा वर्ष की समाप्ति पर ऋणी के खाते में क्रेडिट कर दिया जाता है एक वर्ष तक के लिए परिसर के किराये के 50 प्रतिशत की धनराशि जो रूपया 1000/-से अधिक न हो स्वतन्त्र कृषि केन्द्र व्यवसाय की स्थापना हेतु कृषि व्यवसाइयों् को प्रशिक्षण प्रदान कराना, लघु कृषि यंत्रों को अनुदानित दर पर किराये पर उपलब्ध कराने के लिए भी एग्रीजंक्शन कार्य करते है।

# पाकिस्तान के प्रवक्ता की तरह बयान दे रहे हैं सपा के नेता: योगी

नेशनल एक्सप्रेस उत्कर्ष सिंह



देवरिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को यहां 676 करोड़ की 501 परियोजनाओं में से 341 परियोजनाओं का लोकार्पण और 160 परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी ने सीएम युवा उद्यमी योजना के तहत ऋण की चेक, स्वयं सहायता समूह की दीदियों को 7 करोड़ 87 लाख 50 हजार धनराशि का चेक, मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना की चाबी, ट्रैक्टर की चाबी, पट्टा योजना के तहत 37 लाभार्थियों को पट्टा, दिव्यांग पेंशन, निराश्रित पेंशन की चेक सौंपी। वहीं हाईस्कूल में जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली प्रीति कुशवाहा और इंटरमीडिएट की परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली श्वेता प्रसाद को प्रशस्ति पत्र और मेडल प्रदान कर सम्मानित किया।

आतंकवाद और नक्सलवाद के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रही डबल इंजन की सरकारइस मौके पर एक जनसभा में मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि पहलगाम में पर्यटकों पर आतंकी हमले पर समाजवादी पार्टी के नेताओं के काफी शर्मनाक बयान सामने आए हैं। उनके बयान से यह पता लगाने में काफी मुश्किल हो रही है कि वह सपा के नेता का बयान है या फिर पाकिस्तान का प्रवक्ता बयान दे रहा है। योगी ने कहा कि सोमवार को मुम्बई में सपा के एक पदाधिकारी ने शर्मनाक बयान दिया। आतंकवादियों ने कानपुर के शुभम द्विवेदी की निर्मम हत्या कर दी। इस पर जब पत्रकारों ने सपा अध्यक्ष से उनके घर पर न जाने की वजह पूछी तो उन्होंने जवाब दिया कि वह हमारी पार्टी का नहीं था। यह बयान काफी दुर्भाग्यपूर्ण और शर्मनाक है।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि पूरा देश पार्टी लाइन से ऊपर उठकर घटना की निंदा कर रहा है। सपा के नेता दुर्भाग्यपूर्ण बयान दे रहे हैं। सपा का एक राष्ट्रीय महासचिव बयान देता है कि हिंदू ने ही हिंदू को मारा है। यानी पाकिस्तान को क्लीन चिट देने की कुत्सित चेष्टा की जा रही है। सपा और कांग्रेस के नेता जातिवाद, विभाजनकारी और तुष्टिकरण की राजनीति करते हैं। यह लोग ही आप सबकी सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने का कुत्सित प्रयास करते हैं। आतंकवाद और नक्सलवाद के खिलाफ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। वहीं पूरा देश एक स्वर में आतंकवाद के खिलाफ खड़ा है।

पहली बार देवरिया को मिला चार मंजिला सरकारी डिग्री कॉलेजमुख्यमंत्री योगी ने कहा कि देवरिया में वर्ष 2017 से पहले इंसेफलाइटिस से हजारों बच्चों की मौत होती थी। अब हालात बदल चुके हैं। आज देवरिया के साथ पूरे उत्तर प्रदेश में विकास की गति तेज हो गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेश ने माफिया मुक्त, दंगा मुक्त और विकास की दिशा में तेज़ी से बढ़ने वाले राज्य के रूप में अपनी पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि देवरिया में चार मंजिला सरकारी डिग्री कॉलेज का उद्घाटन किया गया है, जो कि इस क्षेत्र में पहली बार है। इसमें कला, विज्ञान और वाणिज्य की कक्षाएं एक साथ शुरू की जाएंगी। इसके साथ ही पथरदेवा में एक नया डिग्री कॉलेज शुरू किया जा रहा है। उसमें वाणिज्य की कक्षाएं शुरू की जाएंगी। गौरी बाजार में एक कॉलेज में ऑडिटोरियम का निर्माण भी किया जाएगा, ताकि वहां की सभी गतिविधियों को बेहतर तरीके से संचालित किया जा सके।

हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान के अवसर पर

# परिषदीय विद्यालयों के बच्चों को सम्मानित किया गया

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



**मूंढापांडे।** ब्लॉक के सभागार में भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर के जन्मदिवस हमारा संविधान हमारा स्वभिमान पखबाड़े के समापन अवसर पर ब्लॉक के परिषदीय विद्यालयों में उत्कृष्ट कार्य करने बाले बच्चो को मूंढापांडे ब्लॉक प्रमुख, बीडीओ व बीईओ द्वारा सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख मूंढापांडे डॉ नवदीप यादव ने डॉ भीमराव अम्बेडकर के जीवन दर्शन पर प्रकाश डालते हुए सरकार द्वारा डॉ भीमराव अम्बेडकर जन्मदिवस पर विभिन्न योजनाओं पर समाज के उत्थान हेतु किये गए कार्यो पर प्रकाश डाला।

बीडीओ अशोक कुमार ने संविधान के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को उनके जीवन से प्रेरणा लेने का आहान किया। खण्ड शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार ने कहा कि महिलाओं को समान अधिकार दिलाने के साथ ही कहा कि शिक्षा समाज में बराबरी लाती है। उन्होंने उनके विचार शिक्षा शेरनी का वह दूध है जो पिये वह दहाड़ेगा पर प्रकाश डालते हुए शिक्षा का महत्व बताया। फरमान, अल्शिफ व अल्फेज ने डॉ अम्बेडकर के जीवन दर्शन पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम में ब्लॉक के परिषदीय विद्यालयों में हुई विभिन्न प्रतियोगिताओं में चयनित बच्चों को मुख्य अतिथि व अन्य अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता बीडीओ अशोक कुमार व संचालन प्रतियोगिता के नोडल शिक्षक डॉ हरनन्दन प्रसाद ने किया।

इस मौके पर एडीओ पंचायत देवेश कन्हैया, अमरीश यादव, प्रशांत सिंह, के साथ ही ब्लॉक अध्यक्ष संजय सिंह, योगराज सिंह,सुरेंद्र सिंह, जितेंद्र कुमार जोली, शीशपाल सिंह, राजेश कुमार- ,अंजली सैनी, हाकिम अली, ब्रज किशोर, सुधीर सिंह, सुभाष यादव आदि शिक्षको के साथ ही सैकड़ो की संख्या में स्कूली बच्चें मौजूद रहे।

## पहलगाम हमले में मारे गए लोगों को नगर पंचायत कार्यालय में मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की

स्वच्छ भारत अभियान के ब्रांड एंबेसडर जरीफ इदरीशी ने शोक व्यक्त किया



नेशनल एक्सप्रेस फहीम अंसारी

**भोजपुर।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में नगर पंचायत कार्यालय भोजपुर में, हमले में मारे गए सभी नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। और इस हमले पर आक्रोश व्यक्त करते हुए शोक सभा का आयोजन किया। स्वच्छ भारत अभियान के ब्रांड अंबेडकर जरीफ इदरीशी ने मृतकों के परिवार को मुआवजा देने की मांग की।

इस मौके पर नगर पंचायत भोजपुर चेयरमैन प्रतिनिधि अर्शलान अख्तर ने कहा कि पहलगाम में निहत्थे नागरिकों पर हमला करना आतंकियों के कायराने को दिखाता है।

इस समय हम सभी देशवासियों को एक रहने की जरूरत है।

इस मौके पर अर्शमान अख्तर, अर्शलान अख्तर व सभासद यासीन सैफी, सभासद गयासुद्दीन, सभासद प्रतिनिधि इस्तेकार अहमद, अनवर कुरैशी,शरीफ अहमद, तहसीन कादरी, मुहम्मद रफी, डॉ आलम, शाकिर आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

## संक्षिप्त समाचार

### बैंकों के आसपास संदिग्ध व्यक्ति व वाहनों का किया चेकिंग

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**मुरादाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण के दृष्टिगत जनपदीय पुलिस द्वारा मंगलवार को बैंक चेकिंग अभियान चलाकर बैंक,एटीएम तथा बैंकों के आस-पास संदिग्ध व्यक्ति,वाहनों की चेकिंग की गयी तथा बैंकों में लगे सुरक्षा व्यवस्था सम्बन्धित उपकरणों को चेक कर शाखा प्रबंधक एवं बैंक सुरक्षा ड्यूटी पर लगे सुरक्षाकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

### डीआईजी ने की महत्वपूर्ण बिंदुओं पर समीक्षा गोष्ठी

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**मुरादाबाद।** डीआईजी मुनिराज जी द्वारा परिक्षेत्र के समस्त एसएसपी, एसपी के साथ परिक्षेत्र कार्यालय में कानून,व्यवस्था,अपराध नियंत्रण,आगामी त्यौहार, कफ्र्यू, ऑपरेशन,त्रिनेत्र,दृष्टि,कन्विक्शन, पोक्सो, महिला अपराध व अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर समीक्षा गोष्ठी कर संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### झगड़ा करने वाले के खिलाफ मुकदमा दर्ज

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता

**भोजपुर।** पुलिस को प्रार्थी निवासी ग्राम बालुभूडा सुमित कुमार ने प्रार्थना पत्र देकर बताया कि रविवार की रात्रि को मेरे गांव के अनुराग और अविनेश मेरे मकान के सामने लाठी डन्डे लेकर खड़े हो गए और गन्दी-गन्दी गालियां देने लगे में घर से बाहर निकालकर आया और दोनों से गाली देने को मना किया तो दोनों ने मुझे लाठी डन्डो से मारा पीटा जिससे मेरे शरीर में गुम चोटे लगी है और मुझे जान से मारने की धमकी दी पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गई है।

### कैंडल मार्च निकाल कर मृतक पर्यटकों को दी श्रद्धांजलि

नेशनल एक्सप्रेस फहीम अंसारी

**ठाकुरद्वारा।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर अधिवक्ता के नेतृत्व में भारी संख्या में कैंडल मार्च निकाला।कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गावड़ी में अधिवक्ता जरीफ मलिक के नेतृत्व में भारी संख्या में लोगो ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर कैंडल मार्च निकालते हुए हमले में मारे गए निर्दोष पर्यटकों को श्रद्धांजलि दी। और देश की एकता एवं शांति के लिए सामूहिक प्रार्थना की। वही अधिवक्ता ने इस आतंकी हमले को कायराना हरकत करार देते हुए कहा कि ये हमला पर्यटकों को निशाना बनाकर किया गया है। ऐसी घटनाएं देश की अखंडता और सांप्रदायिक सौहार्द के लिए गंभीर खतरा हैं। साथ ही अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा पर भी चिंता जताते हुए सरकार से यात्रा के दौरान सुरक्षा इंतजाम पुख्ता करने की मांग की। साथ ही उन्होंने पर्यटकों की सुरक्षा में हुई चूक की निष्पक्ष जांच कराए जाने और हमले के दोषी आतंकियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की अपील की हैं।

### अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर एक गंभीर रूप से घायल

नेशनल एक्सप्रेस आसिफ वारसी

**मैनाठेर।** मंगलवार को समय लगभग छह बजे नेशनल हाईवे संभल कट पर मोटरसाइकिल पर सवार हिमांशु गंगवार पुत्र कृष्ण पाल उम्र करीब 28 वर्ष निवासी सैदपुर थाना भोजीपुरा जिला बरेली को किसी अज्ञात वाहन द्वारा टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया ये देखकर आसपास लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। ट्रैफिक पुलिस के सहयोग से घायल हिमांशु गंगवार को डॉ शेफाली हॉस्पिटल गागन तिराहा में भर्ती किया गया है।

## मुखबिर की सूचना पर अवैध शराब के साथ व्यक्ति को गिरफ्तार कर भेजा जेल

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता

**मैनाठेर।** पुलिस को चैकिंग के दौरान मुखबिर खास से सूचना मिली कि एक व्यक्ति मैनाठेर के पास कट्टे में अवैध शराब लिए खड़ा है। सूचना को अमल में लेते हुए पुलिस ने मौके पर पहुँच कर संदिग्ध लग रहे। एक व्यक्ति को रोकने का प्रयास किया तो व्यक्ति ने पुलिस को देख कर भागने का प्रयास किया। इस दौरान पुलिस ने व्यक्ति को पकड़ कर पूछताछ की तब उसने अपना नाम प्रेमपाल बताया जिसके पास से पुलिस ने कटटे में रखे चौबीस पव्वे अवैध देशी शराब के बरामद किए। पुलिस ने प्रेमपाल को पकड़कर थाने ले लाई।जहां पुलिस ने प्रेमपाल को अवैध शराब के मामले में जेल भेज दिया।

## धोखाधड़ी व ठगी करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता




- कब्जे से दो अदद फर्जी आधार कार्ड, व 3000 रुपये नगद ,तीन अदद मोबाइल फोन व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल हीरो एक्सट्रीम बिना नंबर की प्लेट की बरामद किए गए

**मुरादाबाद।** थाना सिविल लाइन्स पुलिस द्वारा रामगंगा बिहार क्षेत्र से बुजुर्ग व्यक्ति को अपनी बातों के जाल में फंसा कर धोखाधड़ी व ठगी कर सोने की अंगूठी ले जाने की घटना का सफल अनावरण दो अभियुक्त को गिरफ्तार कर जिनके कब्जे से दो फर्जी आधार कार्ड व 3000 रुपये नगद,तीन मोबाइल फोन बरामद किए गए।

वादी गिरिराज स्वरूप भटनागर पुत्र शांति स्वरूप भटनागर निवासी रामगंगा विहार फेज सेकंड मुरादाबाद में अज्ञात व्यक्ति द्वारा वादी के साथ धोखाधड़ी करके वादी की सोने की पुखराज लगी अंगूठी लेकर चले जाने के संबंध में थाना सिविल लाइंस पर तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना सिविल लाइन्स पर मुकदमा पंजीकृत किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण, वांछित अपराधियों की गिरफ्तार हेतु चलाए जा रहे। अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्र अधिकारी सिविल लाइन्स के नेतृत्व एवं पर्यवेक्षण में विवेचनात्मक कार्रवाई के क्रम में थाना सिविल लाइन्स पुलिस द्वारा मंगलवार को प्रकाश आये अभियुक्तगण विवेक शर्मा पुत्र विनोद कुमार शर्मा निवासी ग्राम जौहरपुर थाना सीबीगंज जनपद बरेली हाल पता ग्राम सहसपुर थाना बिलारी जनपद मुरादाबाद और दिनेश राजपूत पुत्र वेद प्रकाश निवासी ग्राम पाठकपुर थाना बहजोई जनपद संभल को गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे से दो अदद फर्जी आधार कार्ड, व 3000 रुपये नगद ,तीन अदद मोबाइल फोन व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल हीरो एक्सट्रीम बिना नंबर की प्लेट की बरामद किए गए। पुलिस ने दोनों आरोपियों का मेडिकल परीक्षण कराकर कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया।

## पुलिस अधीक्षक नगर द्वारा फरियादियों की समस्याओं को सुनकर किया निस्तारण

फहीम अंसारी



**मुरादाबाद।** पुलिस अधीक्षक नगर मुरादाबाद द्वारा जनसुनवाई में आये फरियादियों की समस्याएं,शिकायतों को सुना गया। मंगलवार को जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आदेशित किया गया। पुलिस अधीक्षक नगर द्वारा, नगर क्षेत्र के सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि जनसुनवाई,महिला हेल्पडेस्क को और अधिक प्रभावशाली बनाये ताकि पीड़ित,शिकायतकर्ता को अनावश्यक रुप से अपने थाने से पुलिस कार्यालय आने की आवश्यकता न हो साथ ही सभी थाना प्रभारियों को यह भी निर्देश दिये गये कि जिस समस्या का समाधान थाना स्तर से हो सकता है। उनका समाधान थाना स्तर पर ही समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण,निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर कराना सुनिश्चित करें।

## ग्राम पंचायत असादपुर के चहुंमुखी विकास व सरकार की जन-कल्याणकारी योजना का मिल रहा लाभ

नेशनल एक्सप्रेस आसिफ वारसी




**कुंदरकी।** ब्लॉक कुंदरकी की ग्राम पंचायत असादपुर में चौमुखी विकास एवं सरकार की जन-कल्याणकारी योजना का लाभ उठा रहे हैं ग्रामीण प्रधान द्वारा बताया गया कि असादपुर गांव का संपूर्ण रूप से विकास कराया जा रहा है। गांव में जो सड़के खराब थी। उनको नए तरीके से डलवाया गया है। और गरीबो को आवास योजना का लाभ दिलवाया गया वहीं जो महिला विधवा है। उनको विधवा पेंशन का लाभ दिलाया जा रहा हैं। और मनरेगा के तहत भी गांव में विकास कार्य कराया है। वही गांव में टूटी पड़ी नालियों की मरम्मत करने से लेकर नई नालियों का निर्माण कराया गया इसी तरह गांव में जो कार्य शेष रह गए हैं। उनको भी जल्द पूरा कराया जाएगा वहीं ग्राम प्रधान मुजिबुल हुसैन ने कहा गांव में जितने भी खराब रास्ते थे। उनको नए सिरे से डलवा दिया गया है। और जितने भी रास्ते गांव के रह गए हैं। उनको जल्द ही डलवाने की कोशिश की जा रही है। गांव का विकास करने में हम कोई कसर नहीं छोड़ने वाले गांव को कुंदरकी ब्लॉक का नंबर एक गांव बनाना मेरा लक्ष्य है।

प्राईवेट स्कूलों पर नही लगा अंकुश तो

# कलेक्ट्रेट पर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठेंगे

- प्राइवेट स्कूलों की मनमानी के चलते दिया ज्ञापन

नेशनल एक्सप्रेस फहीम अंसारी




**मुरादाबाद।** मंगलवार को अपना दल कमेरावादी संगठन के मण्डल अध्यक्ष डॉ0 रामेश्वर दयाल तुरैहा के नेतृत्व में अपना दल कमेरावादी के पदाधिकारी कार्यकताओं ने पब्लिक स्कूलों की अवैध वसूली व मनमानी के विरोध में जिलाधिकारी कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा।

मण्डल अध्यक्ष ने कहा कि मुरादाबाद में 30% स्कूल फर्जी स्कूल चल रहे हैं। तथा प्रतिवर्ष पब्लिक स्कूलों में एडमिशन, रि-एडमिशन, फीस बढ़ोतरी के नाम पर अवैध वसूली होती है। तथा पाठयक्रम अपने कमीशन वाली दुकानों से खरीदवातें हैं। किसी भी प्रकार का कच्चा या पक्का बिल नहीं देते हैं। किताबों, वस्ते, ड्रेस आदि का मूल्य 100 गुना से भी अधिक लेते हैं। तमाम पार्टियों,संगठनों के विरोध के बावजूद भी इन प्राइवेट स्कूलों की कटाई,ठगाई व अवैध वसूली पर रोक नहीं लगी है।

इतना ही नहीं शासन प्रशासन इनकी कटाई,ठगाई अवैध वसूली पर रोक लगाने में पूरी तरह से विफल साबित हो रहा है। जिससे सरकार की भी अधिक बदनामी हो रही है। तथा मण्डल अध्यक्ष ने कहा इनकी मनमानी,अवैध वसूली पर रोक नहीं लगाई गई तो अपना दल कमेरावादी के पदाधिकारी अनिश्चित कालीन के लिये जिलाधिकारी कार्यालय पर भुख हड़ताल पर बैठेंगे।

धरना-प्रदर्शन में अंकित ठाकुर, ठाकुर मंजू राठौर, डॉ0 तौसीफ अहमद, आंचल कश्यप, बाबू खान, बी0 एल0 गुप्ता, राकेश श्रीवास्तव, राकेश कश्यप, धर्मेंद्र कश्यप, नेमवती चंद्रा, शाइस्ता सैफी, राहुल सागर, नरेश कश्यप आदि मौजूद रहे।

# यूपी में अवैध बांग्लादेशी और रोहिंग्या के खिलाफ बड़ा एक्शन

## नेपाल सीमा पर भी सख्ती तेज

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो





लखनऊ। पहलगाम आतंकी हमले के बाद उत्तर प्रदेश सरकार ने अवैध विदेशी नागरिकों के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है। पाकिस्तानी नागरिकों को राज्य से बाहर निकालने के बाद अब योगी सरकार की नजर बांग्लादेशी और रोहिंग्या मुसलमानों पर है, जो अवैध रूप से प्रदेश में रह रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी जिलों के जिलाधिकारियों, पुलिस कप्तानों और पुलिस आयुक्तों को निर्देश जारी किए हैं कि ऐसे सभी अवैध विदेशी नागरिकों की पहचान कर उन्हें जल्द से जल्द वापस भेजा जाए। उत्तर प्रदेश, केंद्र सरकार के निर्देश के अनुपालन में, पाकिस्तानी नागरिकों को निष्कासित करने वाला पहला राज्य बन गया है। अब सरकार का फोकस बांग्लादेशी और रोहिंग्या मुसलमानों पर है। राज्य भर में तलाशी अभियान चलाया जा रहा है ताकि अवैध रूप से रह रहे इन नागरिकों को चिन्हित कर कानूनी कार्रवाई की जा सके। इस अभियान के तहत भारत-नेपाल सीमा पर भी कार्रवाई तेज कर दी गई है। सीमा से सटे जिलों में अवैध मदरसों और धार्मिक संस्थानों पर बुलडोजर चलाए जा रहे हैं। सोमवार को बहराइच, श्रावस्ती, सिद्धार्थनगर, महराजगंज और लखीमपुर खीरी में अवैध निमार्णों को ध्वस्त किया गया।

* बहराइचः 6 अवैध निर्माण और 7 मदरसों पर कार्रवाई
* श्रावस्तीः 12 अवैध मदरसे बंद, 8 अवैध कब्जे हटाए गए
* सिद्धार्थनगरः 12 अवैध निर्माण चिन्हित किए गए
* महराजगंजः अवैध मदरसा ध्वस्त, नो-मैन्स लैंड पर बने मजार को हटाया
* लखीमपुर खीरीः मस्जिद के अस्थायी निर्माण को हटाया गया

प्रदेश सरकार का स्पष्ट संदेश है कि किसी भी प्रकार के अवैध निर्माण या अवैध नागरिकों को अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने साफ किया है कि प्रदेश की सुरक्षा और कानून व्यवस्था के साथ कोई समझौता नहीं होगा।

# गोण्डा में बिना एचएसआरपी वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई तेज, 12 वाहन जब्त

- पीटीओ शैलेंद्र तिवारी और उनकी टीम ने चलाया सघन चेकिंग अभियान, अब तक 34 वाहनों पर कार्रवाई
- फिटनेस, पंजीकरण और प्लेटझपरिवहन विभाग का व्यापक प्रवर्तन अभियान जारी

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



गोण्डा । जिलाधिकारी नेहा शर्मा के निर्देशन में जनपद में बिना एचएसआरपी (हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट) व अपंजीकृत वाहनों के विरुद्ध सघन प्रवर्तन अभियान लगातार जारी है। इसी क्रम में यात्री कर अधिकारी श्री शैलेंद्र तिवारी एवं उनकी टीम ने आज जनपद के विभिन्न स्थलों पर चेकिंग अभियान चलाया और 12 ऐसे वाहनों के विरुद्ध चालान व निरुद्ध करने की कार्रवाई की, जो बिना मानक पंजीयन प्लेट या पंजीकरण के पाए गए।

इससे पहले वर्ष 2024-25 में अब तक 489 वाहनों के विरुद्ध बिना एचएसआरपी अथवा अधोमानक पंजीयन प्लेट के कारण चालान/निरुद्ध करने की कार्यवाही की जा चुकी है। साथ ही 61 ऐसे वाहन, जो बिना पंजीयन अथवा बिना पंजीयन प्लेट के संचालित हो रहे थे, उनके विरुद्ध भी विधिक कार्रवाई की गई है।मुख्यमंत्री द्वारा ई-रिक्शा को लेकर दिए गए विशेष निदेशों के क्रम में 1 अप्रैल से 30 अप्रैल 2025 तक चल रहे विशेष अभियान के तहत अब तक कुल 34 अपंजीकृत ई-रिक्शाओं के विरुद्ध प्रवर्तन कार्रवाई की गई है, जिनमें आज की कार्रवाई के 12 वाहन भी सम्मिलित हैं।परिवहन विभाग, गोण्डा द्वारा यह भी सुनिश्चित किया गया है कि फिटनेस प्रमाणन जैसे विभागीय कार्य केवल उन्हीं वाहनों का किया जा रहा है जिनमें एचएसआरपी प्लेट लगी हो, और पिछले वित्तीय वर्ष में 3895 वाहनों का फिटनेस इसी शर्त पर किया गया।परिवहन विभाग द्वारा जनपद में मानक युक्त और पंजीकृत वाहनों की व्यवस्था को सुनिश्चित करने हेतु यह प्रवर्तन अभियान सतत रूप से जारी रहेगा। नागरिकों से अपेक्षा की गई है कि वे समय से एचएसआरपी लगवाएं और नियमों का अनुपालन कर प्रशासन को सहयोग प्रदान करें।

## संक्षिप्त समाचार

### पत्रकार अंबरीश कुमार गुप्ता का निधन, क्षेत्र में शोक की लहर

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

गोंडा। करनैलगंज क्षेत्र के बरगदी निवासी पत्रकार अंबरीश कुमार गुप्ता का इलाज के दौरान दुखद निधन हो गया। उनके असामयिक निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। स्थानीय नागरिकों से लेकर पत्रकारिता जगत तक हर कोई इस अपूरणीय क्षति से मर्माहत है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, अंबरीश कुमार गुप्ता कई वर्षों से विभिन्न दैनिक समाचार पत्रों के लिए सक्रिय पत्रकारिता करते आ रहे थे। कुछ दिनों पूर्व अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई थी, जिसके बाद परिजनों ने उन्हें इलाज हेतु स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। प्रारंभिक इलाज के बाद भी जब राहत नहीं मिली, तो उन्हें एक निजी अस्पताल में बेहतर उपचार के लिए शिफ्ट किया गया। वहां स्वास्थ्य में कुछ सुधार होने पर उन्हें घर लाया गया था, लेकिन बीती रात अचानक उनकी तबीयत फिर से गंभीर हो गई। परिजन उन्हें अस्पताल ले जा ही रहे थे कि रास्ते में ही उनकी सांसें थम गईं। उनकी मृत्यु की खबर जैसे ही क्षेत्र में फैली, शोक की लहर दौड़ गई।

### वित्तीय लापरवाही पर अधिशासी अभियन्ता की परिनिन्दा, जिलाधिकारी ने जताई कड़ी आपत्ति

- सांसद निधि योजना में लापरवाही, दो बार भेजे गए भ्रामक उपभोग प्रमाणपत्र

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

गोण्डा । जिलाधिकारी नेहा शर्मा द्वारा ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के अधिशासी अभियन्ता जे0बी0 सिंह के विरुद्ध वित्तीय प्रकरण में की गई गंभीर असावधानी एवं लापरवाही के दृष्टिगत मध्यावधि विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि के अंतर्गत परिनिन्दा की गई है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास निधि योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में सांसद कैसरगंज द्वारा अनुमोदित तीन परियोजनाओं के सापेक्ष अवमुक्त प्रथम किश्त रुपए 28.227 लाख के उपभोग प्रमाणपत्र एवं द्वितीय किश्त की मांग से सम्बंधित पत्राचार में अधिशासी अभियन्ता द्वारा जिला ग्राम्य विकास अभिकरण को प्रेषित उपयोगिता प्रमाणपत्रों में धनराशि का अंकन त्रुटिपूर्ण पाया गया।मुख्य विकास अधिकारी गोण्डा के माध्यम से प्रस्तुत अभिलेखों के परीक्षण उपरांत यह तथ्य प्रकाश में आया कि अधिशासी अभियन्ता द्वारा दिनांक 4 फरवरी एवं 4 अप्रैल 2025 को प्रेषित दो अलग-अलग पत्रों में परियोजना ₹कलहंसनपुरवा मसौलिया परसपुर में शंकर के खेत से रिंकू के खेत तक 250 मीटर लम्बाई में इंटरलॉकिंग कार्य₹ की धनराशि क्रमशः रुपए 8.154 लाख एवं 13.69 लाख दशार्यी गई, जबकि वास्तविकता में उक्त परियोजना हेतु मात्र रुपए 7.786 लाख की धनराशि ही प्रथम किश्त के रूप में निर्गत की गई थी।

एक ही प्रकरण में दो बार इस प्रकार की त्रुटिपूर्ण एवं भ्रामक सूचनाएं प्रदान किया जाना प्रशासनिक प्रक्रिया में बाधा उत्पन्न करने वाला तथा अत्यन्त गंभीर वित्तीय लापरवाही का द्योतक माना गया है।

परिणामस्वरूप द्वितीय किश्त की धनराशि निर्गत करने में अनावश्यक विलम्ब हुआ, जिससे विकास कार्यों की प्रगति प्रभावित हुई।जिलाधिकारी ने इस गंभीर प्रकरण पर संज्ञान लेते हुए अधिशासी अभियन्ता की कार्यप्रणाली को नितान्त खेदजनक एवं अस्वीकार्य बताते हुए मध्यावधि विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि के अंतर्गत ₹परिनिन्दा₹ की कार्रवाई की है।

इस संदर्भ में प्रतिलिपि मुख्य विकास अधिकारी गोण्डा एवं अधीक्षण अभियन्ता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग गोण्डा वृत्त को आवश्यक कार्यवाही हेतु भेज दिया गया है।

# अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के शिखर पर स्थापित हुआ 42 फुट ऊंचा ध्वज दंड



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

अयोध्या/ लखनऊ। आज वैशाख शुक्ल द्वितीया, मंगलवार को अयोध्या स्थित भव्य श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य शिखर पर पारंपरिक विधि-विधान के साथ 42 फुट लंबा ध्वज दंड स्थापित किया गया। यह पवित्र कार्य सुबह ठीक आठ बजे सम्पन्न हुआ।

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महामंत्री चम्पत राय के अनुसार, ध्वज दंड की स्थापना की प्रक्रिया आज प्रातः साढ़े छह बजे प्रारंभ हुई और निर्धारित समय पर सम्पन्न हुई। अब मंदिर की कुल ऊंचाई, शिखर कलश समेत 161 फुट से बढ़कर 203 फुट हो गई है। यह ध्वज दंड न केवल मंदिर की भव्यता में वृद्धि करता है, बल्कि रामभक्तों के लिए एक भावनात्मक और आध्यात्मिक प्रतीक भी बन गया है।

# डीएम ने की बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक

## बैठक में अधिक से अधिक विद्यालयों को निपुण करने के दिए निर्देश

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो




गोण्डा।कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों और खंड शिक्षा अधिकारियों के साथ जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक की। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम विद्यालयों को निपुण करने की प्रगति की समीक्षा की समीक्षा में उन्होंने सभी अधिकारियों को खड़े निर्देश दिए हैं कि अधिक से अधिक विद्यालयों को निपुण करें। उन्होंने विभाग के सभी 19 पैरामीटर पर समय से कार्यों का सम्पादन कराया जाय।डीएम ने अतिरिक्त कक्ष निर्माण, मिड डे मील, विद्यालयों में विद्युतीकरण, बीआरसी की मरम्मत और ऑपरेशन कायाकल्प के 19 पैरामीटर की समीक्षा की। उन्होंने जिला और ब्लॉक टास्क फोर्स के अधिकारियों को निर्धारित निरीक्षण लक्ष्य पूरा करने की भी बात कही।जिलाधिकारी ने कहा कि निपुण भारत मिशन में प्रदर्शन के अनुसार अधिकारियों की सूची बनाई जाए, ताकि जिम्मेदारी तय की जा सके। इसके अलावा, कार्यदायी संस्था को निर्देश दिया गया कि विद्यालयों का निर्माण जल्द से जल्द पूरा किया जाए और गुणवत्ता से समझौता न किया जाए।बैठक में जिलाधिकारी ने निर्माण कार्यदायी संस्था को निर्देश दिए हैं कि जितने भी विद्यालय का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है, उन सभी विद्यालयों की फोटोग्राफ के साथ सूची बनाकर एक सप्ताह के अंदर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।बैठक में जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग केअधिकारियों को कड़े निर्देश दिए हैं कि जितने भी विद्यालय का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है, उन सभी विद्यालयों में समय से विद्युत से संबंधित सभी कार्य पूर्ण करके विभाग को सूचित करें।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन, जिला विकास अधिकारी सुशील कुमार श्रीवास्तव, परियोजना निदेशक डीआरडीए चंद्रशेखर, प्राचार्य डायट, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अतुल कुमार तिवारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, डीएसओ, खण्डशिक्षा अधिकारीगण सहित शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# महाकुंभ बना वैश्विक आध्यात्मिक पर्यटन का केंद्र

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

- 45 देशों के श्रद्धालुओं ने सराहा भारत की संस्कृति, अयोध्या, प्रयागराज और वाराणसी बने विश्वस्तरीय धार्मिक गंतव्य
- 5877 प्रति श्रद्धालु खर्च कर महाकुंभ ने उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को दी नई उड़ान

लखनऊ। भारतीय संस्कृति की गूंज अब सिर्फ देश की सीमाओं में ही नहीं, बल्कि विश्व पटल पर भी सुनाई दे रही है। इसका साक्षात प्रमाण महाकुंभ 2025 बना, जिसमें भारत सहित 45 देशों के 3.5 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस ऐतिहासिक अवसर पर केंद्र सरकार द्वारा कराए गए महाकुंभ स्पीरिचुअल सर्वे में प्रयागराज, अयोध्या और वाराणसी जैसे तीर्थस्थल न केवल श्रद्धालुओं की आस्था के केंद्र बने, बल्कि भारत के टॉप टूरिज्म डेस्टिनेशन के रूप में उभर कर सामने आए।

सर्वे के अनुसार, प्रत्येक श्रद्धालु ने औसतन ₹5877.63 खर्च किए, जिससे उत्तर प्रदेश की जीडीपी में करोड़ों रुपये का सीधा योगदान हुआ। विदेशी पर्यटक जहाँ आध्यात्मिक खोज के उद्देश्य से अकेले आए, वहीं भारतीय श्रद्धालु परिवारों और मित्रों के साथ आस्था की इस विराट धारा में शामिल हुए। यूएसए, यूके, कनाडा, नेपाल, ऑस्ट्रेलिया और फिजी जैसे देशों से आए श्रद्धालुओं ने न केवल भारत की प्राचीन आध्यात्मिक विरासत को सराहा, बल्कि अयोध्या, संगम और काशी को अपनी भविष्य की यात्रा सूची में भी शीर्ष पर रखा। 32.57% पर्यटकों ने अगली यात्रा में प्रयागराज को प्राथमिकता देने की बात कही, जबकि अयोध्या को 22.55% ने अपनी सबसे पसंदीदा जगह बताया।

### पर्यटन से अर्थव्यवस्था को मिली मजबूती

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि मेसर्स डिलायट द्वारा किया गया यह सर्वे उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनाने की दिशा में बड़ा कदम है। सर्वे में यह स्पष्ट हुआ कि यात्रा, ठहराव, खानपान, धार्मिक खरीदारी और शॉपिंग में हुआ खर्च प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक नई दिशा दे रहा है।

### र्यटन विभाग ने किया विशेष अनुभव का सृजन

महाकुंभ में तीर्थयात्रियों और पर्यटकों को दी गई सुविधाएं – स्वच्छता, सुरक्षित आवागमन, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन और डिजिटल जानकारी – ने भारत के पर्यटन क्षेत्र की साख को और भी मजबूत किया।

यह आयोजन न केवल एक धार्मिक समागम रहा, बल्कि यह एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना को भी वैश्विक मंच पर प्रदर्शित करने वाला अवसर बना।

## पर्यटन को मिलेगा नया आयाम

# सहारनपुर, मुजफ्फरनगर और गाजियाबाद में 4318 .07 लाख की परियोजनाएं स्वीकृत

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सहारनपुर, मुजफ्फरनगर और गाजियाबाद जनपदों में कुल 4318.07 लाख रुपये की लागत से विभिन्न तीर्थस्थलों और धार्मिक स्थलों के विकास हेतु परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की है। इन परियोजनाओं को उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड एवं सीएनडीएस के माध्यम से निर्धारित समय सीमा में पूरा किया जाएगा।

प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि सहारनपुर जनपद के लिए 1120.11 लाख रुपये की तीन परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं। इनमें: पतेश्वर महादेव मंदिर के पर्यटन विकास हेतु 119.00 लाख रुपये

गंगोह रोड स्थित शिव मंदिर एवं भैरव काली मंदिर के लिए 100.00 लाख रुपये

शाकुम्भरी देवी शक्तिपीठ में पर्यटक सुविधाओं के विकास हेतु 901.31 लाख रुपये शामिल हैं।

मुजफ्फरनगर जनपद के लिए 2482.71 लाख रुपये की परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं, जिनमें:

शुक्रतीर्थ में लाइट एंड साउंड शो के लिए 1525.1 लाख रुपये

शुक्रतीर्थ परिक्रमा मार्ग के सुदृढ़ीकरण हेतु 477.6 लाख रुपये

श्रीमद्भागवत कथा केन्द्र के निर्माण हेतु 480.01 लाख रुपये शामिल हैं।

वहीं, गाजियाबाद जनपद में 715.25 लाख रुपये की परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं, जिनमें: मुरादनगर स्थित भगवान परशुराम मंदिर,

मोदीनगर स्थित सीकरी महामाया मंदिर,

दूधेश्वरनाथ मंदिर का पर्यटन विकास शामिल है।

मंत्री जयवीर सिंह ने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिया है कि सभी कार्य निर्धारित समय सीमा में गुणवत्ता सहित पूर्ण किए जाएं, ताकि देशी-विदेशी पर्यटकों को आकर्षित किया जा सके और धार्मिक पर्यटन को नई दिशा मिल सके।

# बिजली उपभोक्ता अब व्हाट्सएप्प, ऐप और ईमेल से भी दर्ज करा सकेंगे अपनी समस्याएं

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) ने बिजली उपभोक्ताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शिकायत दर्ज कराने के नए विकल्प उपलब्ध कराए हैं। अब उपभोक्ताओं को केवल 1912 पर कॉल करने की आवश्यकता नहीं होगी, वे कई डिजिटल माध्यमों से भी अपनी समस्याएं दर्ज करा सकेंगे।

यूपीपीसीएल ने उपभोक्ताओं के लिए हँ३२अस्त्रस्त्र नंबर, आधिकारिक मोबाइल ऐप, और वेबसाइट के जरिए भी शिकायत दर्ज करने की सुविधा शुरू कर दी है। इसके साथ ही उपभोक्ता ट्विटर और ईमेल के माध्यम से भी अपनी बिजली से जुड़ी शिकायतें भेज सकते हैं।

कॉर्पोरेशन के अनुसार, इस कदम का उद्देश्य उपभोक्ताओं को तेजी से, पारदर्शी और सुलभ सेवा प्रदान करना है। यूपीपीसीएल ने सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि किसी भी प्रकार की बिजली समस्या होने पर इन नए डिजिटल प्लेटफॉर्म्स का भरपूर लाभ उठाएं और अपनी शिकायतें तुरंत दर्ज कराएं।

# एग्रीजंक्शन की स्थापना कर प्रदेश के कृषि स्नातक हो रहे हैं आत्मनिर्भर

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

- यह अनुदान बैंक की बैंक इन्डेड सब्सिडी के रूप में रखा जाता है तथा वर्ष की समाप्ति पर ऋणी के खाते में क्रेडिट कर दिया जाता है

गोंडा।किसानों के हितलाभ के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कृषि में प्रशिक्षित युवाओं की सेवाओं का उपयोग करने हेतु प्रदेश में यू०पी० एग्रीजंक्शन योजना संचालित की जा रही है। इस प्रशिक्षित कृषि उद्यमी स्वालम्बन योजना का उद्देश्य किसानों को उनके फसल उत्पादों के लिए कृषि केन्द्र (एग्रीजंक्शन) के बैनर तले समस्त सुविधायें वन स्टाफ शॉप के माध्यम से कृषि स्नातकों द्वारा उपलब्ध कराया जाता है। उत्तर प्रदेश कृषि केन्द्र योजना के अन्तर्गत कृषि स्नातक युवको को लाइसेंस निर्गत करते हुए कृषि केन्द्र की स्थापना कराई जा रही है। इन केन्द्रो से एक छत के नीचे किसानों को कई सुविधाये प्रदान की जा रही हैं जिनमें मृदा परीक्षण सुविधा तथा उपयोग हेतु संस्तुतियां उच्च गुणवत्ता के बीज, उर्वरक, जैव उर्वरक, माइक्रोन्यूट्रियन्ट्स, वर्मी कम्पोस्ट तथा जैव कीटनाशको सहित समस्त कृषि निवेशों की आपूर्ति लघु कृषियंत्रों को किराये पर उपलब्ध कराये जाने की व्यवस्था, प्रसार सेवाये तथा प्रक्षेत्र निर्देशन भी किया जाता है। उक्त के अतिरिक्त कृषि केन्द्रों द्वारा कृषि उपकरणों की मरम्मत तथा अनुरक्षण पशु आहार, कृषि प्रसंस्कृति कृषि उत्पादों का विक्रय, मौसम/विपणन व अन्य सम्बन्धित सूचनाओं के लिए सूचना विज्ञापन का स्थापना कराया गया है।राज्य सरकार द्वारा कृषि प्रशिक्षित उद्यमियों को कई सुविधायें प्रदान की जाती है। कृषि व्यवसाय गतिविधियों के लिए लाइसेन्स प्राप्त करने में सहायता तथा लाइसेन्स फीस के व्यय की प्रतिपूर्ति भी कराया जाता है। इस उदेश्य के लिए बैंकों से ऋण प्राप्त करने में सहायता तथा 04 प्रतिशत की दर से व्याज अनुदान की व्यवस्था भी की जाती है। यह अनुदान बैंक की बैंक इन्डेड सब्सिडी के रूप में रखा जाता है तथा वर्ष की समाप्ति पर ऋणी के खाते में क्रेडिट कर दिया जाता है एक वर्ष तक के लिए परिसर के किराये के 50 प्रतिशत की धनराशि जो रूपया 1000/-से अधिक न हो स्वतन्त्र कृषि केन्द्र व्यवसाय की स्थापना हेतु कृषि व्यवसाइयों को प्रशिक्षण प्रदान कराना, लघु कृषि यंत्रों को अनुदानित दर पर किराये पर उपलब्ध कराने के लिए भी एग्रीजंक्शन कार्य करते है।प्रदेश के सभी विकास खण्डों एवं तहसील मुख्यालयों पर स्थापित ष्वन स्टाफ शाप्सष पर किसान गुणवतापूर्ण कृषि निवेश एवं कृषि प्रक्षेत्र निर्देशन प्राप्त कर रहे हैं। इसी के साथ युवा कृषि स्नातक स्वयं स्वरोजगार के लिए सक्षम हो रहें है। प्रदेश में हजारो एग्रीजंक्शन की स्थापना करते हुए किसानों को श्वन स्टाप शॉपश से कृषि सम्बन्धी समस्त सुविधाये दी जा रही है साथ ही प्रदेश के बेरोजगार कृषि स्नातको को रोजगार भी मिल रहा है और वे आत्मनिर्भर हो रहे है। प्रदेश में 05 हजार से अधिक एग्रीजंक्शन की स्थापना कराई जा चुकी है।प्रदेश के कृषक उत्पादक संगठनों के गठन, प्रोत्साहन एवं सुद्दढीकरण हेतु प्रदेश सरकार ने उ0प्र0 कृषक उत्पादन संगठन (एफ0पी0ओ0) नीति 2020 बनाई है। इस नीति के अन्तर्गत प्रदेश के कृषकों विशेषकर लघु एवं सीमान्त कृषकों को संगठित करके कम लागत में गुणवत्तायुक्त कृषि निवेशों की व्यवस्था व उपयुक्त नवीनतम तकनीकी को अपनाकर उच्च उत्पादन, उत्पादों के मूल्य संवर्धन एवं बेहतर मूल्य प्राप्त करने हेतु समुचित विपणन व्यवस्था कर कृषकों की आय में सत्त वृद्धि करना है। प्रदेश में अबतक लगभग 3500 एफ0पी0ओ0 का गठन किया गया है।

# भाजपा के पदाधिकारियों ने की आगामी कार्यक्रमों को लेकर बैठक

## एक राष्ट्र एक चुनाव और वक़्फ सुधार जन जागरण अभियान से संबंधित दी जानकारी

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**



फिरोजाबाद। मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में एटा रोड स्थित टूण्डला में शिविर कार्यालय पर एक राष्ट्र एक चुनाव एवं वक़्फ सुधार जन जागरण अभियान से संबंधित बैठक आयोजित की गई। एवं वक़्फ सुधार जन जागरण अभियान की पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। पत्रकार वार्ता में उपस्थित पत्रकारों से बात करते हुए भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने बताया कि 19 अप्रैल 2025 को वक़्फ सुधार जन जागरण अभियान की प्रदेश कार्यशाला भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय लखनऊ में संपन्न हुई। इसके बाद ब्रज क्षेत्र की कार्यशाला 24 अप्रैल 2025 को संपन्न हुई। क्षेत्र कार्यशाला के बाद जिला कार्यशाला 27 अप्रैल 2025 को भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय दबरई पर संपन्न हुई। वक़्फ सुधार जन जागरण अभियान के अंतर्गत 1, 2, व 3 मई 2025 को नागरिक संवाद होना तय हुआ है। इसी कड़ी में संवाद बैठक आयोजित की जाएगी। इसके बाद 4 व 5 मई को नागरिक संवाद अल्पसंख्यक समाज के इनफ्लुएंसर ग्रुप की पहचान कर उनके साथ विधायकों को बैठक करना है। आगामी कार्यक्रमों में 6 व 7 मई को युवा संवाद युवा मोर्चा द्वारा विधानसभा स्तर पर किया जाएगा। जिसमें वक़्फ संशोधन अधिनियम के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए भाजयुमो प्रत्येक विधानसभा में युवा संवाद आयोजित करेगा। भाजयुमो नेता, कार्यकर्ता और अल्पसंख्यक समाज के लोग बैनर तख्तियों के माध्यम से लोगों से संवाद करेंगे। 8 व 9 मई को अल्पसंख्यक महिला सम्मेलन महानगरों में होना तय हुए हैं। इसके बाद 9, 10, 11, व 12 मई 2025 को घर-घर संपर्क अभियान के अंतर्गत ऑन ग्राउंड पहलों के माध्यम से अल्पसंख्यक समाज को शामिल करके वक़्फ सुधार के लिए व्यापक समर्थन प्राप्त करने के लिए स्थानीय आउटरीच अभियान चलेगा। घर-घर संपर्क टोली के माध्यम से प्रत्येक क्षेत्र में संपर्क करना है। सभी घरों में जाकर वक़्फ सुधार की जानकारी देना है। विश्वविद्यालय, महाविद्यालय आदि में पंपलेट का वितरण होना है। वक़्फ सुधार की छोटी-छोटी बैठकों में भ्रष्ट वक़्फ प्रथाओं की चर्चा करनी है। वक़्फ मामलों में न्याय और पारदर्शिता के लिए पीएम मोदी की दृष्टिकोण की चर्चा करनी है। जिले में ग्राफिक्स, वीडियो संदेश बॉक्स पॉप वीडियो के साथ डिजिटल अभियान चलाया जाना है। बैठक व वार्ता के समय राजेश चौहान, हनुमंत बघेल, शिव शंकर शर्मा, आकाश शर्मा, वीरेंद्र प्रताप सिंह, दिनेश गुप्ता, सचिन जैन, मनप्रीत सिंह कीर, सुरेंद्र सावन झा, सत्येंद्र यादव, असनत मोहम्मद आदि लोग उपस्थित रहे ।

# संविधान हिन्दुस्तान की जान है, भारतीयों के अधिकारों की पहचान है: अश्वनी जैन



**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।**

सिरसागंजः- नगर के प्रतिष्ठित विद्यालय श्री एम डी जैन इंटर कॉलेज, सिरसागंज में विद्यालय के प्रधानाचार्य नीरज जैन एवं विद्यालय के प्रवक्ता अश्वनी कुमार जैन के संयोजन में हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान विषय पर स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि विद्यालय की कक्षा 12 की छात्राओं के मध्य स्लोगन प्रतियोगिता में छात्राओं ने अपने स्लोगन में संविधान हिंदुस्तान की जान है, भारतीयों के अधिकारों की पहचान है, संविधान भारत का सर्वोच्च कानून है, हर किसी को संविधान का सम्मान करना चाहिए, सच की जीत हो, अन्याय का दमन होना चाहिए, जनता की भलाई है मूलमंत्र, संविधान ने दिया ऐसा प्रजातंत्र, भारतीय संविधान बाहर से संघात्मक है, परन्तु उसकी आत्मा एकात्मक है, संविधान में रखो आस्था, मत चुनो गलत रास्ता, अच्छे- बुरे में अंतर मालूम न होते, अगर संविधान और कानून न होते, हर किसी की हितों की रक्षा हो ऐसा विधान है, सबको जोड़कर रखे, ऐसा भारत का संविधान है, अपने अधिकार को जानिये, संविधान को पहचानिये, संविधान का वजूद बड़ा है, इंसानियत के दुश्मनों से लड़ा है, भलाई का है जिसमें विधान, वह है भारत का संविधान, शासन संचालन का है विज्ञान, सबसे प्यारा हमारा संविधान, भारत देश का जो संविधान है, वह हर भारतवासी का अभिमान है, संविधान हमारी शान है, एकता की पहचान है आदि ज्ञानवर्धक एवं जागरूक स्लोगन प्रदर्शित किए। उन्होंने कु शिखा,मोनिका, खुशी, रिया, रोशनी, रजनी, संध्या, सिमरन, स्वाति एवं अन्य सभी छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

# बीच बाजार में समय से पहले ब्लैक में बिकती है देशी शराब



**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।**

टूंडला ।नगर के मुख्य बाजार में स्थित देशी शराब के ठेके पर सुबह पांच बजे से ही ब्लैक में देशी शराब बिकना शुरू हो जितनी है ।जबकि टूंडला थाने से महज 100 कदम की दूरी पर देशी शराब का ठेका स्थित है। लेकिन ठेका संचालक को पुलिस प्रशासन का जरा भी डर नहीं ह।

मंगलवार को नगर के की लोगों की शिकायत पर प्रतिनिधि द्वारा देशी शराब के ठेके पर जाकर देखा तो पांच से सात व्यक्ति अंदर शराब पी रहे थे और एक व्यक्ति अंदर से देशी शराब बेच रहा था।और जाली में खीरा, टमाटर व पानी बेचने वाला खड़ा था।और अचानक वीडियो बनता देखकर वहां भगदड़ मच गई ।इसी क्रम में गांव चुल्हावली स्थित देशी शराब के ठेके पर भी समय से पहले सुबह से ही शराब ब्लैक में बिकना शुरू हो जाती है।और अधिकतर ठेका संचालकों को पुलिस व आबकारी विभाग का डर नहीं है। आखिर कहां सो रहा है आबकारी विभाग क्या विभाग की मिली भगत से चल रहा सारा खेल।

# बाल श्रम राष्ट्र के लिए एक अभिशाप है- महात्मा गांधी

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।**



फिरोजाबाद । जायंट्स ग्रुप ऑफ फिरोजाबाद महिला शक्ति द्वारा बाल श्रम के विरोध में जागरूकता कैंप लगाया गया। यह कैंप ऑर्किड ग्रीन स्थित आदित्य मैमोरियल स्कूल में लगाया गया जहाँ मजदूरों के बच्चों को पढ़ाया जाता है

अध्यक्षा प्राची अग्रवाल ने कहा कि आज लाखों बच्चे शिक्षा और बचपन के अधिकार से वंचित है जिससे उनका शारीरिक और मानसिक विकास बाधित होता है बाल श्रम बचाने का शिक्षा ही बेहतर तरीका है बच्चों को काम के लिए नहीं बल्कि शिक्षा और खेल खेलने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए जिससे उनका शारीरिक और मानसिक विकास हो सके और देश की उन्नति हो ।स्कूल की डायरेक्टर श्रीमती रीता मित्तल बहुत ही सराहनीय एवं प्रशंसनीय कार्य कर रही हैं

डी ए ओ रीना गर्ग ने बताया कि इस स्कूल में जो मजदूरों के बच्चे शिक्षा ग्रहण करते हैं उन बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया और उनसे पढ़ाई से संबंधित प्रश्नोत्तर पूछे ।डी ओ एफ दीपा अग्रवाल ने बताया कि बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए सबको एकसी टी शर्ट दी ,पढ़ाई की किताबें, मग, कलर्स, बिस्कुट , बैठने के लिए पट्टी आदि सामान दिया गया। प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर कल्पना राजोरिया पूर्व अध्यक्ष बीना चौहान मंजू सिंह ऊषा पाराशर वर्तिका जैन मधु गर्ग सीमा अग्रवाल मोनिका गर्ग गौरी बंसल आशा अग्रवाल निक्की नरूला डॉक्टर निशा सिंह लवली तेलंग निहारिका नीनू आदी ग्रुप की सभी सदस्यों की उपस्थिति सराहनीय रही ।

# किबाड तोडकर ले गए 17 बोरी सरसों

**नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर ।**

जसराना। कस्बा के फरिहा रोड़ नदी के पुल के पास मौजूद एक स्पेलर की दुकान में रखी सरसों की बोरियों को अज्ञात चोर किवाड तोडकर चुरा ले गए। सुबह घटना के बारे में जानकारी होने पर व्यापारियों की भीड़ लग गई। पुलिस ने भी मामले की जांच पडताल की। बाइक पर बोरी ले जाते हुए आरोपी सीसीटीवी में कैद हो गए हैं।

कस्बा जसराना के मोहल्ला लोधपुरा निवासी मुन्नालाल गुप्ता की फरिहा रोड़ नदी के पुल के पास स्पेलर की दुकान है। दुकान में 17 बोरी सरसों की रखी हुई थीं। रोज की भांति मुन्नालाल दुकान बंद कर घर चले गए।

मंगलवार की सुबह मुन्नालाल अपनी दुकान पर पहुंचे तो नजारा देख उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। किवाड तोडकर अज्ञात चोर दुकान में रखी सरसों की बोरियां ले गए। दुकान में चोरी की घटना होने की जानकारी होने पर अन्य दुकानदार एवं व्यापारी भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस को सूचना मिली तो थाना जसराना से पुलिस फोर्स मौके पर पहुंचा और पीडित दुकानदार से घटना के बारे में जानकारी लेने के साथ ही आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला।

सीसीटीवी कैमरों में बाइक सवार बोरियां ले जाते हुए दिख रहे हैं। पीडित ने कोतवाली में तहरीर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक शेर सिंह ने बताया कि चोरी की घटना हुई है। सीसीटीवी कैमरे के आधार पर चोरों को खोजने का कार्य किया जा रहा है।

# युवाओं को ऋण वितरण स्थिति देखने बैंक पहुंचे नोडल अधिकारी

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।**



फिरोजाबाद। जिलाधिकारी के निर्देश पर मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना में युवाओं को ऋण वितरण की स्थिति को देखने में सभी 29 नोडल अधिकारी आवंटित बैंकों में पहुंचे। वहां उन्होंने युवाओं को बैंक द्वारा दी जा रही ऋण वितरण की स्थितियों को देखा। सभी नोडल अधिकारियों ने बैंक शाखा प्रबंधकों से कहा कि अधिक से अधिक युवाओं को ऋण वितरण करें। जिससे युवाओं को स्वरोजगार हेतु आत्मनिर्भर बनाया जा सके। योजनाओं का लाभ लेने के लिए 21 से 40 वर्ष के युवा ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। पात्र युवाओं का रू0 पांच लाख तक अपना स्वरोजगार स्थापित करने के लिए 4 वर्षों के लिए शत-प्रतिशत ब्याज व गारंटी मुक्त ऋण दिलाया जाएगा। इस योजना के तहत सामान्य वर्ग के लाभार्थी को परियोजना लागत का 15 प्रतिशत, ओबीसी को 12.50 प्रतिशत और एससी, एसटी व दिव्यांग को 10 प्रतिशत स्वयं का अंशदान जमा करना होगा। जिलाधिकारी के निर्देश पर सभी नोडल अधिकारी सुबह 10 से 12 बजे तक बैंकों में उपस्थित रहकर ऑनलाइन प्राप्त आवेदनों की जांच पूरी कर ऋण वितरण की कार्यवाहियों को पूरा करा रहे हैं।

## कार्यालय ग्राम पंचायत भीकनपुर सांखिनी विकासखंड हाथवंत जनपद फिरोजाबाद

पत्रांकः मीमो/निविदा/राज्य वित्त/केंद्रीय वित्त/मनरेगा योजना/वर्ष 2025-26 दिनांक:30/04/2025

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत भीकनपुर सांखिनी विकासखंड हाथवंत के अन्तर्गत वित्तिय वर्ष 2025-26 राज्य वित्त / केंद्रीय वित्त/मनरेगा योजना एवं अन्य मदो के अन्तर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु दिनांक 30.04.2025 समय 10.00 बजे से 05/05/2025 अपराह्न 2:00 बजे तक पंजीकृत फमों से मुहरबन्द निविदायें आंमत्रित की जाती है । निविदा प्रप्त्र कार्यालय ग्राम पंचायत भीकनपुर सांखिनी से दिनांक 30.04.2025 को 10.00 बजे से प्राप्त किये जा सकते है । निविदायें दिनांक 05.05.2025 को समय 03.00 बजे ग्राम पंचायत भीकनपुर सांखिनी कार्यालय के सील बन्द बॉक्स में डाली जायेगी । जो उसी दिन निविदाओं को उपस्थिति में समय 03.00 बजे टेण्डर समिति द्वारा खोली जायेगी । निविदा मूल्य रू 200.00 धरोहर धनराशि....

| क्र. | सामग्री का नाम | सामग्री की मात्रा | इकाई प्रति | इकाई दर | सामग्री का अनुमानित लागत रु0 में |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सीमेन्ट बैग | 340 | बैग | 371 | 126140 |
| 2 | फाइनसैण्ड घन मी0 | 45 | घन मी0 | 1995 | 89775 |
| 3 | कोरसैण्ड | 40 | घन मी0 | 2835 | 113400 |
| 4 | स्ट्रोन ग्रिट 10-10, एम.एम.घन मी0 | 40 | घन मी0 | 2179 | 87160 |
| 5 | स्ट्रोन ब्लास्ट 40 एम.एमगेज | 40 | घन मी0 | 1037 | 41480 |
| 6 | प्रथम श्रेणी ईंट सं0 में | 15000 | प्रति नग | 6.3 | 94500 |
| 7 | पॉलीथिन | 800 | वर्ग मीटर | 12 | 9600 |
| 8 | ब्रिक ब्लास्ट 40 एम.एम. गेज | 60 | घन मी0 | 260 | 15600 |
| 9 | इण्टरलॉकिंग ब्रिक्स | 10000 | प्रति नग | 22 | 220000 |
| 10 | टाइल्स फ्लोर | 40 | घन मी0 | 737 | 29480 |
| 11 | टाइल्स बॉल | 40 | घन मी0 | 60 | 2400 |
| 12 | लोकल सैण्ड (जमुना बालू) | 40 | घन मी0 | 1050 | 42000 |
| 13 | आयरन (सरिया) | 10 | कुन्तल | 6854 | 68540 |
| 14 | आयरन गेट | 6 | कुन्तल | 6854 | 41124 |
| 15 | जेसीबी कार्य | | | | 190000 |
| | योग | | | | 1170619 |

निविदा शर्तें:-

02 प्रतिशत जमानत राशि की एफ.डी.आर. सम्बन्धित ग्राम पंचायत के पक्ष में बंधक होगी । निविदा स्वीकृत व अस्वीकृत करने का अधिकार टेण्डर समिति का होगा । निर्माण सामग्री आवश्यकता अनुसार घट-बढ़ सकती है । पी.डब्लू.डी. के दरो के अनुसार घट-बढ़ सकती है । यदि किसी कारण से उपरोक्त दिनांक को कार्यवाही नहीं हो पाती है तो यह कार्यवाही अग्रीम कार्य दिवस में की जायेगी । किसी भी वाद विवाद की स्थिति में न्यायालय क्षेत्र फिरोजाबाद होगा ।

**प्रधान**
ग्रा.पं.भीकनपुर सांखिनी ,वि.खं.हाथवंत

**सचिव**
ग्रा.पं.भीकनपुर सांखिनी ,वि.खं.हाथवंत

## नगर पालिका सिरसागंज में शामिल होंगी 15 ग्राम पंचायते

**नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर ।**

सिरसागंज। नगर पालिका सिरसागंज का विस्तार करने के लिए आसपास की 15 ग्राम पंचायतें नगर पालिका सिरसागंज में शामिल होने जा रही है। जिसकी तैयारी पूरी हो गई है। शामिल ग्राम पंचायत की प्रधानी खत्म हो जाएगी और वार्डों में सम्मिलित हो जाएंगे। पालिका ने सीमा विस्तार का प्रस्ताव शासन को भेजा था , जो स्वीकार कर लिया गया है और विस्तार की प्रक्रिया तेज हो गई है। अब नगर पालिका में उमरी , धरमई, सराय हेबतपुर , सिरसा खास, जगमुदी , अफजलपुर इमलिया , भवाली, धातरी , मल्लापुर शाहजहांपुर , सराय मुरलीधर , अहमदपुर और सराय लुकमान को शामिल किया जा रहा है।

## हमले में शहीद हुए पर्यटकों को श्रद्धांजलि की अर्पित

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

चंदौसी मे मंगलवार को नगर पालिका परिषद चंदौसी एवं वार्ष्णेय महिला वेलफेयर सोसाइटी के तत्वथान में नगर के फुव्वारा चौक पर पहलगाम हमले में शहीद हुए पर्यटकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर पालिकाध्यक्ष श्रीमती लता वार्ष्णेय द्वारा बताया गया कि दिनांक 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है. इस हमले में 28 लोग मारे गए, जिनमें ज्यादातर पर्यटक थे इस हमले का सीधे तौर पर पाकिस्तान देश गुनहगार है, हमारी भारत सरकार जल्द ही आतंकवादियों को मिट्टी में मिलाने का कार्य करेगी। इस मौके पर पालिका से सफाई एवं खाद्य निरीक्षक प्रियंका सिंह,सुनील कुमार, प्रभाकर गुप्ता, अवनेश गुप्ता, अर्पित श्रीवास्तव, लवित वार्ष्णेय, चंद्रमोहन, नरेश कुमार, राजकुमार, हिना गोयल तथा समिति से बृजबाला वार्ष्णेय, रचना वार्ष्णेय, कल्पना वार्ष्णेय, बॉबी वार्ष्णेय, रुचि वार्ष्णेय व अन्य लोग उपस्थित रहे।



## जिलाधिकारी ने ईवीएम व वीवीपैट वेयरहाउस का किया निरीक्षण

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

फिरोजाबाद । जिलाधिकारी रमेश रंजन ने ई0वी0एम0 व वी0वी0पैट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया, इस निरीक्षण में उनके साथ अपर जिलाधिकारी वि0रा0 विशु राजा भी उपस्थित रहे, इस दौरान जिलाधिकारी ने वहां लगे हुए सीसीटीवी कैमरों इत्यादि को भी देखा, साथ ही उन्होने यह निर्देशित किया कि यहां की व्यवस्थाओं को दुरूस्त रखा जाए, साथ ही यहां साफ-सफाई इत्यादि भी समुचित तरीके से रहें, उन्होने कहा कि यहां की सुरक्षा मजबूत करें, यह नियमित निरीक्षण चुनाव की पारदर्शिता और ईवीएम व वीवीपेट की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु किया जाता है।

# एसएसपी ने की पार्षदों, पूर्व पार्षदों एवं सम्भ्रान्त नागरिकों संग बैठक

## ऑपरेशन जागृति फेस 04 से संबंधित दी जानकारी

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**



फिरोजाबाद। ऑपरेशन जागृति 4.0 के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित ने 29 अप्रैल 2025 को थाना रामगढ़ क्षेत्रान्तर्गत ओसियन गार्डन में पार्षदों, पूर्व पार्षदों एवं सम्भ्रान्त नागरिकों को ऑपरेशन जागृति के मुख्य बिन्दुओं के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर एवं अन्य पुलिस अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहें।

# राज्य में शुरू हुआ स्वच्छ बिहार पोर्टल, मुख्य सचिव अमृतलाल मीणा ने किया लॉन्च

## स्वच्छता और पारदर्शिता की दिशा में एक ठोस कदम

स्टेट ब्यूरो चीफ/मुकेश कुमार



**पटना(बिहार)।** बिहार के मुख्य सचिव अमृतलाल मीणा ने प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग,भारत सरकार की तकनीकी सहायता से विकसित स्वच्छ बिहार पोर्टल का शुभारंभ किया।इस पोर्टल को राज्य के सभी प्रशासनिक कार्यालयों में स्वच्छता मानकों की निगरानी,मूल्यांकन और पारदर्शी रिपोर्टिंग के उद्देश्य से विकसित किया गया है।पुराना सचिवालय स्थित सभा कक्ष में मंगलवार को इसे लेकर सभी जिलों के डीएम और प्रमंडलीय आयुक्त से लेकर संबंधित विभागों के वरीय अधिकारी भी ऑनलाइन माध्यम से जुड़े हुए थे।केन्द्रीय प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग की संयुक्त सचिव सरिता चौहान भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़ी थीं।स्वच्छ बिहार पोर्टल की शुरूआत बिहार सरकार की एक दूरदर्शी पहल है,जो डिजिटल तकनीक के माध्यम से एक साफ,जवाबदेह और पारदर्शी प्रशासन की नींव रखती है।स्वच्छ बिहार पोर्टल की लॉन्चिंग के मौके पर बिहार के मुख्य सचिव अमृतलाल मीणा ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि एनआईसी के सहयोग से इस पोर्टल को विकसित किया गया है।उन्होंने स्पष्ट कहा कि इसमें सिर्फ स्वच्छता ही मात्र नहीं है बल्कि गवर्नेंस पर भी जोर दिया गया है।इसमें स्क्रैप डिस्पोजल की भी मॉनिटरिंग होगी।साथ ही 19 बिन्दुओं पर उनके कार्यों की समीक्षा की जाएगी और फिर प्रदर्शन के आधार पर रैंकिंग की जाएगी।विभागों या जिलों में मौजूद पुराने स्क्रैप से लेकर उनकी स्थापना से जुड़े रखरखाव का मानक के आधार पर परखा जाएगा।उन्होंने सभी विभागों में इस पोर्टल के रखरखाव के लिए लिए एक-एक नोडल ऑफिसर तैनात करने का आदेश जारी किया।

उन्होंने सभी विभागीय सचिव के साथ-साथ जिलाधिकारी और प्रमंडलीय आयुक्तों से कहा कि जिन्होंने नोडल ऑफिसर अबतक नियुक्त नहीं किए हैं,वे तुरंत इसकी तैनाती करें।साथ ही इसका वीकली रिव्यू मीटिंग करें।इसके साथ ही उन्होंने सामान्य प्रशासन विभाग को निर्देश दिया कि वर्ष 2026 में होने वाले सिविल सर्विस-डे के दौरान तीन बेहतर प्रदर्शन करने वाले जिला कार्यालय,तीन प्रमंडल कार्यालयों और तीन विभागों को सम्मानित करें।इसके माध्यम से बेहतर मॉनिटरिंग विकसित कर ओवरऑल गवर्नेंस को और सुधारने का प्रयास करें।इस पोर्टल का क्रियान्वयन भारत सरकार के स्तर पर कई वर्षों से सफलतापूर्वक किया जा रहा है।इस मौके पर उन्होंने प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग की संयुक्त सचिव सरिता चौहान के साथ-साथ सभी वरीय अधिकारियों को धन्यवाद दिया।

बिहार सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग की इस पहल का उद्देश्य कार्यालयों के आधुनिकीकरण के साथ-साथ सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाना है।इसके माध्यम से जिला से लेकर राज्य स्तर के महकमों तक की साफ-सफाई से लेकर फाइलों के समुचित तरीके से निपटारे का भी लेखा-जोखा रखा जाएगा।यह पोर्टल अधिकारियों को नियमित स्वच्छता रिपोर्ट अपलोड करने,निरीक्षण करने और जरूरत के अनुसार सुधारात्मक कदम उठाने का मंच प्रदान करेगा।इसके साथ ही प्रदेशवासियों को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं निर्धारित वक्त पर उपलब्ध कराना मुख्य उद्देश्य है।

स्वच्छ बिहार पोर्टल के कार्यान्वयन के लिए सभी विभाग,प्रमंडलीय आयुक्त और जिला से नोडल पदाधिकारी नामित करने के लिए अनुरोध किया गया है।अबतक इसके लिए 23 विभाग,13 जिला और 6 प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय के स्तर से नोडल पदाधिकारी की सूचना उपलब्ध करायी गयी है।

## आदिवासी नेता सत्यवान मुर्मू हत्याकांड का किशनगंज पुलिस ने 48 घंटे में किया खुलासा

नेशनल एक्सप्रेस/मनोज कुमार

**पटना(बिहार)।** किशनगंज जिले के पौआखाली थाना क्षेत्र में आदिवासी नेता सत्यवान मुर्मू हत्याकांड का पुलिस ने 48 घंटे में खुलासा कर दिया है।पुलिस ने हत्या में शामिल मृतक की बहू बसंती हेम्ब्रम और उसके प्रेमी मो.चांद उर्फ छोटू को गिरफ्तार कर लिया है।बताते चलें कि विगत 26 अप्रैल 2025 को सुबह 11बजे पौआखाली थाना को सूचना मिली थी कि सत्यवान मुर्मू की अज्ञात अपराधियों ने हत्या कर दी है।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया।जिसके बाद मृतक की पत्नी फुलमनी हेम्ब्रम के बयान पर जिले के पौआखाली थाना कांड संख्या-31/25,दिनांक-26.04.25, धारा-103(1)/35 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।कांड की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक किशनगंज के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी-2,ठाकुरगंज के नेतृत्व में एक टीम बनाई गई।पुलिस की टीम ने लगातार आसूचना,तकनीकी और बायोलॉजिकल साक्ष्य जुटाए।जांच में सामने आया कि हत्या में मृतक की बहू बसंती हेम्ब्रम और उसके प्रेमी मो.चांद उर्फ छोटू की संलिप्तता है।पुलिस ने दोनों के घरों पर छापेमारी कर बसंती हेम्ब्रम,पति-विश्वनाथ मुर्मू,निवासी काशीबाड़ी आदिवासी टोला,थाना पौआखाली और मो.चांद उर्फ छोटू,उम्र 32 वर्ष,पिता स्व. अब्दुल रसीद आलम,निवासी रूईधासा खानका वार्ड नं-23,थाना-किशनगंज को गिरफ्तार कर लिया।पूछताछ में दोनों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया।उन्होंने बताया कि मृतक सत्यवान मुर्मू,बहू के अवैध संबंध से नाराज थे।मृतक ने कई बार बसंती को समझाया था कि अगर वह नहीं मानी तो अपनी जमीन बेटी के नाम कर देगा।कुछ दिनों बाद बंदोबस्ती शिविर लगने वाला था,जिसमें मृतक अपनी जमीन पुत्री के नाम करने वाला था।इसी बात को लेकर दो दिन पहले मृतक और बहू के बीच झगड़ा भी हुआ था। चांद ने मृतक को अपनी दुकान पर बुलाया।पहले शराब पिलाई। फिर मकई के खेत में ले जाकर धारदार दबिया से हमला कर हत्या कर दी।

## न्यूज ब्रीफ

### क्रिकेट जगत में बिहार की नयी पहचान हैं वैभवः नंदकिशोर, विधानसभा अध्यक्ष

- बिहार विधानसभा अध्यक्ष ने वैभव सूर्यवंशी को दी बधाई



स्टेट ब्यूरो चीफ/मुकेश कुमार

पटना( बिहार )।बिहार विधान सभा के अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स की ओर से खेलते हुए गुजरात टाइटंस के खिलाफ सिर्फ 35 गेंदों पर शतक बनाने वाले बिहार के वैभव सूर्यवंशी को हार्दिक बधाई दी और कहा कि वैभव सूर्यवंशी क्रिकेट जगत में बिहार की नयी पहचान हैं।इतनी कम उम्र में आईपीएल में शतक बनाकर वैभव सूर्यवंशी ने नया इतिहास रचा है।इसमें कोई संदेह नहीं कि वैभव सूर्यवंशी आनेवाले समय में देश के क्रिकेट को नयी ऊंचाई पर ले जाएंगे।श्री यादव ने आज यहां कहा कि बिहार के इस लाल ने जो कमाल किया है,इससे क्रिकेट दुनिया के बड़े-बड़े दिग्गज अचंभित हैं।हमारी कामना है कि वैभव सूर्यवंशी इसी तरह का प्रदर्शन कर अपने परिवार,प्रदेश और पूरे देश का नाम रौशन करते रहें।इस आशय की जानकारी जनसंपर्क पदाधिकारी,बिहार विधान सभा,पटना के द्वारा दी गई हैं।

## गोपालगंज में पुलिस के साथ बदमाशों की मुठभेड़

नेशनल एक्सप्रेस/मनोज कुमार



**पटना(बिहार)।** गोपालगंज में रंगदारी मांगने वाले अपराधियों की गिरफ्तारी करने गयी पुलिस टीम पर अपराधियों ने फायरिंग शुरू कर दी।पुलिस के द्वारा जवाबी फायरिंग में एक अपराधी के पैर में गोली लगी है।वही एक अन्य अपराधी को भी गिरफ्तार किया गया है।इनके पास से एक पिस्टल और तीन जिंदा कारतूस बरामद किया गया है।

घटना मीरगंज थाना क्षेत्र के सवरेजी गांव की बतायी जा रही है।हथुआ एसडीपीओ आनंद मोहन गुप्ता ने बताया कि मीरगंज के एक स्वर्ण व्यवसायी से पांच लाख रुपये की रंगदारी मांगी गई थी।

रंगदारी मांगे जाने के बाद पुलिस ने प्लान के तहत व्यवसायी को एक लाख रुपये लेकर भेज दिया,इसी दौरान अपराधियों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी।जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी फायरिंग की।जिसमें एक अपराधी के पैर में लगी गोली लगी है।दो अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है।इनके पास से एक पिस्टल,तीन जिंदा कारतूस एवं दो खोखा बरामद किया गया है।वही घायल अपराधी को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## मुख्यमंत्री ने दानवीर भामाशाह जी को उनकी जयंती के अवसर पर नमन किया

स्टेट ब्यूरो चीफ/मुकेश कुमार



**पटना(बिहार)।** राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज दानवीर भामाशाह जी की जयंती के अवसर पर आयोजित समारोह में पुनाईचक पार्क स्थित शूरवीर दानवीर भामाशाह जी की आदमकद प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया और अपनी श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी,विधानसभा अध्यक्ष नन्दकिशोर यादव,जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी,पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन,भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल,मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ.एस. सिद्धार्थ,जदयू के प्रदेश महासचिव कमल नोपानी,बिहार राज्य नागरिक परिषद् के पूर्व महासचिव अरविंद कुमार,बिहार बाल अधिकार संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य शिवशंकर निषाद सहित कई अन्य राजनीतिक एवं सामाजिक कार्यकताओं ने भी शूरवीर दानवीर भामा शाह जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।इस अवसर पर सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती पूजन,भजन कीर्तन,बिहार गीत एवं देशभक्ति गीत के कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये।कार्यक्रम के पश्चात मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जदयू पार्टी कार्यालय के कपूर्री सभागार में शूरवीर दानवीर भामाशाह जी की जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुये।मुख्यमंत्री ने शूरवीर दानवीर भामाशाह जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी और नमन किया।

# खेल

## न्यूज ब्रीफ

### दिल्ली कैपिटल्स का टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला

नयी दिल्ली (भाषा) दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल ने इंडियन प्रीमियर लीग में मंगलवार को यहां कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। दिल्ली ने अपनी एकादश में कोई बदलाव नहीं किया है। नाइट राइडर्स ने एक बदलाव करते हुए अनुकूल रॉय को एकादश में शामिल किया है।

### आई एम विजयन को मालाबार विशेष पुलिस बटालियन में डिप्टी कमांडेंट के पद पर पदोन्नत किया गया

तिरुवनंतपुरम (भाषा) केरल सरकार ने मंगलवार को भारतीय फुटबॉल के दिग्गज खिलाड़ी आई एम विजयन के लिए मालाबार स्पेशल पुलिस बटालियन में डिप्टी कमांडेंट का अतिरिक्त पद सृजित करने और खेल में उनके योगदान को देखते हुए उन्हें इस पद पर नियुक्त करने का आदेश पारित किया। विजयन वर्तमान में मालाबार विशेष पुलिस बटालियन में सहायक कमांडेंट हैं।

सरकार ने राज्य पुलिस प्रमुख को आदेश के बाद आगे की कार्रवाई करने और एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। यह आदेश विजयन के पुलिस से सेवानिवृत्त होने से एक दिन पहले आया है।

आदेश के अनुसार, विजयन ने डिप्टी कमांडेंट के अतिरिक्त पद के सृजन का अनुरोध करते हुए देश और केरल राज्य के लिए खेल में उनके योगदान को देखते हुए उन्हें उस पद पर नियुक्त करने की मांग की थी।

आदेश में कहा गया है कि सरकार ने उनके अनुरोध पर विचार किया। उन्होंने खेल में अपने अमूल्य उपलब्धि से देश और राज्य का गौरव बढ़ाया है। ऐसे में इसे एक विशेष मामले के रूप में स्वीकार करने का फैसला किया।

## तेंदुलकर सहित क्रिकेट दिग्गजों ने की सूर्यवंशी की सराहना

नयी दिल्ली (भाषा) मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर सहित क्रिकेट जगत की मशहूर हस्तियों ने 14 साल के बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी की सराहना करते हुए इस विलक्षण बालक को एक उभरता हुआ सितारा बताया।

राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलते हुए सूर्यवंशी ने सोमवार की रात जयपुर में खेले गए आईपीएल मैच में गुजरात टाइटंस के राशिद खान को मिडविकेट पर छक्का लगाकर टी20 में सबसे कम उम्र का शतक बनाने वाला खिलाड़ी बनने के बाद क्रिकेट जगत को अपना दीवाना बना दिया।

भारत की तरफ से 16 साल की उम्र में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने वाले तेंदुलकर ने एक्स पर पोस्ट किया, ह्यह्य वैभव का निडर दृष्टिकोण, बल्लेबाजी की गति, लेंथ का जल्दी अनुमान लगाना और अपनी पूरी शक्ति गेंद पर लगा देना उनकी शानदार पारी का नुस्खा था। इसका परिणाम यह था कि वह 38 गेंद पर 101 रन बनाने





में सफल रहे। बहुत अच्छी पारी खेली। सूर्यवंशी ने 35 गेंद में शतक जड़कर राजस्थान रॉयल्स के पूर्व बल्लेबाज यूसुफ पठान के किसी भारतीय के टी20 में सबसे तेज शतक के रिकॉर्ड को तोड़ दिया। सूर्यवंशी का तब जन्म भी नहीं हुआ था जब 15 साल पहले पठान ने 37 गेंद में शतक लगाया था।

पठान ने कहा, एक भारतीय का आईपीएल में सबसे तेज शतक का मेरा रिकॉर्ड तोड़ने के लिए युवा वैभव सूर्यवंशी को बहुत-बहुत बधाई! राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलते हुए इसे देखना और भी खास है, जैसा मैंने किया था। भारत के एक अन्य पूर्व बल्लेबाज युवराज सिंह ने कहा, आप 14 साल की उम्र में क्या कर रहे थे। यह बच्चा बिना पलक झपकाए दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों का सामना कर रहा है। वैभव सूर्यवंशी - नाम याद रखें। वह निडर रवैये के साथ खेल रहा है। अगली पीढ़ी के शानदार प्रदर्शन को देखकर गर्व है।

भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज क्रिस श्रीकांत ने सूर्यवंशी को भारतीय क्रिकेट का अगला सुपरस्टार बताया।

श्रीकांत ने कहा, 14 साल की उम्र में ज्यादातर बच्चे सपने देखते हैं और आइसक्रीम खाते हैं। वैभव सूर्यवंशी ने आईपीएल के दावेदारों में से एक के खिलाफ शानदार 100 रन बनाए। उनका धैर्य, कौशल और साहस उनकी उम्र से कहीं अधिक है। हम एक अभूतपूर्व बल्लेबाज का उदय देख रहे हैं। भारतीय क्रिकेट का अगला सुपरस्टार यहां है। राष्ट्रीय टी20 कप्तान और मुंबई इंडियंस के स्टार सूर्यकुमार यादव ने भी इस किशोर बल्लेबाज की सराहना की और कहा कि उन्होंने गेंदबाजों की पूरी तरह से बखिया उधेड़ दी।

सूर्यकुमार ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया, यह बिल्कुल अविश्वसनीय है। भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने लिखा, ह्यह्यवैभव सूर्यवंशी, क्या अविश्वसनीय प्रतिभा है। सिर्फ 14 साल की उम्र में शतक बनाना अविश्वसनीय है। चमकते रहो भाई। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान मिताली राज ने कहा, वैभव सूर्यवंशी को आज खेलते हुए देखकर ऐसा लगा जैसे इतिहास बनते हुए देख रहे हों। उन्होंने बड़ी सहजता से 35 गेंद पर शतक बनाया। बहुत अच्छा खेला चैंपियन। क्रिकेटर से कमेंटेटर बने इयान बिशप सूर्यवंशी के आक्रामक तेवर से स्तब्ध रह गए।

### नीतीश ने सूर्यवंशी की सराहना करते हुए 10 लाख रुपये का इनाम देने की घोषणा की

पटना (भाषा) बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को टी20 क्रिकेट में सबसे कम उम्र के शतक बनाने वाले 14 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी की सराहना करते हुए उन्हें उनके शानदार प्रदर्शन के लिए मंगलवार को 10 लाख रुपये का नकद इनाम देने की घोषणा की। सूर्यवंशी ने सोमवार गुजरात टाइटंस के खिलाफ 38 गेंदों में 101 रन बनाकर 14 साल और 32 दिन की उम्र में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के सबसे कम उम्र के शतकवीर बनने का रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने 35 गेंद में अपना शतक पूरा किया जिससे वह आईपीएल में सबसे तेज शतक बनाने वाले भारतीय खिलाड़ी बन गये। उन्होंने इस दौरान अपनी पारी में 94 रन बाउंड्री से बनाये। नीतीश ने ट्विटर पर लिखा, ह्यह्यआईपीएल के इतिहास में सबसे कम उम्र (14 साल) में शतक लगाने वाले खिलाड़ी बने बिहार के वैभव सूर्यवंशी को बधाई एवं शुभकामनाएं। वे अपनी मेहनत और प्रतिभा के बलबूते भारतीय क्रिकेट की एक नई उम्मीद बन गए हैं।

### राणा के पांच विकेट और प्रतिका के अर्धशतक

## भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 15 रन से हराया

कोलंबो (भाषा) प्रतिका रावल की अर्धशतकीय पारी के बाद स्पिनर स्नेह राणा ने एक ही ओवर में तीन विकेट चटकाकर महिला वनडे में पहली बार पांच विकेट लेने का का कारनामा किया जिससे भारत ने महिला त्रिकोणीय श्रृंखला में मंगलवार को दक्षिण अफ्रीका पर 15 रन की रोमांचक जीत दर्ज की।



प्रतिका ने अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए 91 गेंदों पर 78 रन की पारी खेली जिससे भारत ने कप्तान हरमनप्रीत कौर के पहले बल्लेबाजी करने के फैसले के बाद छह विकेट पर 276 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया।

प्लेयर ऑफ द मैच राणा ने इसके बाद पांच विकेट चटकाए जिससे दक्षिण अफ्रीका की टीम ताजमिन ब्रिट्स के 109 रन के बावजूद 49.2 ओवर में 261 रन पर आउट हो गई। दक्षिण अफ्रीका ने अपने आखिरी पांच विकेट 21 रन पर गंवा दिए जिससे भारत ने टूनामेंट में लगातार दूसरी जीत दर्ज की।

राणा ने 10 ओवर में 43 रन देकर पांच विकेट लिये। उन्होंने इस दौरान पारी के 48वें ओवर में तीन रन देकर तीन विकेट चटकाते हुए मैच का रूख भारत की ओर मोड़ दिया।

दक्षिण अफ्रीका ने चुनौतीपूर्ण लक्ष्य का पीछा आक्रामक तरीके से करते हुए भारत को शुरूआत में ही बैकफुट पर धकेल दिया।

ब्रिट्स मौसम की मुश्किल परिस्थितियों में ऐंठन का सामना करने के कारण 105 गेंद पर 108 रन बनाकर रिटायर हर्ट हो गयी। उन्होंने कप्तान लॉरा वोल्वाड्र्ट (43) के साथ पहले विकेट के लिए 140 रनों साझेदारी कर भारत को बैकफुट पर धकेल दिया था।

जब ऐसा लग रहा था कि दक्षिण अफ्रीका की टीम आसानी से इस मैच को जीत जायेगी तब भारतीय स्पिनरों ने अपनी फिरकी में बल्लेबाजों को फंसाना शुरू किया।

दीप्ति शर्मा (40 रन पर एक विकेट) ने वोल्वाड्र्ट को पगबाधा कर मैच के 28वें ओवर में भारत को पहली सफलता दिलायी। इसके तुरंत बाद राणा ने लॉरा गुडोल (नौ) को चलता किया।

ब्रिट्स ने इस दौरान लगातार दो चौके के साथ वनडे करियर का तीसरा शतक पूरा किया। वह हालांकि उमस वाले मौसम में ऐंठन के कारण बल्लेबाजी जारी नहीं रख सकी और उन्हें रिटायर हर्ट होना पड़ा। तेज गेंदबाज अरुंधति रेड्डी (59 रन पर एक विकेट) ने पदार्पण कर रही विकेटकीपर काराबो मेसो (सात) को पवेलियन की राह दिखाने में ज्यादा समय नहीं लिया।

युवा वामहस्त स्पिनर श्री चारणी (51 रन पर एक विकेट) ने अनुभवी सुने लुस (28) को चलता कर भारतीय खेमे में आत्मविश्वास भर दिया।

जरूरी रन गति के नौ के करीब पहुंचने के बाद क्लो ट्रायोन (18) और एनेरी डर्कसेन (30) ने तेजी रन बनाते हुए गेंदबाजों को परेशान करना शुरू किया था कि राणा ने दोनों का विकेट झटकने के बाद नाडिने डिक्लर्क (शून्य) और फिर से बल्लेबाजी के लिए आयी ब्रिट्स को आउट कर यादगार पांच विकेट पूरे किए।

इससे पहले प्रतिका ने 91 गेंदों पर 78 रन की पारी खेली जबकि स्मृति मंधाना (36), जेमिमा रोड्रिग्स (41), कप्तान हरमनप्रीत कौर (नाबाद 41), हरलीन देओल (29) और ऋचा घोष (24) ने भी उपयोगी योगदान दिया। दक्षिण अफ्रीका के लिए नॉनकुलुलेको म्लाबा (55 रन पर दो विकेट) सबसे सफल गेंदबाज रही।

## ओलंपिक पदक विजेता भाकर, कुसाले म्यूनिख विश्व कप के लिए भारतीय टीम में

नयी दिल्ली (भाषा) पेरिस ओलंपिक के सितारे मनु भाकर और स्वप्निल कुसाले को मंगलवार को एशियाई खेलों की मौजूदा चैंपियन पलक के साथ आठ जून से शुरू होने वाले आईएसएसएफ राइफल/पिस्टल विश्व कप के म्यूनिख चरण के लिए 23 सदस्यीय भारतीय टीम में शामिल किया गया।

भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने टीम की घोषणा की, जिसमें भाकर दो व्यक्तिगत स्पधाओं (महिलाओं की 10 मीटर और 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा) में जगह बनाने वाली एकमात्र सदस्य हैं।

राष्ट्रीय टीम में पुरुष एयर राइफल में संदीप सिंह की वापसी हुई है। कुसाले और संदीप पेरिस खेलों में भाग लेने के बाद पहली बार प्रतिस्पर्धा करते दिखेंगे।

भारतीय राइफल और पिस्टल टीम हाल ही में अर्जेंटीना और पेरू में आयोजित दो-चरण वाले संयुक्त आईएसएसएफ विश्व कप से लौटी है। टीम ने इसमें कुल छह स्वर्ण सहित 15 पदक जीते थे। भारतीय टीम अर्जेंटीना में दूसरे जबकि पेरू में तीसरे स्थान पर थी।

उस टीम के कुल 13 सदस्य म्यूनिख जाने वाली टीम में भी हैं। इसमें महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन (3पी) और 25 मीटर पिस्टल प्रतियोगिताओं में कोई बदलाव नहीं हुआ है। म्यूनिख के लिए चुनी गयी टीम में तीन नए खिलाड़ी भी होंगे।

महाराष्ट्र की राष्ट्रीय चैंपियन अनन्या नायडू को घरेलू सर्किट में अपने शानदार प्रदर्शन को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जारी रखने का मौका दिया गया है।

# नेशनल एक्सप्रेस

हर खबर समय पर

FRONT PAGE 2




आतंकवाद और नक्सलवाद के खिलाफ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है तथा पूरा देश एक स्वर में आतंकवाद के खिलाफ खड़ा है।

योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री उ.प्र.



दयाशंकर सिंह देवरिया में मुख्यमंत्री की जनसभा में मंत्री श्रीमती विजयलक्ष्मी गौतम, क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय, जिलाध्यक्ष देवरिया भूपेन्द्र सिंह के साथ।






# दृढ़ोमर वैश्य समाज की एकता में शक्ति है, यह होली मिलन समाज में प्रेम भाईचारा का 'मील का पत्थर' साबित होगा: विपिन गुप्ता













नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

नोएडा विगत 27 अप्रैल को देश के समृद्धशाली दृढ़ोमर वैश्य समाज, दिल्ली इकाई के प्रमुख महानुभावों की बैठक ₹होली मिलन समारोह - 2025₹ का आयोजन ग्रेटर नोएडा की गैलेक्सी वेगा सोसाइटी में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर दिल्ली-एनसीआर के ० से अधिक परिवारों ने होली कुटुंब मिलन समारोह में सौहार्द के माहौल बढ़ चढ़ कर भाग लिया।

इस बैठक का आयोजन श्रीमती शिवानी गुप्ता, श्री शिवकुमार गुप्ता, श्री विषंभर गुप्ता एवं श्री सौरभ गुप्ता ने श्रीमान मदनलाल गुप्ता जी (अध्यक्ष दृढ़ोमर वैश्य समाज, दिल्ली इकाई), श्रीमती पूनम गुप्ता जी (वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं महिला प्रभारी) के प्रयासों एवं श्री विपिन कुमार गुप्ता जी (संस्थापक नेशनल एक्सप्रेस, गुरु गोविंद दर्शन) व राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन मीडिया भारत विकास परिषद, राष्ट्रीय अध्यक्ष भारतीय मतदाता संगठन के आशीर्वाद वचन और मार्गदर्शन में हंसी खुशी के वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। भगवान-श्री कृष्ण व राधा रानी के चित्र के विधिवत पूजन के बाद, सभी महानुभावों का परिचय परिवार जनों सहित स्वत दिया गया।मंच का संचालन शिवकुमार गुप्ता एवं शिवानी गुप्ता जी ने अत्यंत सुंदर एवं जोशीले अंदाज में किया। बैठक की शुरुआत श्रीमती पूनम जी, श्रीमान मदनलाल जी, श्री मती रजनी जी संपादक गुरु गोविंद दर्शन (आध्यात्मिक पत्रिका) श्री संजय कुमार जी एवं अन्य वरिष्ठ सदस्यों द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई। तत्पश्चात बेटी शिवांशी गुप्ता, पुत्री श्री शिवकुमार/शिखा गुप्ता, ने कीबोर्ड पर श्री बांके बिहारी लाल जी का अत्यंत मधुर भजन प्रस्तुत किया। इसके बाद बेटी जेसिका गुप्ता, पुत्री श्री संजय/कामिनी गुप्ता, ने देशभक्ति गीत की सुंदर प्रस्तुति दी, बेटी आद्या गुप्ता, पुत्री श्री विशंभर/शिवानी गुप्ता, ने राष्ट्रगान गाया, बेटी कासवी गुप्ता, पुत्री श्री शिवम/अक्षिता गुप्ता ने भजन गाया, बेटी राधिका गुप्ता, पुत्री श्री नीरज/साक्षी गुप्ता ने हनुमान चालीसा की प्रस्तुति दी तत्पश्चात बेटी भूमि गुप्ता, पुत्री श्री मुकेश/रुचिता गुप्ता ने बहुत ही सुंदर न्रत्य किया। अपनी उद्बोधन में बोलते हुए नेशनल एक्सप्रेस प्रकाशन समूह संस्थापक ने विपिन गुप्ता ने कहा कि कार्यक्रम के आयोजन में शिवकुमार जी और शिवानी गुप्ता तथा मदन मोहन जी के प्रयास की जितनी भी सराहना की जाए कम हैऔर यह एक मील का पत्थर साबित होगा। सभी में प्रेम भाईचारा स्थापित हो यह पहला प्रयास होना चाहिए तथा दिल्ली का संदेश सारे देश में जाएगा से हमारे विद्वान लोगों तथा उच्च पद पर

## समाज का एक भवन दिल्ली में बनाना समाज के लिए जरूरी: संजय गुप्त

तैनात लोगों का परिचय भी होगा और उसका लाभ भी देश भर में फैले हुए समाज को मिलेगा इसकी कमी कर रही थी और आज इसकी शुरुआत यहां पर होली मिलन के रूप में हुई है इसके पहले भजन गुप्ता को बिजली का अध्यक्ष बनने में गुप्ता और हम लोगों के प्रयास से उनके भव्य आवास में ही बैठक रखी थी, जो सोए हुए समाज को जगाने के लिए पहला प्रयास था और आज की इस बैठक में इस प्रयास में प्राण फूंक दिए हैं, अब समय आ गया है कि अन्य वैसे समझो की तरह हमारा दृढ़ोमर वैश्य कुटुंब समाज के रूप एक अपनी अलग छवि और पहचान स्थापित करने का प्रयास करेगा। श्री गुप्त ने कहा कि हमारे आगामी कार्यक्रम में आप सभी लोग एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर में 17 में को शामिल होकर आपसी सौहार्द मिलन भी कर सकेंगे। कार्यक्रम में बोलते हुए संजय गुप्ता ने कहा कि दिल्ली में देश भर के लोग विभिन्न अधिकारियों से सामाजिक कार्यों और स्वास्थ्य के संबंधमें यहां पर आते हैं लेकिन अपना कोई ऐसा स्थान नहीं है जहां पर वह कार्यक्रम आयोजित कर सकें इसके लिए जरूरी है कि एक ट्रस्ट बनाकर यहां पर एक भवन के लिए जमीन सरकार से आवंटित करवा कर या अपने समाज से धन इकट्ठा कर जमीन खरीद कर उसका निर्माण किया जाए। इसके लिए शीघ्र अगली बैठक करने का भी प्रस्ताव दिया गया। समाज के अध्यक्ष मदन मोहन गुप्ता ने सभी का आभार और धन्यवाद किया तथा शिवकुमार गुप्ता ने अपने इन प्रयासों के बारे में सभी को अस्वस्थ किया कि यह प्रयास पहले प्रयास था अब आगे और इससे बड़ा कार्यक्रम करवाने के लिए हम सभी लोग मिलकर दिल्ली एनसीआर के लोगों का एक सम्मेलन शीघ्र ही सभी लोगों के राय मशवरे और सहयोग के साथ किया जाएगा। नारी शक्ति की ओर से बोलते हुए पूनम गुप्ता ने कहा कि हम लोगों ने प्रयास करके सबको खासतौर से महिलाओं को एकत्र करके सबको एकजुट करने की शुरुआत की है और आगे तेजी से संपर्क करते हुए अगली बैठक में काम से कम 200 परिवार की महिलाओं को एकत्र करना लक्ष्य रहेगा। इसके पश्चात सभी परिवारों ने अपना परिचय दिया, जिसमें प्रमुख रूप से श्रीमती पूनम गुप्ता पत्नी श्री संजय गुप्ता, श्रीमती शिखा गुप्ता पत्नी श्री शिवकुमार गुप्ता (नोकिया मे कार्यरत), श्रीमती शिवानी गुप्ता पत्नी श्री विषंभर गुप्ता, श्रीमती अक्षिता गुप्ता पंत्नी श्री शिवम गुप्ता, श्रीमती सरिता गुप्ता पत्नी श्री मदन लाल गुप्ता (Marine chief engineer), श्रीमती ज्योति गुप्ता पत्नी श्री अतुल गुप्ता, श्रीमती रुचिता गुप्ता पत्नी श्री मुकेश गुप्ता(Wellness Coach), श्रीमती रजनी गुप्ता पत्नी श्री विपिन गुप्ता (Publication(Media house) and property & construction business), श्रीमती प्रयशी गुप्ता पंत्नी श्री शिवम गुप्ता (Customs Inspector), श्रीमती सुषमा गुप्ता पत्नी श्री दिनेश गुप्ता, श्रीमती शिल्पी गुप्ता पत्नी श्री विकास गुप्ता (Social Security officer (ESIC)), श्रीमती रश्मि गुप्ता पत्नी श्री अवधेश गुप्ता, श्रीमती भावना गुप्ता पत्नी श्री ओम प्रकाश गुप्ता, श्रीमती अंकिता गुप्ता पत्नी श्री प्रमोद गुप्ता, श्रीमती साक्षी गुप्ता पत्नी श्री नीरज गुप्ता, श्रीमती निधि गुप्ता पत्नी श्री संजय गुप्ता, श्रीमती समीक्षा गुप्ता पत्नी श्री निखिल गुप्ता, श्रीमती आकांक्षा पत्नी श्री सौरभ गुप्ता, श्रीमती दीक्षा गुप्ता पत्नी श्री आनंद गुप्ता, श्रीमती भावना गुप्ता पत्नी श्री बिमल गुप्ता, श्रीमती जयंती गुप्ता पत्नी श्री सुधीर गुप्ता, इसके अलावा उषा गुप्ता, संजय गुप्ता पुत्री जेसिका के साथ, श्रीमती संगीता गुप्ता, श्री अमित गुप्ता, श्रीमती रागिनी गुप्ता, श्रीमती शशि काला गुप्ता अपनी पुत्री प्रिया गुप्ता, श्रीमती जमवाती गुप्ता एवं श्रीमती शशि प्रभा गुप्ता के साथ आदि सम्मिलित रहे।तत्पश्चात बैठक को श्री विपिन गुप्ता एवं श्री संजय कुमार जी ने अपने आशीर्वचन एवं प्रेरणादायक संबोधन से गौरवान्वित किया। दोनों महानुभावों ने समाज को एकजुट बनाए रखने, आपसी प्रेम, सद्भाव और सहयोग बढ़ाने की दिशा में अपने बहुमूल्य विचार साझा किए। सभी उपस्थितजनों ने इस विषय पर गहन चर्चा की कि कैसे हम अपने समाज को और अधिक सशक्त बनाकर उसे शिखर की ऊंचाइयों तक पहुंचा सकते हैं।कार्यक्रम के अंत में सभी ने मिलकर स्वादिष्ट भोजन का आनंद लिया और आपस में मिलनसारिता के वातावरण में सामूहिक फोटो सेशन कराया। विदाई के समय समाज की ओर से सभी परिवारों को एक छोटा-सा उपहार भेंट कर इस सुखद बैठक का समापन किया गया।यह कार्यक्रम आपसी प्रेम, सौहार्द और संगठनात्मक मजबूती का एक सशक्त उदाहरण बनकर सबके हृदय में एक अमिट स्मृति छोड़ गया।

# आतंकी हमले पर सपा नेताओं के बयान पाक प्रवक्ता जैसे लग रहे हैं: योगी



**लखनऊ,** (भाषा) उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को समाजवादी पार्टी ( पर निशाना साधते हुए कहा कि आतंकी हमले पर सपा नेताओं के बयान पाकिस्तान प्रवक्ता के लग रहे हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को देवरिया में एक जनसभा को संबोधित करते हुए जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले का जिक्र करते हुए यह टिप्पणी की। पहलगाम के बैसरन में हुए जघन्य हमले में 26 लोगों की मौत हो गयी, जिनमें से अधिकतर पर्यटक थे। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री ने सभा के दौरान 676 करोड़ की 501 परियोजनाओं में से 341 परियोजनाओं का लोकार्पण और 160 परियोजनाओं का शिलान्यास किया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले पर समाजवादी पार्टी के नेताओं के काफी शर्मनाक बयान सामने आए हैं। उन्होंने कहा कि सपा नेताओं के बयान से यह पता लगाने में काफी मुश्किल हो रही है कि वह सपा के नेता का बयान है या फिर पाकिस्तान का प्रवक्ता बयान दे रहा है। योगी ने अखिलेश यादव पर तंज कसते हुए कहा कि आतंकवादियों ने कानुपर के रहने वाले शुभम द्विवेदी की निर्मम हत्या कर दी और जब पत्रकारों ने सपा अध्यक्ष से उनके (शुभम) घर पर न जाने की वजह पूछी तो यादव ने जवाब दिया कि वह हमारी पार्टी का नहीं था। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बयान काफी दुर्भाग्यपूर्ण और शर्मनाक है। योगी ने कहा कि पूरा देश पार्टी लाइन से ऊपर उठकर घटना की निंदा कर रहा है और सपा के नेता दुर्भाग्यपूर्ण बयान दे रहे हैं। योगी ने सपा पर आरोप लगाया कि पार्टी का एक राष्ट्रीय महासचिव बयान देता है कि हिंदू ने ही हिंदू को मारा यानी पाकिस्तान को क्लीन चिट देने की कुत्सित चेष्टा की जा रही है।

मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि सपा और कांग्रेस के नेता जातिवाद, विभाजनकारी और तुष्टिकरण की राजनीति करते हैं। उन्होंने कहा कि आतंकवाद और नक्सलवाद के खिलाफ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है तथा पूरा देश एक स्वर में आतंकवाद के खिलाफ खड़ा है।

## कांग्रेस और सपा के कार्यकाल के दौरान उनके एजेंडे में देश व आम जनता नहीं थी: मुख्यमंत्री

**गोरखपुर,** (भाषा) उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को आरोप लगाया कि २014 से पहले कांग्रेस के एजेंडे में देश नहीं था और राज्य में २017 से पहले समाजवादी पार्टी (सपा) के एजेंडे में आम जनता नहीं थी। आदित्यनाथ ने गोरखपुर के चरगावां में 9.89 करोड़ रुपये की लागत से २00 टन प्रति दिन (टीपीडी) क्षमता वाले कूड़ा स्थानांतरण स्टेशन (जीटीएस) के उद्घाटन के बाद एक सभा को संबोधित करते हुए कहा, "२014 से पहले सरकार (कांग्रेस नीत संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन) के एजेंडे में देश नहीं था और २017 से पहले राज्य में सरकार (सपा) के एजेंडे में आम जनता नहीं थी।" मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके (कांग्रेस और सपा) द्वारा हर काम को वोट के नजरिए से देखा जाता था इसलिए देश और प्रदेश की जो दुर्गति हुई है, वह सबके सामने है। योगी ने कहा, "ये वो लोग हैं, जो सत्ता में रहते हुए कुछ नहीं कर पाए। काम करने के लिए दृष्टिकोण की जरूरत होती है, दृष्टिकोण को जमीनी स्तर पर लागू करने के लिए इच्छाशक्ति की जरूरत होती है और इच्छाशक्ति के साथ-साथ ईमानदारी की भी जरूरत होती है।" उन्होंने यह भी कहा कि समग्र दृष्टिकोण को परिणाम में बदलने के लिए मिलकर काम करने की जरूरत होती है। मुख्यमंत्री ने कहा, "लेकिन, जहां एक परिवार को ही देश माना जाता है, जहां एक परिवार को ही सब कुछ माना जाता है, वहां उनसे यह उम्मीद करना कि वे कुछ भी करेंगे, अपने आप में 'बेईमानी' है।" उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी द्वारा राज्य के साथ और कांग्रेस व उसके सहयोगियों द्वारा देश के साथ यह अन्याय किया जा रहा था। योगी ने कहा, "इसी का नतीजा है कि एक बारिश में पूरा शहर पानी से भर जाता था। मच्छरों की भरमार थी, कूड़े के ढेर लगे रहते थे और 15 जून के बाद हर घर में 'इंसेफेलाइटिस' का आतंक छा जाता था। आज कूड़ा स्थानांतरिक स्टेशन बन गया है। आज ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और तरल अपशिष्ट प्रबंधन के लिए बेहतर प्रयास हो रहे हैं।"

# न्यायालय ने 'बिल्डर-बैंक की साठगांठ' से घर खरीददारों से धोखाधड़ी के दावों पर सीबीआई जांच के आदेश दिए

नयी दिल्ली, (भाषा) उच्चतम न्यायालय ने आवास खरीदारों से धोखाधड़ी करने के लिए बैंकों और रियल एस्टेट डेवलपर्स के बीच 'नापाक' गठजोड़ का उल्लेख करते हुए मंगलवार को सीबीआई को सुपरटेक लिमिटेड सहित एनसीआर के बिल्डरों के खिलाफ सात प्रारंभिक जांच दर्ज करने का निर्देश दिया।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने प्रथम दृष्टया पाया कि नोएडा, गुरुग्राम, यमुना एक्सप्रेसवे, ग्रेटर नोएडा, मोहाली, मुंबई, कोलकाता और इलाहाबाद में बैंकों और बिल्डरों के बीच साठगांठ है। पीठ ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दाखिल हलफनामे का संज्ञान लिया और उत्तर प्रदेश, हरियाणा के पुलिस महानिदेशकों (डीजीपी) को विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित करने के लिए पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी), निरीक्षक, कांस्टेबल की सूची एजेंसी को देने का निर्देश दिया। शीर्ष अदालत ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण, नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ)/प्रशासकों, आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय के सचिव, भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को निर्देश दिया कि वे एसआईटी को आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए एक सप्ताह के भीतर अपने वरिष्ठतम अधिकारियों में से एक नोडल अधिकारी को नामित करें।

# कांग्रेस की विशेष संसद सत्र की मांग खरगे और राहुल ने लिखा प्रधानमंत्री को पत्र



नयी दिल्ली, (भाषा) कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से आग्रह किया है कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद पैदा हुए हालत के मद्देनजर संसद के दोनों सदनों का विशेष सत्र जल्द से जल्द बुलाया जाए ताकि आतंकवाद के खिलाफ देश के सामूहिक संकल्प और इच्छाशक्ति को व्यक्त किया जा सके।

पार्टी अध्यक्ष और राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे तथा लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोमवार रात प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर यह आग्रह किया।

पत्र में खरगे ने कहा, ''इस समय, जब एकता और एकजुटता जरूरी है, विपक्ष का मानना है कि जल्द से जल्द संसद के दोनों सदनों का विशेष सत्र बुलाया जाए। यह 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम में निर्दोष नागरिकों पर हुए क्रूर आतंकवादी हमले से निपटने के लिए हमारे सामूहिक संकल्प और इच्छाशक्ति की एक दृढ़ अभिव्यक्ति होगी।'' उन्होंने कहा, ''हमें आशा है कि सत्र बुलाया जाएगा।''

राहुल गांधी ने पत्र 'एक्स' पर साझा करते हुए कहा कि इस महत्वपूर्ण समय में भारत को यह दिखाना होगा कि ''हम आतंकवाद के खिलाफ हमेशा एक साथ खड़े हैं।'' उन्होंने पत्र में कहा, ''पहलगाम में हुए आतंकी हमले से हर भारतीय आक्रोशित है। इस महत्वपूर्ण समय में भारत को यह दिखाना होगा कि हम आतंकवाद के खिलाफ हमेशा एक साथ खड़े रहेंगे। विपक्ष का मानना है कि संसद के दोनों सदनों का विशेष सत्र बुलाया जाना चाहिए, जहां जनता के प्रतिनिधि अपनी एकता और दृढ़ संकल्प दिखा सकें।''

कांग्रेस नेता ने कहा, ''हमारा अनुरोध है कि विशेष सत्र जल्द से जल्द बुलाया जाए।''

कांग्रेस से पहले राष्ट्रीय जनता दल, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी और निर्दलीय सांसद कपिल सिब्बल भी पहलगाम हमले को लेकर संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग कर चुके हैं।

गत 22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 लोग मारे गए थे। मारे गए लोगों में ज्यादातर पर्यटक थे।

# कनाडा: पंजाब के आप नेता की पुत्री का शव बरामद, तीन दिन से थी लापता

**ओटावा/चंडीगढ़,** (भाषा) कनाडा के ओटावा में तीन दिन पहले लापता हो गई आम आदमी पार्टी (आप) की पंजाब इकाई के एक नेता की 21 वर्षीय पुत्री मृत पाई गई है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

ओटावा स्थित भारतीय उच्चायोग ने सोमवार को मोहाली के आप नेता दविंदर सैनी की बेटी वंशिका सैनी की मौत की पुष्टि की। वंशिका डेरा बस्सी में सीनियर सेकेंडरी की पढ़ाई पूरी करने के बाद उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए दो साल पहले कनाडा गई थी। भारतीय उच्चायोग ने एक पोस्ट में कहा, ''ओटावा में भारतीय छात्रा वंशिका की मौत की सूचना से हमें गहरा दुःख हुआ है। संबंधित अधिकारी मामले की जांच कर रहे हैं।''

# 'जश्नजीवी भाजपाई' को सुरक्षा मिलती है, लेकिन पर्यटकों को क्यों नहीं: अखिलेश यादव



**लखनऊ,** (भाषा) समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने पहलगाम आतंकी हमले को लेकर भारतीय जनता पार्टी नीत केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए मंगलवार को सवाल किया कि 'जश्नजीवी भाजपाई' को सुरक्षा मिलती है लेकिन पर्यटकों को सुरक्षा क्यों नहीं मिली।

उन्होंने सरकार पर सार्वजनिक सुरक्षा से ज्यादा वीआईपी सुरक्षा को प्राथमिकता देने का आरोप लगाया। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत हो गई थी, जिनमें ज्यादातर पर्यटक थे। सपा प्रमुख यादव ने मंगलवार को 'एक्स' एक लंबे पोस्ट में कहा, "पूछता है पहलगाम का पर्यटक.... खतरों के बीच मेरी रक्षा करनेवाला कोई वहां क्यों नहीं था?" उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में गुजरात के ठग किरण पटेल का नाम लिए बिना सरकार की सुरक्षा नीतियों पर सवाल उठाए।

पटेल ने खुद को प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) का कथित तौर पर अधिकारी बताकर पूरी सुरक्षा के तहत कश्मीर का दौरा किया था।

सपा प्रमुख ने सवाल किया, "कुछ ऐसे व्यक्ति, जो बाद में धोखेबाज निकलते हैं, उन्हें सरकार द्वारा इतनी कड़ी और व्यापक सुरक्षा क्यों दी जाती है? कुछ ऐसे लोगों को सरकार की ओर से चाक-चौबंद सुरक्षा घेरा क्यों दिया जाता है जो बाद में ठग साबित होते हैं?"

पटेल को पिछले वर्ष मार्च में कश्मीर के अपने तीसरे दौरे पर श्रीनगर के एक होटल से गिरफ्तार किया गया था। कन्नौज से सांसद अखिलेश यादव ने संवेदनशील क्षेत्रों में व्यक्तियों की पृष्ठभूमि की जांच पर भी संदेह जताया और कहा कि कोई भी व्यक्ति उचित जांच के बिना उच्च सुरक्षा वाले क्षेत्रों में प्रवेश कैसे कर सकता है? उन्होंने सत्तारूढ़ पार्टी पर कटाक्ष करते हुए कहा, "जब 'जश्नजीवी भाजपाई' यहां विवादित निजी कार्यक्रम आयोजित करते हैं तो लगभग 250 वीवीआईपी के लिए हजारों सुरक्षाकर्मियों के कई घेरे बना दिये जाते हैं, वह भी उनके निजी कार्यक्रम में, जिनका काम किसी और के शब्दों को स्वर देना है। जिनका स्वयं कोई अस्तित्व नहीं है, जो अदालत तक की अवमानना करते हैं, ऐसे लोगों को सुरक्षा किस आधार पर मिलती है और पर्यटकों को सुरक्षा क्यों नहीं मिली?" यादव का संकेत 22 अप्रैल को हुए हमले से कुछ दिन पहले कश्मीर के गुलमर्ग में भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के कड़ी सुरक्षा में हुए कथित भव्य पारिवारिक कार्यक्रम की ओर था।

स्वामी वी.पी.एल. मीडिया प्रा. लि. के लिए प्रकाशक व मुद्रक वेंकटेश गुप्ता द्वारा आर.डी प्रिंटर्स एवं पब्लिशर्स प्रा. लि. ए-41, सेक्टर 8, नोयडा, गौतमबुद्ध नगर से मुद्रित व फ्लैट सं. 7, एस 561, ग्रेटर कैलाश पार्ट 2, नई दिल्ली 110048 से प्रकाशित। DELHIN/2015/65411, संपादक: विपिन कुमार गुप्ता।
संपादकीय कार्यालय- फ्लैट सं. 7, एस 561, ग्रेटर कैलाश पार्ट 2, नई दिल्ली 110048, ईमेल -news.vpl@gmail.com फोन नं.-011 49066569। प्रसार व विज्ञापन विभाग -ईमेल vplmedia@yahoo.com, समस्त विवाद के लिए न्याय क्षेत्र नई दिल्ली ही मान्य होगा।